वर्ष 10 अंक 307
पृष्ठ 12
नई दिल्ली, गुरुवार
14 अगस्त 2025
मूल्य: 4 रुपये

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/2015/65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 रेल मंत्रालय ने स्टेशन पर एकल ब्रांड प्रीमियम स्टोर खोलने... | 06 तालिबानी शासन बनाम स्त्री अधिकार* ऋषभदेव शर्मा | 11 रोहित आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे







# राजस्थान में पिकअप वैन के ट्रक से टकराने से उत्तर प्रदेश के 11 लोगों की मौत; राष्ट्रपति ने जताया दुख

**जयपुर**, (भाषा) राजस्थान के दौसा जिले में बुधवार तड़के एक पिकअप वैन के एक खड़े ट्रक से टकरा जाने से सात बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई तथा आठ अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

दौसा के पुलिस अधीक्षक सागर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि पिकअप वाहन में सवार लोग खाटू श्याम और सालासर बालाजी मंदिरों के दर्शन करने के बाद उत्तर प्रदेश के एटा स्थित अपने गांव लौट रहे थे, तभी मनोहरपुर राजमार्ग पर सुबह करीब चार बजे यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि हादसे में सात बच्चों और चार महिलाओं की मौत हो गई।

दौसा के पुलिस उपाधीक्षक रविप्रकाश शर्मा ने बताया कि मृतकों की पहचान पूर्वी (छह), लक्ष्य (छह), वैष्णवी (सात), महक (सात), सलोनी (नौ), मिष्ठी (एक), बाबू (तीन), प्रियंका (25), शीलादेवी (28), सीमा (25) और सोनम (32) के रूप में हुई है।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पिकअप वाहन में 20 लोग सवार थे, जब यह राजमार्ग की सर्विस लेन पर खड़े ट्रक से टकरा गया। उन्होंने बताया कि आठ घायलों में से एक की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि हादसे का शिकार हुए लोग खाटू श्याम और सालासर बालाजी मंदिर के दर्शन करने के बाद उत्तर प्रदेश के एटा स्थित अपने गांव लौट रहे थे।



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए जानमाल के नुकसान को बेहद दुखद बताया और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

मुर्मू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, '' दौसा, राजस्थान में हुई सड़क दुर्घटना में महिलाओं और बच्चों समेत अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार बहुत ही दुखद है। मैं शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहन संवेदना व्यक्त करती हूं। मैं इस दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करती हूं।''

जयपुर के सवाई मानसिंह चिकित्सालय (एसएमएस) में कुछ घायलों को लाया गया था। एसएमएस के डॉ. अनुराग धाकड़ ने कहा, ''तीन महिलाओं और तीन बच्चों सहित लगभग 10 घायलों को यहां लाया गया था। इनमें से एक महिला, सीमा देवी की मृत्यु हो गई, जबकि उनके पति मनोज आईसीयू में हैं।'' धाकड़ ने बताया कि तीन मरीजों के सिर में चोटें आईं, जबकि तीन बच्चों में से एक की हालत गंभीर है।

इस बीच, एटा के असरौली गांव में जब खबर आई कि राजस्थान में हुए सड़क हादसे में उसके 11 निवासी मारे गए तो गांव में सन्नाटा छा गया।

एटा के जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों के साथ शोक संतप्त परिवारों से मिलने गए और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना देने के लिए असरौली में नेताओं, शुभचिंतकों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हुई।

सिंह ने कहा, ''हमने पीड़ितों के परिजनों की सहायता के लिए एटा से दौसा एक टीम भेजी है। शवों को एटा वापस लाया जाएगा।''

इस त्रासदी को देखते हुए, लोधी महासभा ने 16 अगस्त को एटा में होने वाली वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी शोभायात्रा स्थगित कर दी है। राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुर्घटना में लोगों के हताहत होने पर दुख व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा, ''दौसा में भीषण सड़क हादसे में जनहानि का समाचार अत्यंत दुःखद है। जिला प्रशासन को घायलों का त्वरित एवं समुचित उपचार सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।''

एक आधिकारिक बयान में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी इस दुखद दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और अन्य नेताओं ने भी दुर्घटना पर दुख जताया है।

# जम्मू-कश्मीर: दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में महिला, बच्चे समेत चार लोगों की मौत

**जम्मू**, (भाषा) जम्मू-कश्मीर के सांबा और राजौरी जिलों में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो विद्यार्थियों, एक महिला और उसके दो साल के बेटे की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज निवासी सनी कुमार (19) व छत्तीसगढ़ के बिलासपुर निवासी जोगिंदर कुमार (19) दोनों 12वीं कक्षा के छात्र थे।

अधिकारियों ने बताया कि बुधवार अपराह्न दो बजकर 40 मिनट पर सांबा के सरोर अड्डा के पास एक स्कूल बस ने सनी और जोगिंदर की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद स्कूल बस का चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। अधिकारियों ने बताया कि सनी और जोगिंदर के माता-पिता बारी ब्राह्मण औद्योगिक क्षेत्र में काम करते हैं और दोनों लड़के दुर्घटना के समय सांबा जा रहे थे। उन्होंने बताया कि बस चालक को पकड़ने और गिरफ्तार करने के लिए तलाश जारी है।



अधिकारी ने बताया कि चालक कथित रूप से लापरवाही से बस चला रहा था। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य दुर्घटना में मंगलवार रात को राजौरी जिले में एक 'एसयूवी' के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से वाहन में सवार एक महिला और उसके दो साल के बेटे की मौत हो गई। । उन्होंने बताया कि 'एसयूवी' चला रहा महिला का पति लापता है और उसकी तलाश जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना लाठी गांव के पास उस समय हुई जब महिंद्रा एक्सयूवी 300 गाड़ी मौघला से खवास की ओर जा रही थी। वाहन में तीन लोग सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मियों ने ललिता देवी (25) और उसके दो साल के बेटे को मृत पाया, जबकि ललिता के पति बलजीत सिंह का कोई पता नहीं चल पाया है। उन्होंने बताया कि व्यक्ति का पता लगाने के प्रयास जारी हैं।







SIGNATUREGLOBAL (INDIA) LIMITED
CIN NO.: L70100DL2000PLC104787
7053-121-121


## न्यूज ब्रीफ

### पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द; शीर्ष अदालत ने एक सप्ताह में आत्मसमर्पण को कहा

नयी दिल्ली, (भाषा) उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी के छत्रसाल स्टेडियम में पहलवान सागर धनखड़ की हत्या के मामले में ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार की जमानत बुधवार को रद्द कर दी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के चार मार्च के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें कुमार को जमानत दी गई थी। ओलंपिक पदक विजेता को एक सप्ताह के भीतर आत्मसमर्पण करने को कहा गया है। उच्चतम न्यायालय का यह आदेश सागर धनखड़ के पिता अशोक धनखड़ द्वारा दायर की गई उस अपील पर आया है जिसमें उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के कुमार को जमानत देने के आदेश को चुनौती दी थी। कुमार और अन्य पर एक कथित संपत्ति विवाद को लेकर मई २०२१ में धनखड़ पर छत्रसाल स्टेडियम में जानलेवा हमला करने का आरोप है।

# निर्वाचन आयोग ने मुजफ्फरपुर की महापौर को दो मतदाता पहचान पत्र रखने के लिए नोटिस जारी किया

**पटना**, (भाषा) निर्वाचन आयोग ने बुधवार को बिहार के मुजफ्फरपुर की महापौर और भाजपा नेता निर्मला देवी को कथित तौर पर दो मतदाता पहचान पत्र रखने के मामले में नोटिस जारी किया और उनसे 16 अगस्त तक जवाब देने को कहा। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

निर्वाचन आयोग ने देवी के दो रिश्तेदारों- मनोज कुमार और दिलीप कुमार, को भी नोटिस भेजे हैं, जिनके पास भी कथित तौर पर उसी विधानसभा क्षेत्र के दो बूथ के मतदाता पहचान पत्र हैं। इससे पहले, राजद नेता तेजस्वी यादव ने मुजफ्फरपुर की महापौर और उनके दो रिश्तेदारों पर 'दो मतदाता पहचान पत्र रखने' का आरोप लगाया था।

अधिकारी ने बताया, ''मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (ईआरओ) ने निर्मला देवी और उनके दो रिश्तेदारों को नोटिस भेजकर उनसे दो मतदाता पहचान पत्र रखने के मुद्दे पर 16 अगस्त तक जवाब देने को कहा है।''



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को निर्वाचन आयोग पर ''वोट चोरी'' करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ ''मिलीभगत'' का आरोप लगाया। बिहार में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग भाजपा नेताओं को दो मतदाता पहचान पत्र हासिल करने में मदद कर रहा है।

भाजपा ने इन आरोपों को ''गलत और भ्रामक'' बताया है।

यादव ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया, ''यह सच है कि निर्वाचन आयोग (ईसी) आगामी विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में वोट चोरी के लिए भाजपा के साथ सांठगांठ कर रहा है। वास्तव में, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआती प्रक्रिया के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची को वोट की 'डकैती' कहा जाना चाहिए। निर्वाचन आयोग राज्य में भाजपा नेताओं को दो मतदाता पहचान पत्र हासिल करने में मदद कर रहा है।''

राजद नेता ने आरोप लगाया, ''आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की संभावित उम्मीदवार मुजफ्फरपुर की महापौर, मसौदा मतदाता सूची के अनुसार एक विधानसभा क्षेत्र के दो अलग-अलग बूथ से संबंधित दो मतदाता पहचान पत्र रखती हैं। उनके पास आरईएम1251917 और जीएसबी1835164 नंबर के दो ईपीआईसी (फोटो मतदाता पहचान पत्र) हैं। उनके मतदाता पहचान पत्र में दो अलग अलग उम्र दर्ज है।''

# निर्वाचन आयोग ने बिहार में वोट 'चोरी' के लिए भाजपा के साथ 'मिलीभगत' की: तेजस्वी

**पटना**, (भाषा) राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को निर्वाचन आयोग पर ''वोट चोरी'' करने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ ''मिलीभगत'' का आरोप लगाया। बिहार में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग भाजपा नेताओं को दो मतदाता पहचान पत्र हासिल करने में मदद कर रहा है। भाजपा ने इन आरोपों को ''गलत और भ्रामक'' बताया है।

यादव ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया, ''यह सच है कि निर्वाचन आयोग (ईसी) आगामी विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में वोट चोरी के लिए भाजपा के साथ सांठगांठ कर रहा है। वास्तव में, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की शुरुआती प्रक्रिया के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित मसौदा मतदाता सूची को वोट की 'डकैती' कहा जाना चाहिए। निर्वाचन आयोग राज्य में भाजपा नेताओं को दो मतदाता पहचान पत्र हासिल करने में मदद कर रहा है।''

राजद नेता ने मुजफ्फरपुर की महापौर निर्मला देवी पर दोहरे मतदाता पहचान पत्र रखने का आरोप लगाया। यादव ने आरोप लगाया, ''आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की संभावित उम्मीदवार मुजफ्फरपुर की महापौर, मसौदा मतदाता सूची के अनुसार एक विधानसभा क्षेत्र के दो अलग-अलग बूथ से संबंधित दो मतदाता पहचान पत्र रखती हैं। उनके




पास आरईएम1251917 और जीएसबी1835164 नंबर के दो ईपीआईसी (फोटो मतदाता पहचान पत्र) हैं। उनके मतदाता पहचान पत्र में दो अलग अलग उम्र दर्ज है।'' राजद नेता ने यह भी दावा किया कि उन्होंने निश्चित रूप से ''एसआईआर के प्रथम चरण के दौरान दो अलग-अलग गणना प्रपत्र भरे होंगे''।

उन्होंने आरोप लगाया, ''उन्होंने जरूर दो अलग-अलग फॉर्म पर हस्ताक्षर किए होंगे। निर्वाचन आयोग ने पुष्टि की है कि महापौर ने खुद इन दो अलग-अलग फॉर्म पर हस्ताक्षर किए हैं। हैरानी की बात यह है कि उनके परिवार के दो सदस्यों के पास भी एक ही विधानसभा क्षेत्र के दो अलग-अलग बूथ पर अलग-अलग दो मतदाता पहचान पत्र हैं।''

यादव ने निर्वाचन आयोग पर ''भाजपा के लिए कई फर्जी मतदाता बनाने में मदद करने'' का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''जब निर्वाचन आयोग खुद एक ही निर्वाचन क्षेत्र में ऐसा कर रहा है, तो 'एसआईआर' का क्या मतलब है? इसका मतलब है कि निर्वाचन आयोग एक ही घर में भाजपा समर्थकों के लिए कई फर्जी मतदाता बनाने में मदद कर रहा है। चूंकि वह मुजफ्फरपुर से भाजपा की संभावित उम्मीदवार हैं, इसलिए निर्वाचन आयोग उनके पक्ष में फर्जी मतदाता बनाने में उनकी मदद कर रहा है?''

यादव ने दावा किया कि बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के पास भी मसौदा मतदाता सूची में दो विधानसभा क्षेत्रों के दो मतदाता पहचान पत्र पाए गए। यादव के दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए सिन्हा ने बुधवार को संवाददाताओं से कहा, ''तेजस्वी मेरे खिलाफ झूठे और भ्रामक आरोप लगा रहे हैं। वह बस मेरी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।'' उन्हें (यादव को) अपने दस्तावेज दिखाने चाहिए, क्योंकि उन्होंने दो अलग-अलग जन्मतिथियां दी हैं। मेरे खिलाफ झूठे और बेबुनियाद आरोप लगाने के लिए मैं उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगा।

यादव ने यह भी आरोप लगाया, ''अब गुजरात के निवासी बिहार में मतदाता बन गए हैं। गुजरात निवासी, भाजपा की बिहार इकाई के प्रभारी भीखूभाई दलसानिया पटना के मतदाता बन गए हैं। उन्होंने पिछले लोकसभा चुनाव में गुजरात में मतदान किया था। पिछले कुछ साल से वह (भाजपा नेता) जगह बदलकर मतदान कर रहे हैं।''

# अमेरिकी शुल्क का प्रभाव छह महीने से ज्यादा टिकने वाला नहीं: सीईए नागेश्वरन



**मुंबई, (भाषा)** मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी. अनंत नागेश्वरन ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी शुल्क से जुड़ी चुनौतियां ज्यादा टिकने वाली नहीं है और एक या दो तिमाहियों में समाप्त हो जाएंगी।

उन्होंने यह भी कहा कि देश अन्य दीर्घकालिक चुनौतियों से जूझ रहा है और उन्होंने इससे निपटने के लिए निजी क्षेत्र से और अधिक प्रयास करने का आग्रह किया। नागेश्वरन ने वित्त वर्ष 2024-25 में वृद्धि दर में आई नरमी के लिए कर्ज से जुड़ी कड़ी स्थिति और नकदी की समस्याओं को जिम्मेदार ठहराया। वृद्धि दर वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5 प्रतिशत रही जो एक साल पहले 9.2 प्रतिशत थी।

नागेश्वरन ने कहा कि सही कृषि नीतियां वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि में 25 प्रतिशत की वृद्धि कर सकती हैं।

उन्होंने अमेरिकी शुल्क के बारे में कहा कि रत्न एवं आभूषण, झींगा और वस्त्र जैसे क्षेत्रों पर पहले चरण का प्रभाव पड़ने के बाद दूसरे और तीसरे चरण के प्रभाव पड़ेंगे। उनसे निपटना 'अधिक कठिन' होगा।

नागेश्वरन ने कहा कि सरकार स्थिति से अवगत है और प्रभावित क्षेत्रों के साथ बातचीत शुरू हो चुकी है। आने वाले दिनों में नीति निर्माताओं की प्रतिक्रिया मिलेगी, लेकिन लोगों को धैर्य रखना होगा। इस महीने के अंत में व्यापार वार्ता के लिए अमेरिकी अधिकारियों के भारत आने की अटकलों के बीच उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच अलास्का में होने वाली आगामी बैठक इस वार्ता के नतीजों को प्रभावित कर सकती है।

उन्होंने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता के बारे में कोई भी विवरण देने से इनकार करते हुए कहा कि इस समय विश्व स्तर पर हालात बहुत अस्थिर हैं और संबंध सहयोग से गतिरोध की ओर बढ़ रहे हैं।

मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क के प्रभाव के बारे में कहा, ''मेरा मानना है कि मौजूदा स्थिति एक या दो तिमाहियों में सुधर जाएगी। मुझे नहीं लगता कि दीर्घकालिक दृष्टिकोण से, भारत पर इसका कोई खास प्रभाव पड़ेगा, लेकिन अल्पावधि में इसका कुछ असर जरूर होगा।'' नागेश्वरन ने कहा कि कोई भी यह अनुमान नहीं लगा सकता कि राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत पर उच्च शुल्क लगाने का फैसला क्यों किया। उन्होंने कहा कि क्या यह ऑपरेशन सिंदूर का नतीजा है या इससे भी ज्यादा रणनीतिक। हालांकि, मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि शुल्क संबंधी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने से हमें कृत्रिम मेधा के प्रभाव, महत्वपूर्ण खनिजों के लिए एक देश पर निर्भरता और उनके प्रसंस्करण तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने सहित अधिक 'महत्वपूर्ण चुनौतियों' से अनजान नहीं रहना चाहिए।

## भारत का अमेजन की वृद्धि में बड़ा योगदान

**नयी दिल्ली, (भाषा)** दिग्गज ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने बुधवार को कहा कि भारत कंपनी की दीर्घकालिक वृद्धि में सबसे बड़े योगदानकर्ताओं में से एक बनने की राह पर है।

कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही। अमेजन के भारतीय कारोबार प्रमुख समीर कुमार ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि उनकी कंपनी भारत में अपने निवेश एवं ध्यान को दोगुना कर रही है और अरबों डॉलर का निवेश कर रही है।

कुमार ने कहा कि भारत में ऑनलाइन उपभोग की प्रवृत्ति अभी बहुत गहरी नहीं हुई है जिससे कंपनी के लिए 'बहुत बड़ा अवसर' मौजूद है। उन्होंने बताया कि अमेजन वर्ष 2025 में ही करीब 2,000 करोड़ रुपये का निवेश भारतीय परिचालन पर करेगी। कंपनी वर्ष 2030 तक भारत में कुल 26 अरब डॉलर निवेश की योजना पहले ही घोषित कर चुकी है।

# वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ सेंसेक्स 304 अंक चढ़ा, निफ्टी भी बढ़त में पहुंची



**मुंबई, (भाषा)** स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 304 अंक के लाभ में रहा। अमेरिका में महंगाई दर स्थिर रहने के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ धातु, वाहन और औषधि कंपनियों के शेयरों में लिवाली से घरेलू बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 304.32 अंक यानी 0.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ 80,539.91 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 448.15 अंक तक चढ़ गया था।

वहीं 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 131.95 अंक यानी 0.54 प्रतिशत बढ़कर 24,619.35 पर पहुंच गया। विश्लेषकों ने कहा कि जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति के आठ साल के निचले स्तर 1.55 प्रतिशत पर आने से घरेलू शेयर बाजार पर सकारात्मक असर हुआ।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारतीय शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख देखने को मिला। इसका कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के आठ साल के निचले स्तर पर पहुंचना है। इससे वाहन और धातु शेयरों की अगुवाई में सोच-विचार कर खर्च से जुड़े क्षेत्रों में सुधार की उम्मीद बढ़ी है। वैश्विक स्तर पर, चीन पर शुल्क लगाये जाने की समय सीमा बढ़ाए जाने और तेल की कीमतों में नरमी से धारणा में सुधार हुआ। उन्होंने कहा, ''डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार रुख और वैश्विक जोखिमों को लेकर अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत की वृद्धि-मुद्रास्फीति की स्थिति वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अनुकूल बनी हुई है। शुल्क पर स्थिति अद्यतन होने के आधार पर मामूली गिरावट का जोखिम बना हुआ है। भारत 15 अगस्त को होने वाली ट्रंप-पुतिन बैठक का इंतजार कर रहा है।''

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, इटर्नल, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा मोटर्स और पावर ग्रिड लाभ में रहे।

# डेढ़ लाख राखी लिफाफे बिक्री कर बनारस परिक्षेत्र ने बनाया यूपी में नया रिकॉर्ड



नेशनल एक्सप्रेस, ब्यूरो

भारतीय डाक विभाग बनारस परिक्षेत्र ने राखी के त्यौहार पर विशेष राखी लिफ़ाफ़े की बिक्री की और एक नए आसमान की बुलंदियों को छूते हुए एक लाख पचास हज़ार एक सो बावन राखी लिफ़ाफ़े का निर्माण किया है।

कर्नल विनोद कुमार पी एम जी वाराणसी ने बताया कि पिछले साल पूरे वाराणसी परिक्षेत्र में केवल दो हज़ार नौ सौ राखी लिफाफ़ों की बिक्री हुई थी लेकिन इस वर्ष हमने लक्ष्य को बड़ा कर दिया। प्रणव कुमार चीफ पोस्टमास्टर जनरल उत्तर प्रदेश ने बताया कि बनारस में आसमान को छूने वाले रिकॉर्ड की तुलना किसी भी अन्य स्तर पर नहीं की जा सकेगी क्यूंकि बनारस ने पूरे उत्तर प्रदेश में किसी भी परिक्षेत्र से इतनी बड़ी संख्या में राखी लिफाफे बिक्री की है जो उत्तर प्रदेश के सभी परिक्षेत्रओं की कुल संख्या से ज़्यादा है।

कर्नल विनोद ने अपने संबोधन में कहा कि जब उनको पता चला कि बीते साल सिर्फ़ दो हज़ार नों सौ राखी लिफ़ाफ़े डाकघरों में बिक्री हुए थे तो उन्होंने इस अवसर को एक चुनौती के तौर पर स्वीकार किया और साथ ही स्टाफ के सदस्यों के लिए एक मार्केटिंग प्रबंधन मॉडल का इम्तहान के रूप में इस्तेमाल करने का फ़ैसला किया। इस मार्केटिंग टेक्नीक सिखाने के लिए उन्होंने अपने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रत्येक डाकघर के लिए लक्ष्य निर्धारित करने के स्थान पर हर स्टाफ सदस्य की भागीदारी सुनिश्चित करने को निर्देश दिए। उन्होंने अपनी टीम को बड़ा लक्ष्य सोचने के लिए प्रोत्साहित किया और एक लाख से अधिक का टारगेट दिया।


कोर ग्रुप के सदस्यों में परमानंद सहायक निदेशक, अतुल सहायक निदेशक, पल्लवी सहायक अधीक्षक, विपिन सहायक अधीक्षक और सौरभ सहायक शामिल किए गए। सभी 1729 डाकघरो के सभी कर्मचारियों को उनके क्षेत्र के विभिन्न पैमानो जैसे हॉस्टल और कॉलेज एवं स्कूलों की संख्या को ध्यान में रखते हुए टारगेट दिए गए। साथ ही अन्य प्रशासनिक कार्यलयों के स्टाफ को मॉनिटरिंग की ज़िम्मेदारी सौंपी गई।

कर्नल विनोद ने बताया कि प्रत्येक दिन सभी डाकघरों में बिक्री पर विशेष निगरानी रखी गई और जहाँ जहाँ कुछ कमी पाई गई वहाँ विशेष सलाह दी गई । उनके अनुसार इस अभियान को तेज गति देने के लिए एक विशेष वीडियो क्लिप तैयार की गई जिसमें सुश्री पल्लवी ने विभिन्न स्लोगन लिखे और प्रत्येक मंडल के काउंटरों पर फ्लेक्स बैनर लगाकर प्रचार प्रसार किया गया।

इंडिया पोस्ट के एंबेसडर पोस्टमैन ने इस अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए बड़ी संख्या में राखी लिफाफे की माँग को पूरा किया।

इस अपार सफलता के लिए बधाई देने के लिए कर्नल विनोद ने वाराणसी परिक्षेत्र कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित किया और अभियान से जुड़े सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। उन्होंने सुश्री पल्लवी सहायक अधीक्षक को एक विशेष पुरस्कार प्रदान करते हुए उन्हें सम्मानित किया।

# विनोबा के जीवन में अब रामहरि ही शेष है : बाबा विनोबा



बाबा कहते थे कि जैसे रामदास स्वामी ने कहा कि श्रीराम मंत्र खुला है। वैसे ही बाबा कहता है कि स्वांस लेते समय राम कहकर बाहर की हवा अंदर लें और हरि कहकर हवा बाहर छोड़े। जब अंदर हवा को लेते हैं इससे राम अंदर रममाण हो गया। और बाहर छोड़ते हैं तो पापों का हरण हो गया। हरण करने वाला हरिनाम। इस तरह रामहरि का जप निरंतर करते रहें। यह क्रिया जब तक प्राण हैं स्वांस है तब तक चलती रहेगी। उसका उच्चारण आवश्यक नहीं, उसका भान रहे। श्वास श्वास पै राम कहो, वृथा श्वास मत खोय_ प्रत्येक श्वास के साथ रामनाम का जप चलना चाहिए।

बाबा अपनी वृत्ति के बारे में कहते हैं कि मैं न मरने का अभिनंदन करता हूं,न जीवन का ।केवल राह देखता हूं, जैसे भृतक यानी सेवक स्वामी के आज्ञा की राह देखता है। बाबा का अब कोई चिंतन नहीं केवल रामहरि। बाबा तो मरने से पहले मरने का प्रयोग कर रहा है। अपनी मृत्यु के पूर्व बाबा को मरना है। इसलिए बाबा यहां ब्रह्मविद्या मंदिर में एक डिक्शनरी की भांति रहेगा। देखो, डिक्शनरी का उपयोग कोई करता है, तो वह उपयोगी होती है, अन्यथा वह अलमारी में पड़ी रहती है ।उसको यह उत्साह नहीं होता कि वह खुद उठकर लोगों को शब्दार्थ समझाती फिरे। वैसा ही यहां रहूंगा। मृत्यु के बाद सिर्फ भगवान और दुनिया बचती है। हम आते और जाते हैं। समुद्र में लहरें उठती हैं, कुछ लहरें छोटी होती हैं,कुछ बड़ी। कुछ ऊंची उठती हैं,कुछ नहीं। लेकिन हैं वे भी हैं तो लहरें। बाबा ने समझाते हुए कहा कि ईश्वर एक चैतन्य समुद्र है। एक जीवात्मा का जन्म हुआ, यानी ईश्वर की एक तरंग उठी। एक दो जन्म उछली और अंत में उसी समुद्र में लीन हो गई। इसी को हम कहते है कि देखो जीवात्मा मुक्त हो गया।

।बाबा ने अपने जन्मदिन 11 सितंबर 1981 को कहा कि बाबा 86 वर्ष का हो गया। अब सोचता है यह देह काल की है,अंत में जाने वाली है,उसको चिपके रहने में कौन सी मिठास है। जैसी शांति बाबा के जन्मदिन पर सब लोग रखते हैं ऐसी शांति बाबा की मृत्यु के दिन पर भी रखनी होगी। नहीं तो मरका गुरु, रडका चेला दोहोंचा बोध वाया गेला। मरनेवाला गुरु और रोनेवाला शिष्य हो, तो दोनों को जो बोध मिला है वह व्यर्थ गया। ऐसा मानना चाहिए। तुम लोगों की कसौटी कब होगी? जब बाबा की मृत्यु के समय भी रोओगे नहीं हंसते रहोगे। मृत्यु आएगी तो किसकी आएगी? शरीर को आयेगी। हम अमर हो जाएंगे।

बाबा कहा करते थे कि मैं जब किसी की मृत्यु की खबर को सुनता हूं, तो बाबा को लगता है कि वह शुभ समाचार सुना। आदमी अपने घर जाता है,यह शुभ समाचार नहीं तो और क्या है ? असल में तो वही लोक अपना है,यह सब तो पराया है। बाबा की अब बारी है। बाबा हंसते हंसते गाते गाते जायेगा। हंसते खेलते चार दिन बिताने हैं। गीता में है । तुष्यन्ति च रमंति च।। बाबा भी एक दिन जायेगा। मेरे जाने के बाद गीताई पढ़ते रहिए। बाबा को विश्वास है कि बाबा की अन्य सेवा और कृति भले ही लोग भूल जाएं, गीताई और गीता प्रवचन को दुनिया भूलेगी नहीं। क्योंकि इन दोनों पुस्तकों के लिखते और बोलते समय बाबा केवल समाधिस्थ था।

बाबा का नाम याद रखने के बजाय केवल काम करो। और गीताई को याद रखो। बाबा की इच्छा है कि भगवान के पास जाकर उनकी अनुमति लेकर वापस ब्रह्मविद्या मंदिर में आऊंगा, भरत राम मंदिर और बाबा कुटी के बीच हवा में रहूंगा। सामूहिक साधना में मदद करूंगा और विश्व के साथ संपर्क रखूंगा।

बाबा ने बताया कि मुक्ति की दो कल्पनाएं हैं। पहली बकाबिल्लाह यानी बाकी रहना, अल्लाह के साथ बैठकर बातें करना। दूसरी है फनाफ़िल्लाह यानी फना हो जाना, परमात्मा में लीन हो जाना। एक प्रकार परमात्मा के दरबार में बैठकर उसके साथ बातें करना और दूसरा परमात्मा में लीन हो जाना। बाबा के चित्त में पहली मुक्ति की चाह है। परमात्मा के दरबार में सब मित्रों से मिल बैठकर भगवान से बातें करना। बाबा ने कहा कि हम सब लोग विचारवश, कार्यवश या स्नेहवश एक हो जायेंगे। वे परमात्मा के दरबार में एक होकर बात सुनेंगे। बाबा चाहता है कि जल्दी एक दो साल में प्रारब्धक्षय होने पर हम मर जावे और यहां वापस आएं। बाबा ने कहा कि अभी हम लोगों ने विष्णुसहस्त्रनाम का पाठ किया। उसमें पहला नाम है विश्वम । यानी हमसे जितनी भी हो सके उतनी विश्व की सेवा करें। विश्व यानी आपके सामने परमात्मा प्रकट है। दिन भर सेवा और रात में नाम लें रामहरि। अंतिम समय भगवद स्तुति रहनी चाहिए। दूसरी कोई स्मृति काम की नहीं। वह बकरी जीवित दशा में मैं मैं मैं करती है। लेकिन मरने पर उसकी तांत बनाकर पीजन में लगाई जाती है, तब तू ही तू ही तू ही ऐसा वह कहती है। रामहरि।

# औद्योगिक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए तीन उच्चस्तरीय समितियां गठित

***लखनऊ, (भाषा)*** *उत्तर प्रदेश सरकार ने औद्योगिक निवेश को गति देने और निवेश की प्रक्रिया को और आसान बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के तहत तीन उच्चस्तरीय समितियां गठित की हैं। राज्य सरकार द्वारा बुधवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भूमि की उपलब्धता, दरों को तर्कसंगत बनाने और भवन उपनियमों को सरल बनाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव, एस.पी. गोयल के निर्देशानुसार तीन उच्च-स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। बयान के अनुसार यह पहल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उत्तर प्रदेश को '1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था' में बदलने के दृष्टिकोण को साकार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। बयान के मुताबिक गत पांच अगस्त को औद्योगिक भूमि की उपलब्धता के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई एक बैठक में यह पाया गया कि औद्योगिक विकास प्राधिकारणों तथा नॉएडा, ग्रेटर नॉएडा एवं यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के तहत लगभग चार लाख हेक्टेयर भूमि अधिसूचित है, जिसके अंतर्गत 1.5 लाख हेक्टेयर का मास्टर प्लान तैयार है। शेष की प्रक्रिया चल रही है। अधिसूचना जारी होने से पहले बने भवनों के नक्शे पास कराने में आ रही कठिनाइयां के समाधान के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है। बयान के अनुसार यह समिति अन्य राज्यों में प्रचलित व्यवस्थाओं का अध्ययन करेगी और अधिसूचित क्षेत्रों को विकसित करने और निवेश के लिए रास्ते खोलने के लिए एक रणनीति प्रस्तुत करेगी। नियोजन विभाग के अपर मुख्य सचिव इस समिति के अध्यक्ष होंगे। बयान के मुताबिक इसी तरह एक दूसरी समिति का गठन अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में किया गया है। यह समिति प्रदेश में औद्योगिक भूमि की दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए किया गया है।*

*उत्तर प्रदेश में औद्योगिक भूमि की दरें पड़ोसी राज्यों की तुलना में अधिक हैं। उदाहरण के लिए, बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण में भूमि की दरें पास के मध्य प्रदेश के ग्वालियर से अधिक होने की संभावना है।*

# श्री राम नारायण श्रीवास्तव जी का 108वाँ जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



नेशनल एक्सप्रेस, ब्यूरो

**दिल्ली:** सावित्री फाउंडेशन, दिल्ली के तत्वाधान में परमपूज्य श्री राम नारायण श्रीवास्तव जी, ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, झाँसी के 108वें जन्मदिन का भव्य आयोजन किया गया। यह समारोह बड़ी धूमधाम, संगीत, और नृत्य की महफिल के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया ।कार्यक्रम में सावित्री फाउंडेशन के फाउंडर श्री विजय श्रीवास्तव और अध्यक्षा डॉ. अनिता श्रीवास्तव ने गणमान्य अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया। समारोह का शुभारंभ श्री विजय श्रीवास्तव द्वारा रचित, संगीतबद्ध, और गायी गई गुरु वंदना के साथ हुआ, जिसने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया ।इस अवसर पर कई नामचीन हस्तियाँ उपस्थित रहीं, जिनमें डॉ. लक्ष्मी शंकर बाजपेयी जी (पूर्व डी.जी., आल इंडिया रेडियो, विश्व विख्यात साहित्यकार), श्रीमती ममता किरण जी (विश्व विख्यात कवयित्री, शायरा, उद्घोषिका, न्यूज़ एंकर), श्री अरुण गोयला जी, श्री हरीश माथुर जी (सपत्निक), सुश्री ऋतु डोगरा जी, श्री सुनील मलिक जी, श्री राजीव श्रीवास्तव जी, श्रीमती संगीता जी, श्री नीरज जी, श्री रजिंदर जी, श्री अमित जी, अभिनव, अभिमन्यु, और सोनल आदि शामिल थे।

कार्यक्रम के अंत में श्री विजय श्रीवास्तव और डॉ. अनिता श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनों का हृदय से धन्यवाद किया। यह आयोजन सावित्री फाउंडेशन के सामाजिक और सांस्कृतिक योगदान को दर्शाता है, जिसने सभी के बीच एकता और उत्साह का संदेश फैलाया।

# रत्न एवं आभूषण निर्यात जुलाई में 15.98 प्रतिशत बढ़कर 217.82 करोड़ डॉलर पर

***मुंबई, (भाषा)*** *वैश्विक चुनौतियों के बीच जुलाई में रत्न और आभूषण निर्यात में सालाना आधार पर 15.98 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 217 करोड़ 82.4 लाख डॉलर (18,756.28 करोड़ रुपये) तक पहुंच गया। रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। जीजेईपीसी द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2024 के इसी महीने में कुल रत्न और आभूषण निर्यात 187 करोड़ 80.9 लाख डॉलर (15,700 करोड़ रुपये) का रहा था। जीजेईपीसी के चेयरमैन किरीट भंसाली ने बयान में कहा, ''जुलाई का निर्यात अच्छा रहा है और हमारे उद्योग के लिए एक उत्साहजनक संकेत है। इसे मुख्य रूप से इंडिया इंटरनेशनल ज्वेलरी शो (आईआईजेएस) प्रीमियर के दौरान सफल ऑर्डर बुकिंग और हांगकांग के बाजार में मजबूत वापसी से बढ़ावा मिला है। यह प्रदर्शन उत्साहजनक है, खासकर जब यह अमेरिकी शुल्क के मौजूदा प्रभाव जैसी वैश्विक चुनौतियों के बीच आया है।''परिषद ने कहा कि हाल ही में संपन्न आईआईजेएस प्रीमियर-2025 में, अनुमानित 70,000-90,000 करोड़ रुपये के ऑर्डर बुक हुए हैं, जिससे त्योहारी सत्र से पहले उद्योग का भरोसा बढ़ा है। भंसाली ने कहा कि उद्योग, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत मांग चक्र के लिए तैयार है, और जीजेईपीसी इस सितंबर में सऊदी अरब में होने वाले एसएजेईएक्स-2025 की भी तैयारी कर रहा है।*

# स्वतंत्रता दिवस पर लंबा सप्ताहांत : यात्रा में पर्यटकों की बढ़ती दिलचस्पी से होटलों के किराए बढ़े

**नयी दिल्ली, (भाषा)** इस स्वतंत्रता दिवस पर लंबे सप्ताहांत में देश भर के पर्यटक विभिन्न स्थानों की यात्रा करने की तैयारी कर रहे हैं और ऐसे में होटलों का किराया बढ़ना शुरू हो गया है। मेकमाईट्रिप के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (समूह) राजेश मागो ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि पिछले कुछ वर्षों में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लोग अधिक यात्रा करने लगे हैं।

इस साल भी, नए गंतव्यों की खोज और बुकिंग के रुझान स्वतंत्रता दिवस सप्ताहांत में यात्रा करने की प्रबल इच्छा की ओर इशारा करते हैं। स्वतंत्रता दिवस शुक्रवार को होने के कारण यात्रा की मांग दो दिन पहले बुधवार (13 अगस्त) को चरम पर पहुंच गई जिससे यात्रियों को कहीं भी जाने के लिए पांच दिन का समय मिल जाता है। ''उनके अनुसार घरेलू गंतव्यों में गोवा, उदयपुर, जयपुर, पुरी, लोनावाला, वाराणसी, कूर्ग, महाबलेश्वर, ऊटी और पुडुचेरी की मांग सबसे अधिक है जबकि प्रमुख अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों में पताया, बाली, बैंकॉक, सिंगापुर, दुबई, फुकेट, कोलंबो, कुआलालंपुर, ज्यूरिक और लंदन शामिल हैं। देश की सबसे बड़ी आतिथ्य सेवा कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी पुनीत चटवाल ने कहा, '' लंबे सप्ताहांत को लेकर काफी उत्साह है। हमारे पास कई रिजॉर्ट स्थल हैं इसलिए हम यह देखकर बहुत खुश हैं कि बाजार में रौनक लौट आई है।''आईएचसीएल के पास ताज ब्रांड का स्वामित्व है।होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) के चेयरमैन एवं रेडिसन होटल समूह के दक्षिण एशिया के चेयरमैन के. बी. काचरू ने कहा कि इस साल 15 अगस्त शुक्रवार को पड़ रहा है, जो कि छुट्टियों तथा छोटे प्रवास के लिए एक आदर्श अवसर है। एचएआई के सदस्य होटल इस बढ़ोतरी को संभालने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और कई होटलों में पहले से ही अग्रिम बुकिंग में बढ़ोतरी देखी जा रही है।

# चेक जमा करने के कुछ ही घंटे में आ जाएगी राशि, आरबीआई चार अक्टूबर से लागू करेगा नई व्यवस्था

**मुंबई, (भाषा)** भारतीय रिजर्व बैंक चार अक्टूबर से बैंकों में चेक जमा किए जाने के कुछ ही घंटों के भीतर उसके समाशोधन के लिए एक नई व्यवस्था शुरू कर रहा है। इससे चेक जमा करने के कुछ ही घंटे में खाते में पैसा आ जाएगा।

चेक को कुछ ही घंटों में स्कैन, प्रस्तुत और पास किया जाएगा और यह बैंक कार्यदिवस के दौरान निरंतर आधार पर किया जाएगा। समाशोधन चक्र वर्तमान टी प्लस 1 यानी चेक जमा करने के बाद एक दिन से घटकर कुछ घंटे रह जाएगा।

चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस) वर्तमान में चेक का प्रसंस्करण दो कार्यदिवसों तक के चक्र में करता है। सीटीएस चेक समाशोधन की एक इलेक्ट्रॉनिक विधि है। यह चेक को भौतिक रूप से लाने-ले जाने की व्यवस्था को समाप्त करती है। इसके बजाय, इसमें चेक से इलेक्ट्रॉनिक चित्र और आंकड़े लेकर उसे भुगतान करने वाले बैंक को भेजा जाता है। यह प्रक्रिया समाशोधन प्रक्रिया को तेज करती है और सुरक्षा बढ़ाती है। आरबीआई ने चेक समाशोधन की दक्षता में सुधार लाने और प्रतिभागियों के लिए निपटान जोखिम को कम करने तथा ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने के लिए सीटीएस को बैच में प्रसंस्करण की वर्तमान व्यवस्था को 'ऑन-रियलाइजेशन-सेटलमेंट' यानी वास्तविक समय पर चेक को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजे जाने के साथ निरंतर समाशोधन में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है।

रिजर्व बैंक ने सीटीएस में निरंतर समाशोधन और प्राप्ति पर निपटान की शुरुआत के लिए एक परिपत्र जारी किया है। आरबीआई ने कहा, ''सीटीएस को दो चरणों में निरंतर समाशोधन और प्राप्ति पर निपटान में बदलने का निर्णय लिया गया है। पहला चरण चार अक्टूबर, 2025 को और दूसरा चरण तीन जनवरी, 2026 को लागू किया जाएगा।''

सुबह 10:00 बजे से शाम चार बजे तक एक ही प्रस्तुति सत्र होगा। बैंकों की शाखाओं द्वारा प्राप्त चेकों को स्कैन करके प्रस्तुति अवधि के दौरान तुरंत और लगातार समाशोधन के लिए भेजा जाएगा।

आरबीआई के अनुसार, ''प्रस्तुत किए गए प्रत्येक चेक के लिए, आहर्ता बैंक या तो सकारात्मक पुष्टि (भुगतान किये जाने वाले चेक के लिए) या नकारात्मक पुष्टि (भुगतान नहीं किये जाने चेक के लिए) करेगा।'' चरण एक (चार अक्टूबर, 2025 से दो जनवरी, 2026 तक) के दौरान, आहर्ता बैंकों को पुष्टि के लिए निर्धारित सत्र (शाम 7:00 बजे) के अंत तक, उनके पास प्रस्तुत चेकों की पुष्टि (सकारात्मक/नकारात्मक) करनी होगी, अन्यथा उन्हें स्वीकृत माना जाएगा और निपटान के लिए शामिल किया जाएगा।

चरण दो (तीन जनवरी, 2026 से) में, चेकों की मद समाप्ति समय को टी प्लस 3 'क्लियर' घंटों में बदल दिया जाएगा। आरबीआई ने एक उदाहरण देते हुए कहा कि आहर्ता बैंकों द्वारा सुबह 10:00 बजे से 11:00 बजे के बीच प्राप्त चेकों की पुष्टि उन्हें दोपहर 2:00 बजे (सुबह 11:00 बजे से 3 घंटे) तक सकारात्मक या नकारात्मक रूप से करनी होगी ।जिन चेकों की पुष्टि आहर्ता बैंक द्वारा निर्धारित तीन घंटों में नहीं की जाती है, उन्हें दोपहर दो बजे स्वीकृत माना जाएगा और निपटान के लिए शामिल किया जाएगा।

आरबीआई ने कहा कि निपटान पूरा होने पर, समाशोधन निगम प्रस्तुतकर्ता बैंक को सकारात्मक और नकारात्मक पुष्टि की जानकारी देगा।

चेक प्रस्तुत करने वाला बैंक इसे प्रसंस्कृत करेगा और ग्राहकों को तुरंत भुगतान जारी करेगा। लेकिन यह भुगतान सफल निपटान के एक घंटे भीतर होगा। यह सामान्य सुरक्षा उपायों पर निर्भर करेगा ।आरबीआई ने बैंकों को निर्देश दिया है कि वे अपने ग्राहकों को चेक समाशोधन प्रक्रिया में बदलावों के बारे में पूरी तरह से अवगत करायें।

# आईआईए ग्रेटर नोएडा में मंथन गोष्ठी, उद्यमियों को दिए साइबर क्राइम से बचाव के गुर






नेशनल एक्सप्रेस, ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा,** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) ग्रेटर नोएडा चैप्टर ने मंगलवार को अपने सीएफसी, साइट-बी स्थित सभाकक्ष में "मंथन गोष्ठी" का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में डीसीपी (साइबर क्राइम) गौतमबुद्ध नगर, सुश्री प्रीति यादव ने शिरकत की।

चैप्टर चेयरमैन सरबजीत सिंह, सचिव हिमांशु पांडे और कोषाध्यक्ष जगदीश अधाना ने पौधा प्लांटर भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में डीसीपी ने उपस्थित उद्यमियों से उनकी साइबर अपराध संबंधी जानकारी पूछी, जिसके बाद कई प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए।

सुश्री यादव ने करीब 40 मिनट तक ऑनलाइन ठगी, डेटा चोरी, फिशिंग, और अन्य साइबर अपराधों के तरीके तथा उनसे बचाव के उपाय विस्तार से बताए। उन्होंने जागरूकता और सावधानी को सबसे बड़ा हथियार बताया।

कार्यक्रम के अंत में आईआईए टीम ने उन्हें स्मृति स्वरूप रामलला की प्रतिमूर्ति भेंट की।

सचिव हिमांशु पांडे ने सभी प्रतिभागियों और विशेष रूप से मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ गोष्ठी का समापन हुआ। गोष्ठी में 50 से अधिक उद्यमियों ने सक्रिय भागीदारी की।

# रेल मंत्रालय ने स्टेशन पर एकल ब्रांड प्रीमियम स्टोर खोलने की अनुमति दी

**नयी दिल्ली,** (भाषा)रेल मंत्रालय ने विभिन्न जोन से कहा है कि यदि मांग और औचित्य हो तो वे ई-नीलामी के जरिये विभिन्न स्टेशन पर एकल ब्रांड, कंपनी के स्वामित्व वाली प्रीमियम दुकान के लिए स्थान आवंटित कर सकते हैं।



मंत्रालय ने 11 अगस्त, 2025 को जारी एक आधिकारिक पत्र में हवाई अड्डों की तर्ज पर प्रीमियम एकल ब्रांड दुकानें खोलने के संबंध में दिशा-निर्देशों के लिए दक्षिण मध्य रेलवे के प्रस्ताव का जवाब दिया। इसमें कहा गया कि मामले की जांच करने के बाद यह निर्णय लिया गया है कि दुकानें मौजूदा नीति के तहत आवंटित की जा सकती हैं न कि नामांकन के आधार पर।

मंत्रालय ने कहा, ''संबंधित मंडल/जोन यात्रियों की संख्या, स्थान की उपलब्धता, यात्री जनसांख्यिकी और अन्य प्रासंगिक स्टेशन-विशिष्ट विशेषताओं के आधार पर प्रीमियम स्थानों और उपयुक्त उत्पाद/सेवा श्रेणियों की पहचान करेंगे।''

रेलवे ने स्पष्ट किया है कि दुकानों का आवंटन ई-नीलामी नीति के अनुसार किया जाएगा।

उसने कहा, ''ऐसे ठेके देने के लिए, ई-नीलामी मॉड्यूल के भीतर एक समर्पित ''प्रीमियम स्टोर्स'' खंड बनाया जा सकता है। सफल बोलीदाता आउटलेट के लिए ब्रांड/ब्रांडों का निर्णय ले सकता है।''

पत्र में कहा गया कि जोन सुनिश्चित करेंगे कि ऐसी दुकानें स्टेशन के माहौल और भारतीय रेलवे की छवि को बेहतर बनाएं।

मंत्रालय ने कहा, ''संबंधित मंडल आवश्यकतानुसार अनुबंध की विशेष शर्तें तैयार कर सकते हैं।''

इससे पहले, दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा था कि उसके कई स्टेशन के पुनर्विकास कार्य, प्रमुख उन्नयन और एबीएसएस (अमृत भारत स्टेशन योजना) को चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

एससीआर ने कहा, ''यात्रियों को प्रदान की जा रही विश्व स्तरीय सुविधाओं के अनुरूप, यात्रा में इस्तेमाल समान की कंपनियों (सैमसोनाइट/अमेरिकन टूरिस्टर/वीआईपी आदि), परिधान (एरो/वैन ह्यूसेन/पीटर इंग्लैंड/बीबा आदि), जूते और स्पोर्ट्स गियर (नाइकी/एडिडास/रीबॉक आदि) और अन्य वस्तुओं जैसे विभिन्न गैर-खानपान श्रेणियों के प्रीमियम सिंगल ब्रांड की दुकानों को स्टेशन पर खोलने की अनुमति देने की आवश्यकता है, जैसा कि हवाई अड्डों पर यात्रियों को दी जाती है।''

एससीआर ने इसी के साथ इस संबंध में मंत्रालय से दिशानिर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया था।

## सीबीएसई ने छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 10 विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया : अधिकारी

नयी दिल्ली, (भाषा)केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने तय मानदंडों के उल्लंघन की जांच के लिए छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 10 विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया, ''औचक निरीक्षण का प्राथमिक उद्देश्य यह जांच करना, पता लगाना और सुनिश्चित करना था कि क्या स्कूल बोर्ड द्वारा तय मानदंडों का अनुपालन करते हुए कम कर रहे हैं और स्कूल में शैक्षणिक व भौतिक बुनियादी ढांचे को बनाए रखते हुए गैर-उपस्थित छात्रों को दाखिला तो नहीं दे रहे हैं।'' बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''निरीक्षण समिति की रिपोर्ट पर विचार करने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सीबीएसई शैक्षिक मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है और अपने नियमों के किसी भी उल्लंघन के खिलाफ कड़े कदम लागू करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।''

# नये 'जल निकासी मास्टर प्लान' का लक्ष्य अगले 30 साल के लिए दिल्ली में शहरी बाढ़ का समाधान करना

नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी की अगले 30 वर्षों की जल निकासी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तैयार किये गये 'जल निकासी मास्टर प्लान' के मसौदा का लक्ष्य तेजी से बढ़ते शहरीकरण और बार-बार होने वाली जलभराव की समस्याओं के बीच वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की जरूरतों का समाधान करना है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।



राष्ट्रीय राजधानी में शहरी बाढ़ और जलभराव की लगातार समस्या के समाधान के लिए लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने पिछले सप्ताह दिल्ली सरकार को मसौदा योजना सौंपी।

पीडब्ल्यूडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''हमें सभी सलाहकारों से व्यापक रिपोर्ट मिल गई है और हमने मास्टर प्लान का संकलित मसौदा सरकार को सौंप दिया है। अंतिम विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) सभी संबंधित निकायों से प्राप्त प्रतिक्रिया को एकीकृत करने के बाद तैयार की जाएगी।' अधिकारियों के अनुसार, प्रस्तावित योजना की व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए कम से कम तीन उच्च-स्तरीय प्रस्तुतियां दी गईं तथा वर्तमान में अंतर-विभागीय परामर्श चल रहा है। दिल्ली के लिए इससे पहले व्यापक जल निकासी मास्टर प्लान 1976 में तैयार किया गया था।

अधिकारियों का कहना है शहरीकरण तेजी से बढ़ने के कारण एक नयी रणनीति की जरूरत है।

लोक निर्माण विभाग ने शहर को तीन बेसिन- नजफगढ़, बारापुला और ट्रांस-यमुना बेसिन- में विभाजित किया है और जल निकासी नेटवर्क को फिर से तैयार करने के लिए सलाहकारों को नियुक्त किया है।

अधिकारी ने कहा, ''विशेष सलाहकारों ने जल निकासी दक्षता में सुधार के लिए ढलानों, गड्ढों और मौजूदा पुराने व अपर्याप्त बुनियादी ढांचे जैसे कारकों का विश्लेषण किया है। योजना में कुछ खामियां हैं, जिन्हें अन्य नगर निकायों ने भी उजागर किया है। उनका अध्ययन किया जा रहा है।''

राष्ट्रीय राजधानी में आठ विभिन्न निकायों और विभागों के अधिकार क्षेत्र में लगभग 3740.31 किलोमीटर लंबा जल निकासी नेटवर्क है। अधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा डीपीआर को मंजूरी मिलने के बाद, एजेंसी जमीनी स्तर पर काम करने के लिए निजी कंपनियों से निविदाएं आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू करेगी।

# दिल्ली के मुंडका में नौकरी का झांसा देकर महिला से बलात्कार; आरोपी फरार

नयी दिल्ली, (भाषा) बाहरी दिल्ली के मुंडका इलाके में नौकरी का झांसा देकर 32 वर्षीय एक महिला के साथ कथित तौर पर बलात्कार करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।



एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीड़िता मूलतः नेपाल की निवासी है और चार बच्चों की मां है, जिसने कथित घरेलू हिंसा के कारण हाल ही में अपने पति को छोड़ दिया था। वह इसी महीने की शुरुआत में ट्रेन के जरिये बेंगलुरु से दिल्ली आई थी।

अधिकारी ने कहा कि महिला ने जांचकर्ताओं को बताया कि यात्रा के दौरान उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई जिसने उसे मंजीत नामक एक अन्य व्यक्ति का नंबर दिया और नौकरी के लिए उससे संपर्क करने को कहा।

पुलिस ने बताया कि एक दिन बाद उसने उस व्यक्ति से संपर्क किया जिसने उसे नौकरी का प्रस्ताव दिया था और मुंडका में उसके रहने के लिए किराए के मकान की व्यवस्था की थी।

दस अगस्त को वह व्यक्ति नशे में धुत्त होकर उसके कमरे में आया और उसके साथ बलात्कार किया। अधिकारी ने बताया कि अगले दिन बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने बताया कि आरोपी का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

# डूसू चुनाव 18 सितंबर को होंगे मतगणना 19 सितंबर को

नयी दिल्ली, (भाषा) शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के चुनाव 18 सितंबर को होंगे। विश्वविद्यालय ने बुधवार को यह घोषणा की।

विश्वविद्यालय ने बताया कि मतगणना 19 सितंबर को होगी।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की एक अधिसूचना के अनुसार, दिन की कक्षाओं के लिए मतदान सुबह साढ़े आठ बजे से अपराह्न एक बजे तक होगा जबकि शाम की कक्षाओं के छात्र अपराह्न तीन बजे से शाम साढ़े सात बजे तक मतदान कर सकेंगे।

अधिसूचना में कहा गया है कि नामांकन पत्र, वार्षिक शुल्क के रूप में 500 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट और एक लाख रुपये का बॉण्ड जमा करने की अंतिम तिथि 10 सितंबर को अपराह्न 3 बजे तक है।

इसके अनुसार नामांकन पत्रों की जांच उसी दिन अपराह्न 3:15 बजे की जाएगी, जिसके बाद शाम छह बजे तक विधिवत नामांकित उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की जाएगी।

अधिसूचना के अनुसार नामांकन पत्र वापस लेने की अंतिम तिथि 11 सितंबर दोपहर 12 बजे तक है तथा उम्मीदवारों की अंतिम सूची उसी दिन शाम पांच बजे तक प्रकाशित कर दी जाएगी।

डूसू पदों के लिए, नामांकन पत्र उत्तरी परिसर में वनस्पति विज्ञान विभाग के सामने, सम्मेलन केंद्र स्थित मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में जमा किए जाने चाहिए। केंद्रीय परिषद की सीट के लिए नामांकन पत्र संबंधित कॉलेजों या विभागों में जमा किए जाने चाहिए।

अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि आचार संहिता, छात्र संघ चुनावों पर उच्चतम न्यायालय के आदेश और संबंधित दिशानिर्देश डीयू की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

# भारतीय शिक्षण संस्थानों पर नौ महीने में दो लाख से अधिक साइबर हमले, चार लाख डाटा में सेंध की कोशिश

नयी दिल्ली, (भाषा)भारतीय शिक्षण संस्थानों को महज नौ महीनों में दो लाख से अधिक बार साइबर हमलों और जानकारी में सेंध लगाने की करीब चार लाख कोशिशों का सामना करना पड़ा है। यह खुलासा एक प्रायोगिक अध्ययन में हुआ है।



'भारतीय शैक्षणिक संस्थानों के लिए साइबर खतरों और डिजिटल जोखिमों की तलाश' शीर्षक से यह अध्ययन साइबरपीस फाउंडेशन के महत्वकांक्षी ई-कवच पहल के तहत डेलनेट, रीसिक्योरिटी और ऑटोबोट इन्फोसेक के सहयोग से किया गया है।

इस अध्ययन रिपोर्ट को बुधवार 'साइबर फर्स्ट रिस्पॉन्डर' पहल की शुरुआत के साथ जारी किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों, संकाय, पुस्तकालयाध्यक्षों और कर्मचारियों को साइबर खतरों, डीपफेक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दुरुपयोग का मुकाबला करने के लिए कुशल बनाना है।

जुलाई 2023 और अप्रैल 2024 के बीच किए गए नौ महीने के अध्ययन में पाया गया कि 8,000 से ज्यादा विशिष्ट यूज़रनेम और 54,000 विशिष्ट पासवर्ड 'ब्रूट-फोर्स' हमलों (इसमें साइबर हमलावर कई संभावित कुंजी या पासवर्ड का इस्तेमाल कर डाटा तक पहुंचने की कोशिश करता है)में इस्तेमाल किए जा रहे थे। आम तौर पर लक्षित यूजरनेम में 'रूट' और 'एडमिन' शामिल थे, जबकि '123456' और 'पासवर्ड' जैसे कमज़ोर पासवर्ड का इस्तेमाल अक्सर किया जा रहा था।

अध्ययन रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि, ''भारतीय शैक्षणिक संस्थान पर मजबूत साइबर सुरक्षा वाले समकक्षों की तुलना में जानकारी में सेंधमारी की आशंका पांच गुना अधिक हैं।'' रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि उल्लंघनों से संकाय का प्रतिरूपण, जासूसी करने के लिए हमले, डीपफेक सामग्री, संवेदनशील शोध डेटा की चोरी और परीक्षा पत्रों का लीक होना हो सकता है।

राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय-दिल्ली के कुलपति प्रोफेसर जी.एस. बाजपेयी ने कहा कि डिजिटल युग में लचीलेपन का अर्थ है व्यवधान के जवाब में प्रणालियों में परिवर्तन करना।

डेलनेट की निदेशक डॉ. संगीता कौल ने साइबर फर्स्ट रेस्पोंडर पहल को 'परिवर्तन पर प्रतिक्रिया देने के बजाय उसे आकार देने की प्रतिबद्धता'' बताया, जबकि साइबरपीस फाउंडेशन के संस्थापक और वैश्विक अध्यक्ष विनीत कुमार ने रिपोर्ट को शैक्षणिक संस्थानों के लिए 'चेतावनी' करार दिया।

कुमार ने कहा, ''साइबर सुरक्षा के बिना डिजिटलीकरण, बिना दरवाजों या तालों के घर बनाने जैसा है। नवाचार लचीलेपन के बिना फूल-फल नहीं सकता।''

## गायक बादशाह के चंडीगढ़ क्लब पर हमले से जुड़ा व्यक्ति गिरफ्तार

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने गायक बादशाह के चंडीगढ़ स्थित एक क्लब पर हुए हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पिछले साल 27 नवंबर को चंडीगढ़ के सेक्टर 26 स्थित दो क्लब में दो विस्फोट हुए थे। सूत्रों ने बताया कि आरोपी की पहचान पंजाब के फरीदकोट निवासी दीपक के रूप में हुई है और उसे दिल्ली में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि दीपक कथित तौर पर कनाडा स्थित गैंगस्टर गोल्डी बरार के लगातार संपर्क में था।

# अदालत ने मेट्रो स्टेशनों पर खराब सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन के संबंध में याचिका पर जवाब मांगा

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें आरोप लगाया गया है कि राष्ट्रीय राजधानी के मेट्रो स्टेशनों पर सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन खराब हैं।




एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने डीएमआरसी, दिल्ली सरकार, महिला एवं बाल विकास तथा आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालयों एवं दिल्ली महिला आयोग को नोटिस जारी किया।

याचिकाकर्ता एवं अधिवक्ता निखिल गोयल ने मेट्रो स्टेशनों पर सभी महिला शौचालयों में निपटान सुविधाओं के साथ-साथ सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन की तत्काल स्थापना और संचालन सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया।

याचिका में कहा गया कि लाखों महिला यात्री प्रतिदिन सार्वजनिक परिवहन के प्राथमिक साधन के रूप में दिल्ली मेट्रो की सेवाओं का इस्तेमाल करती हैं और पर्याप्त सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन और मासिक धर्म के दौरान सुविधाओं की कमी के कारण उनके स्वास्थ्य, सम्मान और मौलिक अधिकार सीधे प्रभावित होते हैं।

याचिका में कहा गया है कि महिला यात्रियों की संख्या अधिक होने के बावजूद, दिल्ली मेट्रो स्टेशनों पर महिलाओं के लिए केवल कुछ ही शौचालयों में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन समेत अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।

याचिका में कहा गया, ''मासिक धर्म के दौरान सुविधाएं सुनिश्चित करने के संबंध में सरकार की ज़िम्मेदारी को आंशिक रियायतें देकर न तो कम किया जा सकता है और न ही माफ किया जा सकता है।

स्वच्छता के अधिकार को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भारत के संवैधानिक ढांचे के भीतर, एक मौलिक मानव अधिकार के रूप में व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त है।''

याचिका में दलील दी गई है कि महिलाओं के लिए स्वच्छता सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए बिना - विशेष रूप से दिल्ली मेट्रो जैसे सार्वजनिक स्थानों पर - इस अधिकार की मान्यता खोखली और अप्रभावी हो जाती है।

याचिका में कहा गया है, ''केवल स्वच्छता को एक अधिकार के रूप में स्वीकार करना पर्याप्त नहीं है, जब तक कि इसे ठोस बुनियादी ढांचे और समावेशी नीतियों का समर्थन न मिले।''

याचिका में सार्वजनिक परिवहन प्रणालियों के लिए मासिक धर्म के दौरान सुविधाओं के संबंध में नीति तैयार करने और दिल्ली मेट्रो में शिकायतों के लिए एक निगरानी और शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करने के निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

## दिल्ली विश्वविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रम में अब तक करीब 67 हजार छात्रों के प्रवेश की पुष्टि की

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने स्नातक पाठ्यक्रम में सीट आवंटन के तीसरे दौर में 67,582 छात्रों के प्रवेश की पुष्टि की है। बुधवार को साझा किए गए आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

विश्वविद्यालय ने कहा कि पाठ्येतर गतिविधियों (ईसीए), खेल और विश्वविद्यालय कर्मचारियों के बच्चों/आश्रितों (सीडब्ल्यू) श्रेणियों के लिए सीट आवंटन 15 अगस्त को सार्वजनिक किया जाएगा। प्रवेश के हालिया चरण में कुल आवंटन संख्या 7,061 रही, जिसमें प्रदर्शन-आधारित कार्यक्रमों में नामांकित छात्र भी शामिल हैं। डीयू ने आठ अगस्त को शाम पांच बजे 'मिड एंट्री' के विकल्प को खोला, जिससे पिछले दौर से चूक नए छात्रों को 2025-26 शैक्षणिक सत्र के लिए आवेदन करने की अनुमति मिल गई। 'कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम' (सीएसएएस) के तहत 'मिड एंट्री' के लिए वे उम्मीदवार एक हजार रुपये का शुल्क देकर शामिल हो सकते हैं>


## सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम विश्वास अंकित है जबकि मेरे लड़के का सही नाम प्रज्जवल गुप्ता है जो भविष्य में इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। **पिता राजेश गुप्ता मकान नंबर 33/220 मूलगंज कानपुर नगर**





# आईबी अधिकारी की हत्या मामले में ताहिर हुसैन की जमानत याचिका का पुलिस ने किया विरोध

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने फरवरी 2020 में हुए दंगों के दौरान खुफिया ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या से जुड़े मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय में आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व निगम पार्षद ताहिर हुसैन की जमानत याचिका का बुधवार को विरोध किया।



न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों को शांत कराने और उनसे कानून हाथ में न लेने का आग्रह करते समय शर्मा को पकड़कर घसीटा गया और धारदार हथियार से 51 बार वार करने के बाद उनके शव को पास के नाले में फेंक दिया गया।

वकील तारा नरूला के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि हुसैन को पहले ही पांच साल से अधिक समय से जेल में रखा गया है और मुकदमे को शीघ्र निपटाने के लिए निचली अदालत के ''सर्वोत्तम प्रयासों'' के बावजूद किसी निष्कर्ष पर पहुंचने में समय लगेगा। याचिका में कहा गया है, ''मौजूदा मामले में आवेदक पर उकसाने का आरोप है। पांच कथित सरकारी गवाहों में से तीन गवाहों ने आवेदक को निर्दोष बताया है और स्पष्ट रूप से कहा है कि उन्होंने आवेदक को संबंधित समय पर घटनास्थल पर नहीं देखा था।''

याचिका में कहा गया है कि अभियोजन पक्ष की ओर से पेश दो गवाहों के बयान विरोधाभासी हैं।

दिल्ली पुलिस का प्रतिनिधित्व कर रहे विशेष लोक अभियोजक रजत नायर ने जमानत याचिका का विरोध किया और कहा कि उम्मीद है कि अभियोजन पक्ष निचली अदालत में सुनवाई की अगली तारीख पर सभी साक्ष्य पेश कर देगा।

नायर ने कहा, ''ताहिर हुसैन एक मूकदर्शक नहीं था, बल्कि सांप्रदायिक हिंसा में सक्रिय रूप से भागीदार था।''


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, ओमेगा–1(पी–2), ग्रेटर नौएडा
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट : www.yamunaexpresswayauthority.com

YEIDA FUTURE IS HERE

पत्रांक :–वाई.ई.ए. / भूलेख / 43 / 2025 दिनांक : 12 / 08 / 2025

**सार्वजनिक सूचना**

निम्नलिखित भूमि यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा आपसी सहमति के आधार पर काश्तकारों से क्रय किया जाना प्रस्तावित है। क्रय हेतु काश्तकार, गाटा संख्या, क्षेत्रफल व काश्तकार का हिस्सा निम्नलिखित तालिका में अंकित है–

**(ग्राम–रबूपुरा सैक्टर–28, मेडिकल डिवाईस पार्क, डाटा सेन्टर पार्क, कॉर्मशियल व फ्यूचर यूजके अन्तर्गत)**

| क्रम सं. | खाता संख्या | खसरा संख्या | गाटे का कुल क्षेत्रफल (हे0 में) | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का भाग | तहसील की आख्यानुसार काश्तकार का हिस्सा | काश्तकार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1210<br>802<br>1210<br>826 | 1522<br>1523<br>1524<br>2284 | 0.3450<br>0.3100<br>0.2860<br>0.5690 | में से | 0.0431<br>0.0387<br>0.0199<br>0.0131 | डालचन्द पुत्र हुक्मा नि० रबूपुरा |
| 2. | 1210<br>802<br>1210<br>826 | 1522<br>1523<br>1524<br>2284 | 0.3450<br>0.3100<br>0.2860<br>0.5690 | में से | 0.0431<br>0.0388<br>0.0199<br>0.0131 | लेखराज पुत्र हुक्मसिंह नि० रबूपुरा |
| 3. | 1210 | 1524 | 0.2860 | में से | 0.0199 | करनपाल सिंह पुत्र हुक्मसिंह नि० रबूपुरा |
| 4. | 1210<br>802<br>826 | 1522<br>1523<br>2284 | 0.3450<br>0.3100<br>0.5690 | में से | 0.0862<br>0.0775<br>0.0262 | करनपाल सिंह व जुगेन्द्र पुत्रगण हुक्मसिंह नि० रबूपुरा |
| 5. | 1210<br>802<br>1210<br>826 | 1522<br>1523<br>1524<br>2284 | 0.3450<br>0.3100<br>0.2860<br>0.5690 | में से | 0.0431<br>0.0387<br>0.0199<br>0.0131 | ईश्वर पुत्र हुक्मसिंह नि० रबूपुरा |
| **(ग्राम रबूपुरा से०–34 के अन्तर्गत)** | | | | | | |
| 6. | 356 | 2190मि | 1.5160 | में से | 0.4737 | तारिक अली पुत्र इरशाद अली नि० रबूपुरा |
| 7. | 32 | 2072 | 1.7420 | में से | 0.0843 | पलक सिंघल पत्नी अमित कुमार नि० रबूपुरा |
| **(सैक्टर–33, ग्राम मुरादगढी के अन्तर्गत)** | | | | | | |
| 8. | 108 | 270 | 0.3790 | में से | 0.0512 | विक्रम व दयानन्द व वेदपाल पुत्रगण बलवीर नि० मुरादगढी |
| 9. | 23 | 277क<br>278क<br>279<br>280 | 0.2210<br>0.2430<br>0.1900<br>0.4810 | में से | 0.0147<br>0.0162<br>0.0321<br>0.0127 | सुरेश सिंह पुत्र डम्बर सिंह नि० मुरादगढी |
| 10. | 23 | 277क<br>278क<br>279<br>280 | 0.2210<br>0.2430<br>0.1900<br>0.4810 | में से | 0.0147<br>0.0162<br>0.0321<br>0.0127 | जितेन्द्र कुमार व देवेन्द्र कुमार व संदीप कुमार पुत्रगण करनपाल उर्फ करनवीर सिंह व विमलेश पत्नी करनपाल उर्फ करनवीर सिंह नि० मुरादगढी |
| 11. | 23 | 277क<br>278क<br>279<br>280 | 0.2210<br>0.2430<br>0.1900<br>0.4810 | में से | 0.0147<br>0.0162<br>0.0127<br>0.0321 | कालीचरन सिंह पुत्र डम्बर सिंह नि० मुरादगढी |
| **(सैक्टर–21, ग्राम रबूपुरा, फिल्म सिटी के अन्तर्गत)** | | | | | | |
| 12. | 606 | 1111 | 0.7900 | में से | 0.2633 | महावीर पुत्र भागमल नि० भाईपुर ब्रहमनान |
| 13. | 606 | 1111 | 0.7900 | में से | 0.2633 | धर्मवीर पुत्र भागमल नि० भाईपुर ब्रहमनान |
| 13. | 606 | 1111<br>1114 | 0.7900<br>0.2260 | में से | 0.2634<br>0.1130 | राजवीर पुत्र भागमल नि० भाईपुर ब्रहमनान |

प्रस्तावित भूमि प्राधिकरण के नियोजित सै० यथा **21, 28, 33** व **34** के अन्तर्गत होने के कारण क्रय हेतु प्रस्तावित है।

- उक्त भूमि को क्रय करने हेतु तालिका में अंकित काश्तकारो द्वारा सहमति प्रदान की गयी है जिसके क्रम में प्राधिकरण द्वारा उक्त भूमि आपसी सहमति के आधार पर क्रय की जानी प्रस्तावित है।
- प्रस्तावित भूमि को प्राधिकरण की **84**वीं बोर्ड बैठक की मद संख्या 03 के अनुसार रूपये 3808 / प्रति वर्ग मी० की दर से सम्बन्धित भूस्वामी के पक्ष में भुगतान किया जाएगा व 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड आंवटित किया जाएगा।

उपरोक्त भूमि क्रय किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह लिखित रूप में 15 दिवस के अंदर यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के कार्यालय / सी०आर०सैल में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**विशेषकार्याधिकारी**
**यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण**

**महत्त्वपूर्ण सूचना :** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत मास्टर प्लॉन के अतिरिक्त प्लॉटिंग / हाउसिंग / कॉलोनी या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह से अवैध है। सामान्यजन इस प्रकार की ख़रीदफ़रोख़्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाइजर के भ्रामक विज्ञापनों से बचें। अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण की वेबसाइट **www.yamunaexpresswayauthority.com** देखें।

# दहेज हत्या में चल रहा था फरार पुलिस ने कर लिया गिरफ्तार



नेशनल एक्सप्रेस/अनुराग शर्मा

बरेली थाना सीबीगंज पुलिस ने दहेज हत्या के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आपको बताते चलें,मामला 5 अगस्त का है, जब वादी ने थाना सीबीगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि मोहम्मद शाहिद पुत्र वली हसन (पति) समशा पत्नी वली हसन (सास), वली हसन (ससुर) सितारा पुत्री वली हसन (नंद) सद्दाम पुत्र वली हसन (जेठ) हसनूर पत्नी सद्दमा डावर पुत्र वली हसन (जेठ) और बन्नो पत्नी डावर सभी निवासी ग्राम बिधौलिया, थाना सीबीगंज, जनपद बरेली, ने वादी की पुत्री से दहेज में 5 लाख की मांग की। मांग पूरी न होने पर आरोपियों ने गाली-गलौज, मारपीट और प्रताड़ना की, जिससे पीड़िता की मौत हो गई। इस मामले में गंभीर धाराओं और दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत, 13 अगस्त की सुबह पुलिस ने गश्त के दौरान सनौआ मोड़ से मुख्य आरोपी मोहम्मद शाहिदको गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# हर घर तिरंगा मुहिम के तहत चप्पे चप्पे पर देश की शान तिरंगा लहराया

## हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी ने गांधी उद्यान से तिरंगा रैली का किया शुभारम्भ

- तिरंगा सेल्फी प्वाइंट पर खड़े होकर जिलाधिकारी ने खिचवाई फोटो, साथ ही स्वयं तिरंगा के साथ सेल्फी लेकर जनमानस को सेल्फी अपलोड करने हेतु किया प्रेरित

नेशनल एक्सप्रेस / दुष्येंद्र कुमार



बरेली, 13 अगस्त। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत हर घर तिरंगा अभियान 2025 के क्रम में बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित वृहद तिरंगा रैली का जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आज गांधी उद्यान से शुभारम्भ किया। यह रैली गाँधी उद्यान से प्रारम्भ होकर, जिला जज आवास से सर्किट हाउस रोड से सर्किट हाउस चौराहा होते हुए आयुक्त कार्यालय में स्थित शहीद स्तम्भ पर समाप्त हुई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा प्रतिभागियों को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता एवं देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने का संदेश दिया गया। तिरंगा रैली के माध्यम से नागरिकों में स्वतंत्रता संग्राम के महत्त्व, राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान एवं राष्ट्रप्रेम के प्रति जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षण संस्थानों, स्वयंसेवी संस्थाओं सामाजिक संगठनों, तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों के साथ रैली को सफल एवं ऐतिहासिक बनाया। जिलाधिकारी ने कहा कि हर घर तिरंगा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है। उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि वे 15 अगस्त को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर देशप्रेम की भावना को और सशक्त करें। तिरंगा सेल्फी प्वाइंट पर खड़े होकर जिलाधिकारी ने खिचवाई फोटो, साथ ही स्वयं तिरंगा के साथ सेल्फी लेकर जनमानस को सेल्फी अपलोड करने हेतु प्रेरित किया। इस विशेष आयोजन का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति की भावना का संचार तथा तिरंगे के ऐतिहासिक महत्व को जन-जन तक पहुँचाना रहा। उक्त आयोजन में अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम आलोक कुमार, अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय, जिला विद्यालय निरीक्षक अजीत कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय सिंह बड़ी संख्या में आम नागरिक, स्कूली बच्चें सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शराब के नशे में पत्नी से लड़ाई, खुद की जान दांव पर लगाई



नेशनल एक्सप्रेस/अनुराग शर्मा

बरेली। थाना सिरौली कस्बा निवासी 30 वर्षीय प्रदीप पुत्र हरिशंकर ने बताया कि पत्नी पूजा से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद के दौरान शराब के नशे में प्रदीप ने अपनी गर्दन पर धारदार ब्लेड से हमला कर लिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। प्रदीप ने बताया कि उसकी पत्नी बिहार में रक्षाबंधन मनाने गई थी और अभी तक लौटी नहीं है। इसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद उसने नशे में यह कदम उठा लिया। फिलहाल उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

# नवजात शिशु को अस्पताल से घर ले जाते हुए दादी और पोते की मौत

## खुशी मातम में बदली

कार हादसे में दादी और नवजात की मौत, दंपत्ति गंभीर घायल

नेशनल एक्सप्रेस




पीलीभीत। थाना बीसलपुर क्षेत्र के गांव बसरा में खुशी का माहौल उस समय मातम में बदल गया, जब नवजात को घर लाते समय हुए सड़क हादसे में दादी और नवजात बच्चे की मौत हो गई, जबकि पिता और मां गंभीर रूप से घायल हो गए।

क्या है पूरा मामला आपको बताते चले।गांव बसरा निवासी अभिषेक मिश्रा ने बताया कि उनके छोटे भाई शिवम मिश्रा (30) की पत्नी रोमी (26) ने बरेली के राजेंद्र नगर स्थित नीलकंठ अस्पताल में बेटे को जन्म दिया था। नार्मल डिलीवरी के बाद मंगलवार शाम को शिवम अपनी पत्नी रोमी, मां रेखा देवी (50) और एक दिन के नवजात बच्चे को लेकर कार से घर लौट रहे थे। जैसे ही कार चुरा सकतपुर के पास पहुंची, किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रेखा देवी और नवजात की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शिवम और रोमी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया और शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अचानक हुए इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

# फरवरी में 'राधा' बनी दानिया ने घर वापसी पर खोले राज... बताया मां की रची स्क्रिप्ट

## शादी व धर्म परिवर्तन से किया इनकार, कहा लिव-इन में रह रही थी हर्षित के साथ

## सौतेली मां पर लगाया साजिश और ब्लैकमेल का आरोप

नेशनल एक्सप्रेस/ब्यूरो पवन त्रिपाठी

बरेली। प्रेमनगर थाना क्षेत्र की रहने वाली दानिया खान, जो इसी साल फरवरी में अचानक घर छोडकर सोशल मीडिया पर 'राधा' के नाम से चर्चित हो गई थी, छह महीने बाद बरेली लौटी तो एक बार फिर सुर्खियों में है।

इस बार दानिया ने सौतेली मां पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसका कहना है कि सौतेली मां ने उसे एक लडके के साथ रिश्ते में फंसाया और फिर पैसों के लिए ब्लैकमेल करन शुरू कर दिया। दानिया का कहना है कि₹ मैने हर्षित यादव से शादी नहीं की है, न ही धर्म परिवर्तन किया है। हम केवल वृदावन में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे थे।

आरोप है कि सौतेली मां ने पहले हर्षित से दोस्ती के लिए उकसाया, फिर पैसों की मांग करते हुए ब्लैकमेल किया।



आपको बताते चलें,5 फरवरी 2025 की रात 8 बजे दानिया घर से लापता हो गई थी।

अगले दिन पिता सुहैन रजा ने गुमशुदगी दर्ज कराई। इस बीच, दानिया के इंस्टाग्राम पर वीडियो आए जिसमें उसने खुद को बालिग बताते हुए कहा था ₹मेरा अपहरण नहीं हुआ, मैं अपनी मर्जी से हर्षित के साथ हूं।₹ उस समय दानिया ने खुद का 'राधा' बताते हुए कहा था कि उसने सनातन धर्म अपना लिया है और मंदिर में शादी कर ली है। वीडियो में वह सिंदूर और तिलक लगए नजर आई थी।

फरवरी में दानिया ने अपने माता-पिता को निर्दोष बताते हुए कहा था कि मेरे परवरिश अच्छी हुई, गलती मेरी है। माता-पिता को दोष न दें। और उसने आलोचकों को नसीहत दी थी। उसने अपनी सौतेली मां पर वही पुराने आरोप लगाए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### होटलों मे चल रहे सेक्स रैकेट पर पुलिस की नजर




नेशनल एक्सप्रेस/बरेली। किला थाना क्षेत्र में उस समय हडकंप मच गया, जब किसी ने पुलिस को सूचना दी कि होटल में सैक्स राकेट चल रहा है। घटना की सूचना पर थाना किला पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। दोनों से पूछताछ की जा रही है। सुबह करीब 11 बजे के समय मलुकपुर चौकी इंचार्ज सतेंद्र सिंह को किसी ने सूचना दी कि हुनमान मंदिर के पास सैक्स रैकेट चल रहा है। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जाकर देखा, तो होटल में एक युवक-युवती मौजूद थे। तुरंत ही दोनों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर थाने ले आई। थाना किला प्रभारी सुरेश कुमार गौतम दोनों से पूछताछ कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि दोनों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। खबर लिखी जाने तक पुलिस की पुछताछ जारी थी।

### डिजिटल अरेस्ट : 42 घंटे तक महिला को उसके ही घर में बंधक बनाकर रखा



पवन त्रिपाठी/बरेली। डॉयल 112 पर मिली सूचना के बाद पुलिस ने एक महिला को 42 घंटे के ह्यडिजिटल अरेस्टह्न से मुक्त कराया। पीड़िता गुलशन कुमारी, निवासी एकतानगर, थाना प्रेमनगर, ने बताया कि 11 अगस्त दोपहर 3 बजे से अनजान फोन नंबर से कॉल आ रही थी। कॉलर ने खुद को सरकारी एजेंसी से जुड़ा बताते हुए अरेस्ट वारंट और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में फंसाने की धमकी दी, 70 लाख रुपये की मांग की और घर में ही रहने को कहा। साथ ही, इस बारे में किसी को न बताने का निर्देश दिया। सूचना पर एसएसपी के निर्देश पर एसपी सिटी, प्रेमनगर पुलिस और डॉयल 112 टीम मौके पर पहुंची और महिला को सुरक्षित बाहर निकाला। मौके पर पुलिस अधीक्षक नगर ने पीड़िता को साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट से बचाव के तरीके समझाए। डिजिटल अरेस्ट का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। अनजान नंबर से आने वाली कॉल या वीडियो कॉल पर भरोसा न करें और अपनी निजी जानकारी साझा न करें। यदि कोई डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाए, तो तुरंत स्थानीय पुलिस या साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 से संपर्क करें।

### सदर विधायक महबूब अली ने विधानसभा अध्यक्ष की गैरमौजूदगी में की विधानसभा की कार्यवाही



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो अमरोहा। पूर्व कैबिनेट मंत्री, लोकलेखा समिति के सभापति, अधिष्ठाता मण्डल के सदस्य महबूब अली ने विधान सभा अध्यक्ष की गैर मौजूदगी में उत्तर प्रदेश विधान सभा सदन की कार्यवाही करने का मौका मिला। श्री अली ने सदस्यो की समस्याओं को सुनकर विभागीय मंत्री से उनकी समस्याओं का समाधान करने को कहा जिस पर विभागीय मंत्री ने उन समस्याओं का निदान कराने का आश्वासन दिया। जनपद अमरोहा की स्थापना के बाद यह दूसरी बार मौका है जो अमरोहा जनपद के विधायक को विधान सभा सदन की कार्यवाही करने का मौका मिला। श्री अली ने कहा कि यह सम्मान मुझे नही अमरोहा विधान सभा व जनपद अमरोहा के प्रत्येक नागरिक को मिला है। विधान सभा अमरोहा के सभी समाजवादी पार्टी के समर्थको मे इस बात को लेकर उत्साह का माहोल है तथा सभी समर्थको के चेहरे खिले हुए है उन्होने इस खुशी के मौके पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुबारकबाद दी।

### पुलिस ने युवक को अवैध असलाह सहित किया गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर । सिरसागंज ' फिरोजाबाद पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना नगला खंगर पुलिस ने अभियुक्त रिंकू पुत्र श्यामसिंह यादव निवासी बोबा थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद को अवैध असलाह सहित गिरफ्तार किया है ' पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को जेल भेजा है ।

# जिला प्रशासन व अमरोहा नगरपालिका की संयुक्त तिरंगा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो अमरोहा।



हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन व नगर पालिका परिषद द्वारा संयुक्त विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा को जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यात्रा नगर के मिनी स्टेडियम से आरम्भ होकर आर्य समाज चौराहा, कोट चौराहा, मुख्य बाजार मे कोतवाली होते हुए जगदीश सरन हिन्दू कालेज के मैदान पर जाकर समाप्त हुई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा की देश को स्वतंत्रता दिलाने वाले वीर सपूतों की वीरता को नमन किये जाने एवं ऐसे वीर सपूतों की महान गाथा आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने एवं भारत की स्वतंत्रता को पूरे गौरव एवं जोश के साथ विस्तृत एवं व्यापक रूप से मनाये जाने के उद्देश्य से सरकार द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया है। जिसके अंतर्गत आज इस विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गयी है। श्रीमती शशि जैन अपने सम्बोधन मे कहा गया की भारत की स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान मे आज जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित तिरंगा यात्रा मे नगर के राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों, स्कूली छात्र छात्राओं, सहित भारी संख्या मे नगरवासियो द्वारा किये गए प्रतिभाग से स्पष्ट है की आज भारत का प्रत्येक नागरिक अपने देश की स्वतंत्रता एवं देश की आजादी मे अपने प्राणो की आहुति देने वाले महान. वीर सपूतो को नमन करने एवं गर्व के साथ अपनी भावनाओं को प्रकट करने के लिए तत्पर है। श्रीमती शशि जैन द्वारा आज की यात्रा मे भारी संख्या मे सम्मिलित हुए लोगो का अभिवादन एवं धन्यवाद किया गया। यात्रा मे सबसे आगे विभिन्न स्कूलों की झाँकिया, स्कूली छात्र छात्राएं,उसके पीछे नगर पालिका परिषद का बैंड तथा अंत मे मे जन प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी, नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, व्यापारिक संगठनों के लोग मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा का नगर में जगह जगह स्वागत किया गया।

# पुष्पा सारस्वत स्मृति इंटर कालेज में जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता आयोजित



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो अमरोहा।

पुष्पा सारस्वत स्मृति इंटर कालेज मंगूपूरा में जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अंडर 14,17, 19 वर्ग की टीमों का बालक एवं बालिका वर्ग में चयन मंडलिय प्रतियोगिता के लिए किया गया?। स्कूल प्रबन्धक एवं बास्केटबॉल एसोसिएशन के जिला सचिव बसंत सारस्वत ने प्रतियोगिता का उद्घाटन कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर जनपद के कृष्ण बाल मन्दिर इंटर कॉलेज, जे.एस. हिन्दू इंटर कॉलेज, जय शिव कन्या इंटर कालेज बुढ़ेरना, इंटर कालेज जमना खास आदि विद्यालयों की टीमों ने हिस्सा लिया।आयोजन में निर्णायक का कार्य प्रनव मिश्र ने किया। चयनकर्ता के रूप में मुनेंद्र सिंह और रश्मि कौर रहे।

प्रतियोगिता का संचालन शरत मिश्रा ने किया। इस अवसर पर प्रदीप, उपेंद्र सिंह सुशील शर्मा, मुनेंद्र, रश्मि कौर मंजू चौहान आदि मौजूद रहे।

# श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यक्रम आयोजित



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अमरोहा। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में पश्चिमी यू0पी0 के युवाओ को कौशल विकास एवं स्वरोजगार से जोड़ने वाली उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना अभियान के तहत एक दिवसीय क्षमता विकास कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित बिजनेस एक्सपर्ट ने युवाओ को नवाचारो वाले सैकडो बिजनेस आईडियाज के बारे में विस्तार बताते हुए बिजनेस प्लानिंग, प्रोजेक्ट रिपोर्टस एवं स्टार्ट अप शुरू करने के लिए ऋण प्रक्रिया के बारे में डिटेल में समझाया।

इस अवसर पर ढाई सौ करोड से अधिक के पाँच नये एम0ओ0यू0 भी साईन किये गये। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के डॉ0 सी0वी0 रमन सभागार में आयोजित युवा उद्यमी योजना के तहत एकदिवसीय क्षमता विकास कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी निधि गुप्ता, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी मिश्र, डिप्टी कमिश्नर उद्योग शैलेन्द्र सिंह, कुलपति प्रो0 कृष्णकान्त दवे आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने प्रदेश के मुख्यमंत्री की युवाओ को कौशल विकास एवं रोजगार से जोड़ने वाली शानदार योजना मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इस शानदार योजना से प्रदेश के एक करोड़ युवाओ को स्वरोजगार से जोड़ते हुए पचहत्तर से अधिक नये नवाचारो वाले स्टार्टअप द्वारा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पंख लगेगे, वही दूसरी और वन डिस्ट्रिक-वन प्रोडक्ट योजना से स्वदेशी उत्पादो को बढावा मिलने से स्थानीय नागरिको के जीवन की दिशा व दशा सुधरेगी।

एडीएम न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जुबिलियेन्ट के निदेशक पी0आर0 सुनील दीक्षित, ए0डी0एम राजस्व, सभी एस0डी0एम0, सी0एम0ओ0 डॉ0 एस0पी0 सिंह, जिला उद्यान अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला ऋण अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, विभिन्न बैंको के अधिकारी, आई0टी0आई0 प्राचार्या, राजकीय पॉलीटेक्निक प्राचार्य, जिला विद्यालय निरीक्षक, याशी चौहान, मेरठ परिसर से डॉ0 प्रताप, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।

## श्री वेंक्टेश्वरा विवि में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर विशाल तिरंगा रैली का आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

अमरोहा। श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग पर विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के हजारों छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षको, कर्मचारियों, अधिकारियों ने प्रतिभाग करते हुए भारत मां के जय घोष के साथ देश के अमर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से यह विशाल तिरंगा यात्रा शुरू होकर राष्ट्रीय राजमार्ग- 9 पर होते हुए रजबपुर जाकर समाप्त हुई। अपने संबोधन में संस्थापक अध्यक्ष डॉ सुधीर गिरि ने कहा कि राष्ट्र प्रेम से बढ़कर कोई प्रेम नहीं होता। हर व्यक्ति



के नसीब में बॉर्डर पर जाकर लड़ाई लड़ना नहीं है, लेकिन यदि हम अपने-अपने क्षेत्र में शानदार काम करते हुए ईमानदारी से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें, तो इसे भी सच्ची राष्ट्र सेवा माना जाएगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो (डॉ) कृष्णकांत दवे, कुलसचिव प्रो पीयूष पांडे, भाजयुमो जिला अध्यक्ष शुभम चौधरी, डीन/डायरेक्टर एकेडमिक डॉ राजेश सिंह, डॉ नीतू पवार, डॉ अन्ना ब्राउन, डॉ ओमप्रकाश गोसाई, डॉ अश्विन सक्सेना, डॉ योगेश्वर शर्मा, डॉ एस एन साहू, डॉ दर्पण कौशिक, डॉ सुमन कुमारी, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि मौजूद रहे।

# डीएम-एसपी ने हर घर तिरंगा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

● पुलिस विभाग एवं माल खाने को आवंटित की गई भूमि का जिलाधिकारी ने स्थलीय किया निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

संभल। बहजोई हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कलक्ट्रेट परिसर से उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जनपद संभल के सौजन्य से तिरंगा रैली का आयोजन किया गया ' जिसको जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।जिला पंचायती राज



अधिकारी उपेंद्र कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि यह रैली ग्रामीण क्षेत्रों में होते हुए संभल विकासखंड में पहुंचेगी तथा वहीं रैली का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, जिला पंचायती राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पाण्डेय सहित समस्त संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके उपरांत नगर पालिका बहजोई स्थित रोडवेज स्टैंड के निकट



पुलिस विभाग एवं माल खाने को आवंटित की गई भूमि का जिलाधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया एवं उसके विषय में विस्तार पूर्वक मौके पर जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष बहजोई राजेश शंकर राजू एवं संबंधित लेखपाल सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गेट पर कूड़ा डालने को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज के साथ हुई मारपीट

● दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव काजी बेहटा में दरवाजे पर पड़े कूड़े के के मामले में मामूली कहां सुनी के चलते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और एक दूसरे पर मारपीट करने लगे जिसके चलते दो लोग चोटिल हो गए बुधवार दोपहर करीब 1 बजे गांव काजी बहेटा मे गेट के सामने पड़े कूड़े के ठेर के होने से दो पक्ष आमने-सामने आ गए जिसमें पहले गली-गलौच शुरू हुई और बाद में लाठी डंडों से मारपीट पर आमादा हो गए जिसमें दोनों पक्षो में से दो लोग चोटिल हुए हैं जबकि दोनों पक्ष थाना पहुंच कर एक



दूसरे पर आरोप लगाते हुए ' एक दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# डीएम ने बैंक प्रबंधकों के साथ पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की ली समीक्षा बैठक

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल। बुधवार को बहजोई कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाधिकारी ने बैंक प्रबंधकों के साथ बैठक कर गहन समीक्षा की और जिलाधिकारी ने कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत जो लंबित आवेदन है उनका यथाशीघ्र निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि एनआरएलएम के जो सीसीएल है उनका भी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए अगर किसी प्रकार की लापरवाही संज्ञान में आती है तो आरबीआई की गाइडलाइन के



अनुसार संबंधित के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। भारत सरकार एवं राज्य सरकार की लाभार्थी परक जो योजनाएं चल रही हैं उनको बैंक प्राथमिकता पर रखते हुए कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट,, डिप्टी कलक्टर रामानुज, जिला अग्रणी प्रबंधक केनरा बैंक ललित कुमार रॉय, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# ट्रेन में मां-बाप से बिछड़ी बच्ची को जीआरपी पुलिस ने परिजनों को सौंपा

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। पुलिस अधीक्षक रेलवे, मुरादाबाद आशुतोष शुक्ला के कुशल निर्देशन एवं पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, मुरादाबाद अनिल सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह एवं रात्रिधिकारी उ०नि० सूरजपाल सिंह एवं का0 मनोज कुमार व का0 कुलदीप सिंह को समय करीब 03.40 बजे रेलवे स्टेशन चन्दौसी के प्लेटफार्म नं० 1 पर एक बच्ची उम्र करीब 05 वर्ष रोते-बिलखते हुए मिली जिससे नाम व पता पूछा तो अपना नाम पता नही बता पा रही थी।

तत्पश्चात कुछ समय पहले रेलवे स्टेशन चन्दौसी के प्लेटफार्म नं0-01 से रवाना ट्रेन नं0-15012 चण्डीगढ लखनऊ एक्स के टीटी व स्टाफ का मोबाइल नम्बर प्राप्त करके जरिये दूरभाष



वार्ता की गयी तो ज्ञात हुआ कि एक परिवार रेलवे स्टेशन अम्बाला से रेलवे स्टेशन शहाजहाँपुर तक कोच एस-3 की सीट नं0-36,37 पर यात्रा कर रहा है। ट्रेन में अपनी बच्ची को काफी देर से तलाश रहा है। टीटी द्वारा ट्रेन में तलाश रहे बच्ची के माता पिता से द्वारा दूरभाष से बात कराई गयी तो बच्ची के पिता जाकिर को बच्ची का फोटो दिखा कर पहचान कराई गयी तो उसने बताया कि यही मेरी बच्ची कु० साईना है। तत्पश्चात बच्ची के माता पिता को अगले रेलवे स्टेशन आँवला पर उतखा कर रेलवे स्टेशन चन्दौसी बुलाया गया। बच्ची के पिता जाकिर पुत्र साबिर अली निवासी ग्राम मीरपुर जनपद लखीमपुर खीरी मो0नं0-9580148279 द्वारा बताया गया कि हम लोग सो रहे थे। हमे पता ही नहीं चला कि कब हमारी बच्ची ट्रेन से किसी स्टेशन पर उतर गयी। हम लोग अपनी सीट पर सो रहे थे जब हम लोगो की आँख खुलने पर बच्ची को ना पाकर काफी देर से ट्रेन मे तलाश कर रहे थे। कु० साईना उपरोक्त को उसकी इच्छानुसार भोजन कराया गया। बच्ची के पिता जाकिर उपरोक्त व माता श्रीमती पम्मी बानी अपनी लडकी कु० साईना को देखकर बहुत खुश हो गये। बच्ची कु० साईना उपरोक्त को उसके पिता जाकिर उपरोक्त व माता पम्मी बानौ उपरोक्त को नियमानुसार सुपुर्दगी में देकर सकुशल थाने से रुखसत किया गया। परिजनों द्वारा अपने बच्चों को सकुशल पाकर थाना जी०आर०पी चन्दौसी पुलिस की भूरी भूरी प्रशंसा की।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी स्कूल में पढ़ कर आ रहे बच्चों के विवाद में बड़ों के बीच मारपीट

नेशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार/चंदौसी ' सरकारी स्कूल में पढ़ के आ रहे कक्षा 2 के छात्र छात्रा के बीच हुई मामूली कहासुनी के चलते बड़ों में मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए थाना बनियाठेर पुलिस को शिकायत दी ह ' बुधवार दोपहर गांव अमियापुर पाचक के सरकारी स्कूल की छुट्टी होने के बाद से वापस घर लौट रहे कक्षा 2 के छात्र-छात्रा के बीच मामूली कहां सुनी हो गई जिसके चलते दोनों बच्चों ने आपबीती घर पर बताई जिस पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए आरोप के मुताबिक एक पक्ष में थाने में दी तहरीर में बताया गया कि एक पक्ष के व्यक्ति ने पहले कक्षा दो में पढ़ रहे दीपांशु के साथ मारपीट की और वह मारते हुए घर पर ले गया जिसका विरोध बच्चों की मां ने किया तो उसके साथ भी मारपीट करने का शिकायतकर्ता महिला ने आरोप लगाया है जबकि दीपांशु के मुंह पर चोट लग गई हालांकि छात्रा के पक्ष से भी थाना बनियाठेर में शिकायत दी है जबकि पुलिस ने दोनों पक्षों से मिली शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है

### वैश्य एकता मंच, चंदौसी स्वतंत्रता दिवस अवसर अभियान चलाकर नगर में घर-घर तिरंगा पहुंचाएं



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी ' बुधवार को वैश्य एकता मंच,चंदौसी (सम्भल) द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा अभियान में नगर के ब्रह्म बाजार में घर घर तिरंगा वितरित किए गए। इस अवसर पर मंच के अध्यक्ष ने कहा ह्यहर घर तिरंगाह्न अभियान की शुरूआत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय ध्वज को केवल सरकारी इमारतों और संस्थानों तक सीमित न रखकर, हर भारतीय के घर तक पहुंचाना है। जब हम अपने घर पर तिरंगा फहराते हैं, तो यह हमारी देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक बन जाता है। इस मौके पर वैश्य एकता मंच के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन बालाजी, संगठन मंत्री डॉक्टर दिशांत गुप्ता, महामंत्री आकाश वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष दीपेश वार्ष्णेय सेठ, महामंत्री तुषार क्रिस्टल, मीडिया प्रभारी अनमोल अग्रवाल, प्रचार मंत्री अभिनव वार्ष्णेय, अंकित शीरा, मंत्री मोहित बंसल, गौरव वार्ष्णेय आदि का विशेष योगदान रहा।

### रविवार को आयोजित होने वाली कला प्रतियोगिता के संबंध में गहन विचार विमर्श हुआ

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी ' बुधवार को श्री नारायण सेवा समिति चंदौसी की एक अति आवश्यक बैठक ब्रजनगर स्थित भोलेनाथ भवन में आयोजित की गई जिसमें आगामी रविवार को आयोजित होने वाली कला प्रतियोगिता के संबंध में गहन विचार विमर्श हुआ और नगर के तीनों परीक्षा केंद्रों हनुमानगढ़ी, चंदौसी पब्लिक स्कूल एवं सेंट थॉमस पब्लिक स्कूल पर व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए संस्था के पदाधिकरियों एवं सदस्यों को



जिम्मेदारियां सौंपी गई और कार्य विभाजन किया गया । अध्यक्ष सुभाष वार्ष्णेय भोलेनाथ ने कहा कि कला प्रतियोगिता के दिन हम सबको अपने जिम्मेदारी के हिसाब से प्रातः 8:30 बजे परीक्षा केंद्र पर पहुंच जाना चाहिए । प्रबंधक हरीश कठेरिया ने बताया कि हर केंद्र पर कक्ष निरीक्षकों के साथ एक पर्यवेक्षक आवश्यक है । इस दौरान जिम्मेदारी के रूप में दृगपाल जी को पर्यवेक्षण, कृष्ण गोपाल मंगलम् तथा के. जी. गुप्ता को प्रविष्टि फॉर्म व सूची संग्राहक, डॉ. जयशंकर दुबे व विपिन गुप्ता को आर्ट शीट वितरण व संग्रह, सुभाष वार्ष्णेय एवं विपिन गुप्ता को सर्व व्यवस्था प्रमुख और विपिन कुमार बालाजी को निरीक्षण का दायित्व दिया

# डिलीवरी कराने आई महिला की उपचार के दौरान मौत

नेशनल एक्सप्रेस महेंद्र सिंह मौर्य

चंदौसी। पुलिस बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव अल्लीपुर बुजुर्ग उर्फ बड़ा गांव निवासी मुकेश दिवाकर ने अपनी पत्नी राधा 30 वर्षीय को डिलीवरी के लिए मंगलवार की रात 8.30 बजे सीएचसी के महिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां महिला चिकित्सा स्टाफ ने रात 3 बजे डिलीवरी होने की बात कही। रात 3 बजे महिला की हालत खराब हो गई। परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। घटना की सूचना पर सीएचसी प्रभारी हरवेंदर सिंह मौके पर पहुंचे और महिला को मृत घोषित कर दिया वहीं परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया कि पीड़ा हुई तो महिला ने सीएचसी में तैनात महिला डॉक्टर को इसकी जानकारी दी वहीं लापरवाही के चलते बुधवार सुबह 3:00 के करीब महिला की इलाज के अभाव में मौत हो गई वहीं परिजनों में मौत की सूचना को





सुनकर कोहराम मच गया और जबकि परिजन मृतक महिला की मौत को लेकर आरोप लगाते रहे और संयुक्त चिकित्सालय चंदौसी में लोगों की भारी भीड़ जुट गई वहीं परिजनों ने महिला की मौत को लेकर जानकारी दी है सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और परिजनों से जानकारी की। अस्पताल स्टाफ व परिजनों में समझौता होने पर परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया। वहीं सीएचसी प्रभारी हरवेंदर सिंह ने बताया कि गर्भवती महिला की हालत खराब होने पर परिजनों से बाहर ले जाने को कहा गया। मगर परिजन गर्भवती को नहीं ले गए।

## न्यायालय परिसर में 30 अगस्त को नीलामी

नेशनल एक्सप्रेस /चंदौसी। बुधवार को प्रभारी नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय सम्भल स्थित चंदौसी के द्वारा बताया गया कि सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय सम्भल स्थित चंदौसी के न्यायालय परिसर में जामुन के पेड़ की टूटी शाखा प्रकाष्ठ है जिसकी नीलामी की जानी है। शाखा// प्रकाष्ठ की नीलामी के उपरान्त शुल्क संबंधित विभाग में टेण्डर के माध्यम से जमा करना होगा तत्पश्चात जामुन के पेड़ की टूटी शाखा/प्रकाष्ठ की प्रक्रिया की जायेगी। यदि कोई व्यक्ति उक्त जामुन के पेड़ की टूटी शाखा प्रकाष्ठ की नीलामी कार्यवाही में सम्मिलित होना चाहता है तो वह जनपद न्यायालय, सम्भल स्थित चंदौसी के केन्द्रीय नजारत अनुभाग से नियम व शर्तों की जानकारी प्राप्त कर सकता है। जामुन के पेड़ की टूटी शाखा प्रकाष्ठ की नीलामी दिनांक 30 अगस्त को समय सायं अपराह्व 04.30 बजे न्यायालय परिसर में की जायेगी।

## दो दिवसीय मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण शिविर का समापन



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। बुधवार को राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र संभल द्वारा ग्राम बनिया खेड़ा में चल रहे मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के अंतर्गत चल रहे दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण शिविर का समापन ब्लॉक मिशन मैनेजर बबलू सिंह एवं केंद्र प्रभारी नौसिंह एवं गांव प्रधान द्वारा लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण कर किया गया प्रशिक्षण के दौरान पिंकी सिंह विषय वस्तु विशेषज्ञ उद्यमी रिति का फूड्स एवं प्रशिक्षण केंद्र के द्वारा विभिन्न प्रकार के अचार मसाले की जानकारी दी गई तथा मिर्च का अचार बनाकर दिखाया गया तथा विशेषज्ञ गंगा दास जी द्वारा उद्योग लगाने हेतु प्रोजेक्ट रिपोर्ट कैसे तैयार करें इसके संबंध में बताया गया तथा तैयार अचार लाभार्थियों को वितरित कर दिया गया प्रमाण पत्र वितरण में द्वारकाधीश संकुल स्तरीय समिति न्याय पंचायत गुमथल ग्राम सभा बनिया खेड़ा की अध्यक्ष अनुपमा सिंह ,सचिव रश्मि ,स्वाति एवं मोहित कुमार गोद सहायक फल संरक्षण केंद्र आदि का विशेष सहयोग रहा

# डीएम-एसपी ने जनपद के समस्त अधिकारियों के साथ ली कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक

● प्रगति सही न पाए जाने पर जताई कड़ी नाराजगी, दिए दिशा निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

संभल। बहजोई कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत निरोधात्मक कार्यवाहियों को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एनडीपीएस, गैंगस्टर, आबकारी तथा जुआ आदि पर भी चर्चा की गयी। शस्त्र कैंसिल कराने की रिपोर्ट को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



पुलिस अधीक्षक में थाना वार गुंडा एक्ट एवं गैंगस्टर की कार्रवाइयों की गहन समीक्षा करते हुए प्रगति सही नहीं पाए जाने को लेकर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा,अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक आलोक भाटी,सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार एवं उप जिलाधिकारी संभल विकास चंद्र, सहित समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त थानाध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कैडेट्स एवं अधिकारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर निकाली रैली

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी। बुधवार को 24 यू.पी. बटालियन एन.सी.सी. के कमान अधिकारी कर्नल अमित गणेश के निर्देशन में तिरंगा रैली का आयोजन एस. एम. कॉलेज चंदौसी से किया गया। इस अवसर पर चंदौसी क्लस्टर के समस्त कॉलेज के जूनियर एवं सीनियर कैडेट्स एवं एन.सी.सी. अधिकारी प्रातः काल एन.सी.सी. वेशभूषा में हाथों में तिरंगा लेकर पूर्ण जोश से एसएम डिग्री कॉलेज से तिरंगा रैली प्रारंभ किया . रैली को कार्यवाहक प्राचार्य एन.के. शर्मा तथा एस.एम. इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. यह रैली सुभाष रोड, फवारा चौक , महात्मा गांधी रोड, मालवीय चौक, भगत सिंह







चौक, रेलवे स्टेशन रोड होते हुए पुनः एस.एम. डिग्री कॉलेज में संपन्न हुई। इस अवसर पर कैडेट्स देशभक्ति के नारे लगाते हुए बड़े जोश में नजर आए । इस अवसर पर 24 यूपी बटालियन से सूबेदार मेजर प्रदीप भट्ट, नायब सूबेदार सुविंदर, हवलदार दीपक, अजीम तथा एस.एम. कॉलेज से डॉ. अजय प्रकाश, अजीत सिंह एवं एन.सी.सी. अधिकारी मेजर मनीष शर्मा, मेजर श्री राम वर्मा, कैप्टन चंद्रवीर, लेफ्टिनेंट ओम प्रकाश के चीफ ऑफिसर राजीव कुमार इत्यादि उपस्थित रहे ' इस रैली में कैडेट्स ने राष्ट्रभक्ति के साथ अनुशासन एवं एकता का अभूतपूर्व संदेश प्रदान किया। यह जानकारी लेफ्टिनेंट अमरजीत मौर्य ने दी।

## संपादकीय

# जवाबदेही चुनाव आयोग की

चुनाव आयोग की जवाबदेही एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दा है, खासकर जब 'वोट चोरी' जैसे गंभीर आरोप सामने आते हैं। जब देश के करीब 300 सांसद इस मुद्दे पर सड़कों पर उतरते हैं, तो यह कोई सामान्य स्थिति नहीं रह जाती। ऐसी परिस्थितियों में चुनाव आयोग न तो चुप्पी साध सकता है और न ही विपक्षी नेताओं के हलफनामों का इंतजार कर सकता है। संविधान ने निष्पक्ष और तटस्थ निर्वाचन का दायित्व चुनाव आयोग को सौंपा है, इसलिए इसकी पूरी जवाबदेही भी उसी पर है। आयोग को 'वोट चोरी' के आरोपों पर स्वयं स्पष्ट और पारदर्शी जवाब देना चाहिए। औसत नागरिक का न्यायपालिका, संसद और चुनाव आयोग के प्रति गहरा विश्वास और सम्मान होता है। यह विश्वास और सम्मान किसी भी हाल में खंडित नहीं होना चाहिए।चुनाव आयोग ने हाल ही में सर्वोच्च अदालत में हलफनामा दाखिल कर आश्वासन दिया है कि बिहार की मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख सवालिया मतदाताओं के पक्ष को सुना जा सकता है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि मतदाता सूची से किसी पात्र और योग्य मतदाता का नाम हटाया जाता है, तो उन्हें पहले नोटिस जारी किया जाएगा, उनका स्पष्टीकरण सुना जाएगा, और फिर आयोग यह तय करेगा कि वे मतदाता के रूप में पात्र हैं या नहीं। बिहार के संदर्भ में यह प्रक्रिया 1 सितंबर तक जारी रहेगी। सर्वोच्च अदालत में इस मामले पर मंगलवार और बुधवार को सुनवाई तय की गई थी, जिसके बाद ही कोई अंतिम फैसला सामने आएगा। हालांकि, इस प्रक्रिया में चुनाव आयोग की छवि को कोई ठेस नहीं पहुंचनी चाहिए।मीडिया में चुनाव आयोग के लिए जिस तरह के विशेषण, रूपक और उपमाएं इस्तेमाल की जा रही हैं, वे न केवल अशोभनीय हैं, बल्कि अमर्यादित भी हैं। यह अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग है। आयोग पर 'भाजपाई' होने के आरोप लगाए जा रहे हैं, जो गंभीर और चिंताजनक हैं। आयोग को इन आरोपों पर न तो चुप रहना चाहिए और न ही केवल खंडन करना चाहिए। इसके बजाय, आयोग को इन आरोपों की सत्यता की जांच करनी चाहिए और देश के सामने यह स्पष्ट करना चाहिए कि 'वोट चोरी' के दावे कितने तथ्यात्मक हैं और कितने पूर्वाग्रह से प्रेरित हैं। विपक्ष का दावा है कि एक ही पते पर 80, 100 या उससे अधिक मतदाता दर्ज किए गए हैं। ऐसी खबरें देश के कई राज्यों से सामने आ रही हैं। आयोग को इन सभी मामलों पर स्पष्ट जवाब देना होगा। इस मुद्दे की सामाजिक और कामकाजी पृष्ठभूमि को भी समझना जरूरी है। भारत में 45 करोड़ से अधिक लोग प्रवासी हैं, जो अपने पुराने पते को छोड़कर नए पते पर मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाते हैं। यह प्रक्रिया खासकर असंगठित क्षेत्र के मजदूरों और कामगारों के लिए बेहद जटिल है। देश में 95 करोड़ से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं, जिनमें से महानगरों में 30 लाख से अधिक लोग ऐसे हैं, जिनके पास स्थायी पता नहीं है। वोटर आईडी कार्ड प्राप्त करने के लिए वे किसी अन्य व्यक्ति के पते का उपयोग करते हैं, जो उन्हें इसकी अनुमति देता है। इसके अलावा, निर्माण स्थलों पर काम करने वाले करीब 1 करोड़ मजदूर या तो उसी स्थल पर रहते हैं या आसपास के इलाकों में, या फिर ठेकेदार के किसी पते पर रहने को मजबूर होते हैं। क्या ऐसे लोगों को मताधिकार से वंचित किया जा सकता है? उनका स्थायी या पुश्तैनी पता होना हमेशा संभव नहीं होता।यह कहना गलत नहीं होगा कि एक ही पते पर कई मतदाताओं के नाम दर्ज करने की प्रक्रिया में धांधलेबाजी की आशंका हो सकती है। राजनीतिक दल अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए ऐसी गतिविधियों में लिप्त रहे हैं। हालांकि, इस मुद्दे को समग्रता में देखना होगा, क्योंकि यह अत्यंत संवेदनशील है। फर्जी वोट, बूथ कैप्चरिंग या मतदान के दिन बूथ लूटने की घटनाएं पहले भी होती रही हैं। अब जबकि मतदान ईवीएम के माध्यम से होता है, कई विपक्षी दलों को इस पर भी आपत्ति है। मौजूदा परिस्थितियों में 'वोट चोरी' की कोई गुंजाइश नहीं होनी चाहिए और इसकी पूरी जवाबदेही चुनाव आयोग की है।

# राष्ट्रवाद बनाम धार्मिक कट्टरता, बौद्धिक संतुलन की दरकार



संजीव ठाकुर

राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है। जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है।

राष्ट्रवाद सार्वभौमिक सत्य है। राष्ट्र के निर्माण में राष्ट्रवाद की भूमिका हमेशा अति महत्वपूर्ण रही है। देश के हर नागरिक की जिम्मेदारी भी है कि उसकी राष्ट्र के प्रति गहरी निष्ठा,समर्पण हो, पर इसका कतई आशय नहीं है की सत्ता लोलुप राजनीतिक पार्टियां राष्ट्रवाद को धर्म संप्रदाय से जोड़कर सत्ता हथियाने का अवसर या अस्त्र बनाने का प्रयास करें, निसंदेह इस बात से राष्ट्रीय भावना विखंडित,आहत होती है। ऐतिहासिक तौर पर लगातार सत्ता पर बने रहने के लालच से कोई भी राजा सम्राट अथवा बादशाह चिंता नहीं रहा है। वर्तमान परिदृश्य में राजनीतिक पार्टी के नेता भी सत्ता लोलुपता से परे नहीं है, इस संदर्भ में कई बार राष्ट्रवाद को धर्म से जोड़कर भावनात्मक तरीके से इसे सत्ता प्राप्ति का अस्त्र तथा अवसर बनाकर उपयोग किया जाता रहा है। सत्ता सदैव परिवर्तनशील होती रहनी चाहिए, यह एक स्वस्थ लोकतंत्र की परंपरा को और मजबूत बनाती है। लगातार सत्ता किसी भी सत्ताधीश को निरंकुश बनाकर अधिनायकवाद के बीज को रोपित करती है।





देश में अवसरवादी राजनीतिक दलों की उपस्थिति जातिवादी समीकरण के अतिवादी दृष्टिकोण, अब परिपक्व लोकतांत्रिक संस्थाओं का परिचालन एवं आमजन की सीमित तर्क बुद्धि एवं और दूरदर्शिता के कारण कई बार जनता के दूरगामी लाभ के स्थान पर तात्कालिक लाभ की प्रक्रिया से अवसरवादी अभिमत तथा तुष्टीकरण की नीति से जनता के लाभ के अवसर को दूर ले जाते हैं।

राजनीतिक पार्टियों की अवसरवादी तथा पद लोलुपता की अभिवृत्ति जनता को तुरंत लाभ देने की सर दूरदर्शन नीति लोकतंत्र को बहुत बड़े खतरे की ओर ले जाती है एवं इससे राष्ट्रीय विकास की क्षमता में बहुत ज्यादा स्खलन होने की संभावना होती है। जनता के हितों उनकी भावनाओं से खिलवाड़ कर शोषण करना अंततः राष्ट्रीय चरित्र तथा अनुशासन के स्थान पर आर्थिक तथा सामाजिक सुरक्षा चरित्र को जन्म देती है1 अवतारवाद राजनीति का एक अंग हो सकता है किंतु सदैव आशीर्वाद तथा पद लोलुपता राजनीति को गर्त में ले जाने सदस्य है यह अलग मुद्दा है कि जन भावना बहुमत की भावना तथा सामाजिक प्रथाएं एवं तात्कालिक हित किसी भी लोकतंत्र के लिए आवश्यक अंग हो सकते हैं लोकतंत्र में विशेष परिस्थितियों में जनता का समर्थन प्राप्त करना एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नए उपायों की अवधारणा उचित हो सकते और आवश्यक भी, किंतु राजनीति में पद लोलुपता अवसरवादी ता एवं जातिवाद को विखंडित करने की नियत किसी भी दृष्टि से लोकतंत्र के हित में नहीं दिखाई देती है1 भारतीय परंपरा में भी शाम दाम दंड भेद सुशासन का प्रमुख उपकरण मान लिया गया है पर इसके दूरगामी परिणाम तुष्टीकरण के साथ-साथ अनुशासन की महत्ता को कमतर करने का कार्य करते है1 यह सुनिश्चित है कि बिना विकसित लोकतांत्रिक उपकरणों के लोकप्रियता को मापना एक दुष्कर कार्य हो जाता है कई बार कम संख्या परंतु मजबूत संगठन वाले समूह के हित के लिए अनुचित साधन बनकर रह जाते हैं, और यही कारक बहुमत के शासन के लोकतांत्रिक आदर्श के विपरीत चले जाते हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों को अवसरवादी का पत्ता एवं दलबदल क्षति पहुंचाने के बहुत बड़े कारण है1 अवसरवाद तथा सत्ता की चाहत लोकतांत्रिक मूल्यों के दूरगामी दुष्परिणामों का बड़ा संकेत हो चुका है। भारतीय संविधान में भी लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं के छोटे-छोटे छिद्रों से राजनीतिक दल अवसर के जो ताने बाने बुनते हैं उससे राजनैतिक एवं ऐतिहासिक प्रति मानव को हमेशा नुकसान ही हुआ है। अब राजनीति में सिद्धांतों की प्रतिबद्धता बहुत निम्न स्तर पर पहुंच गई है जिससे लोकतांत्रिक नीतियों और सिद्धांतों मैं बहुत ज्यादा विसंगतियां पैदा हो चुकी हैं। लोकतंत्र में बहुमत के साथ अधिनायकवाद अवतारवाद सत्ता लोलुपता और जातिगत समीकरणों का गलत तरीके से उपयोग सामंतवादी आ लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं को जन्म दे सकता है। जातिवादी मतदान की लोकप्रियता वादी मजबूरी के कारण खाप पंचायतों का उदय हुआ है जो पंचायती लोकतंत्र को प्रतिस्थापित कर के मूलभूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के पतन का कारण भी बन सकता है। धर्म तथा धार्मिक प्रथाओं में समानता एवं स्वतंत्रता का हनन धार्मिक लोकतंत्र के अंत का ही स्वरूप है, जिसका कारण तुष्टीकरण आधारित लोकप्रियता वाद एवं अवतारवाद हो सकता है। पशु व्यापार गोवंश के पद पर एकतरफा प्रतिबंध को भी भारतीय लोकतंत्र के समानता स्वतंत्रता एवं धर्मनिरपेक्षता के आदेशों पर एक नकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है। अवतारवाद जातिवादी राजनीति और पद लोलुपता तानाशाही प्रवृत्ति को जन्म दे सकते हैं। अति राष्ट्रवादी होने के स्वरूप को ऑन कर तानाशाही की प्रवृत्ति को आम जनता के ऊपर लागना सैनिक तानाशाही अधिनायकवाद तथा फासीवाद को भी जन्म देने की प्रक्रिया के अंग हैं। लोकतंत्र में राजशाही की तरह शासकीय धन का मनमाना दुरुपयोग एक अनैतिकग प्रक्रिया है एवं यह सस्ती लोकप्रियता प्राप्त करने का निम्न स्तरीय हथकंडा भी है। इससे न सिर्फ जनता पर करों का बोझ पड़ता है बल्कि सार्वजनिक रूप से किए जाने वाले जनहित के कार्यों का भीक अवरोध बन जाता है। चुनाव में मतदान को प्रभावित करने के लिए टीवी में मोबाइल फोन लैपटॉप आदि का प्रॉब्लम भी लोकप्रियता किंतु आर्थिक दूरदर्शी एवं लोकतांत्रिक न्याय के प्रतिकूल है। बीसवीं सदी के लगभग सभी थाना गांव द्वारा किस प्रकार के सैनिक राष्ट्रवाद द्वारा सस्ती लोकप्रियता पाकर लोकतंत्र को रोकने का प्रयास किया गया। पाकिस्तान म्यानमार उत्तर कोरिया देशों में व्यापक सुरक्षा हिंसा आतंकवाद पर नियंत्रण की लूट प्रिय तावादी धारणा का प्रयोग सैन्य प्रभाव को बरकरार रखने के लिए रो रहा है। लोकतंत्र का सदैव उद्देश्य तथा आदर्श जनता का समर्थन प्राप्त करना जनता किसानों की छांव की पूर्ति करना एवं जनता की हर सुविधा का ध्यान रखना है। पर देश का लोकतंत्र सत्ताचरिता, अवसरवादीता एवं सत्तारूढ़ बने रहने की जुगत में क्षतिग्रस्त होता जा रहा है लोकतंत्र की भविष्य की संभावनाएं एवं उसके स्तंभ कमजोर होते जा रहे हैं ऐसे में देश के समृद्ध एवं प्रबुद्ध वर्ग को पहल करने आगे आना होगा वरना लोकतंत्र के दुरुपयोग के दूरगामी परिणाम विध्वंसकारी भी हो सकते हैं। पता अवसरवादी लोकप्रियता वादी विचारों के असंतुलित तात्कालिक लाभों के स्थान पर बहुआयामी लोकतांत्रिक ढांचे के भीतर ही संतुलित विकास एवं समायोजन पर ध्यान देना चाहिए।परिणाम स्वरूप जनता ,सरकार ,राजनीतिक दल, मीडिया, सिविल सोसाइटी तथा अन्य सभी के हित की दृष्टि में बहुत ही व्यापक तथा दूरगामी परिणाम लाने वाले लोकतांत्रिक स्तंभ को एकजुट होकर सामाजिक संतुलन बनाए रखना होगा। एवं हम सभी के समेकित प्रयास से लोकतांत्रिक मूल्यों सिद्धांतों एवं उसकी मूलभूत अवधारणाओं की रक्षा हो सकेगी।

## इतिहास में आज का दिन



14 अगस्त का दिन विश्व इतिहास में कई महत्वपूर्ण घटनाओं के लिए जाना जाता है। यह तारीख विभिन्न देशों, संस्कृतियों और समाजों के लिए अलग-अलग संदर्भों में विशेष महत्व रखती है। इस दिन कई ऐतिहासिक, राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक घटनाएं घटीं, जिन्होंने विश्व के इतिहास को प्रभावित किया। इस लेख में 14 अगस्त से जुड़ी कुछ प्रमुख घटनाओं का उल्लेख किया गया है, जो इस दिन को यादगार बनाती हैं।सबसे पहले, 14 अगस्त का दिन भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

14 अगस्त 1947 को पाकिस्तान एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अस्तित्व में आया। यह वह दिन था जब ब्रिटिश शासन से मुक्ति मिलने के बाद भारत का विभाजन हुआ और पाकिस्तान का निर्माण हुआ। मोहम्मद अली जिन्ना के नेतृत्व में मुस्लिम लीग ने एक अलग राष्ट्र की मांग की थी, जिसके परिणामस्वरूप यह ऐतिहासिक घटना घटी। इस दिन को पाकिस्तान में स्वतंत्रता दिवस के रूप में उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया जाता है। इस घटना ने दक्षिण एशिया के भू-राजनीतिक परिदृश्य को हमेशा के लिए बदल दिया।विश्व के अन्य हिस्सों में भी 14 अगस्त का दिन कई महत्वपूर्ण घटनाओं का साक्षी रहा है। 1880 में, जर्मन दार्शनिक और इतिहासकार फ्रेडरिक नीत्शे ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक थस स्पोक ज़रथुस्त्रा का पहला हिस्सा पूरा किया। यह पुस्तक पश्चिमी दर्शनशास्त्र में एक महत्वपूर्ण कृति मानी जाती है और इसने आधुनिक विचारधारा को गहराई से प्रभावित किया। नीत्शे के विचारों ने व्यक्तिवाद और नैतिकता जैसे विषयों पर नई बहस छेड़ी।14 अगस्त 1945 को द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान एक और महत्वपूर्ण घटना घटी। इस दिन जापान ने मित्र राष्ट्रों के सामने आत्मसमर्पण करने की घोषणा की। यह घोषणा युद्ध के अंत की ओर एक महत्वपूर्ण कदम थी। जापान के सम्राट हिरोहितो ने रेडियो पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए आत्मसमर्पण की घोषणा की, जो जापानी इतिहास में पहली बार था जब सम्राट ने जनता से सीधे बात की। इस घटना ने विश्व युद्ध को समाप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और वैश्विक शांति की दिशा में एक नया अध्याय शुरू हुआ।सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी 14 अगस्त का दिन उल्लेखनीय रहा है। 1971 में, बहरीन ने ब्रिटिश संरक्षण से स्वतंत्रता प्राप्त की। यह खाड़ी देश के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने इसे एक संप्रभु राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। इसके अलावा, 1980 में पोलैंड में लेच वालेंसा के नेतृत्व में सॉलिडेरिटी आंदोलन ने ग्दान्स्क शिपयार्ड में हड़ताल शुरू की, जो कम्युनिस्ट शासन के खिलाफ एक बड़ा जनआंदोलन बन गया। इस आंदोलन ने पोलैंड में लोकतांत्रिक सुधारों की नींव रखी और विश्व स्तर पर श्रमिक आंदोलनों को प्रेरित किया।14 अगस्त का दिन विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण रहा है। 2003 में, उत्तरी अमेरिका में बड़े पैमाने पर बिजली कटौती हुई, जिसे ₹नॉर्थईस्ट ब्लैकआउट₹ के नाम से जाना जाता है। इस घटना ने संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा के कई हिस्सों को प्रभावित किया और ऊर्जा अवसंरचना की कमजोरियों को उजागर किया। इसने आधुनिक समाज की तकनीकी निर्भरता पर भी सवाल उठाए। भारत के संदर्भ में, 14 अगस्त का दिन स्वतंत्रता की पूर्व संध्या के रूप में भी देखा जाता है।

## समसामयिक

# तालिबानी शासन बनाम स्त्री अधिकार



ऋषभदेव शर्मा

अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान को कब्जा किए इस 15 अगस्त को चार साल हो रहे हैं। अफसोस कि इस दौरान इस शासन ने अफगान महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों को अभूतपूर्व गहराई तक धकेल दिया है। तालिबानी शासन के तहत, महिलाओं की स्वतंत्रता, शिक्षा और सामाजिक भागीदारी पर लगातार हमले हुए हैं। इस स्थिति ने न केवल अफगान समाज को, बल्कि वैश्विक मानवाधिकार समुदाय को भी झकझोर कर रख दिया है। हालाँकि, जब तालिबान ने सत्ता हथियाई, तब उन्होंने दावा किया था कि इस्लामी कानून के दायरे में महिलाओं के अधिकारों का सम्मान किया जाएगा। लेकिन चार वर्षों के उनके शासन में दुनिया ने इस वादे की धज्जियाँ उड़ते देखी हैं। संयुक्त राष्ट्र ने माना है कि तालिबान ने कानूनी और न्यायिक प्रणाली को हथियार बनाकर महिलाओं के खिलाफ व्यवस्थित अत्याचार किए हैं, जो मानवता के खिलाफ अपराध के समकक्ष हैं। तालिबान ने 2004 के संविधान और महिलाओं के खिलाफ हिंसा को अपराध घोषित करने वाले कानूनों को निलंबित कर दिया। इससे बलात्कार, बाल विवाह और जबरन विवाह जैसी प्रथाओं के खिलाफ सुरक्षा खत्म हो गई।

ग़ौरतलब है कि शिक्षा के क्षेत्र में तालिबान की नीतियाँ विशेष रूप से क्रूर हैं। यूनेस्को के 2024 के आँकड़ों के अनुसार, 1.4 करोड़ लड़कियों को जानबूझकर स्कूली शिक्षा से वंचित किया गया है। छठी कक्षा से आगे लड़कियों की पढ़ाई पर प्रतिबंध, विश्वविद्यालयों में प्रवेश पर रोक और यहाँ तक कि नर्सिंग और मिडवाइफरी जैसे पाठ्यक्रमों में दाखिले पर पाबंदी ने महिलाओं को आत्मनिर्भरता और शिक्षा के अवसरों से वंचित कर दिया है। तालिबान ने सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं की आवाजाही को सीमित कर दिया है। इसमें पार्क, जिम और अन्य स्थानों पर उनके प्रवेश पर रोक शामिल है। हाल ही में लागू नैतिकता कानून ने महिलाओं के सार्वजनिक रूप से तेज आवाज में बोलने, चेहरा दिखाने और गैर-ज़रूरी कारणों से घर से बाहर निकलने तक पर पाबंदी लगा दी है।विचारणीय है कि इन पाबंदियों का प्रभाव केवल व्यक्तिगत आज़ादी तक सीमित नहीं है; ये अफगान समाज की सामाजिक-आर्थिक संरचना पर भी गहरा असर डाल रही हैं। तालिबान ने गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) में महिलाओं के काम पर पाबंदी लगाकर उनकी आर्थिक आज़ादी छीन ली है। इसे सही ही 'आवाज़ का दमन' कहा जा रहा है, जो महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से हाशिये पर धकेल रहा है। (वैसे, तालिबान ने पुरुषों के लिए भी सख्त नियम लागू किए हैं। जैसे, दाढ़ी ट्रिम करने और घुटने से ऊपर शॉर्ट्स पहनने पर रोक, जिससे सामाजिक नियंत्रण की उनकी व्यापक रणनीति का पता चलता है।)खेद का विषय है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय की प्रतिक्रिया भी इस संकट को रोकने में नाकाम रही है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य संगठनों ने तालिबानी नीतियों की निंदा तो ज़रूर की है, लेकिन ठोस कार्रवाई का अभाव स्पष्ट है। बेशक, संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने अफगान महिलाओं के लिए एकजुटता व्यक्त की है। पर यह एकजुटता अभी तक प्रभावी नीतियों में तब्दील नहीं हुई है। सयाने बता रहे हैं कि, अफगान महिलाएँ इस दमन के खिलाफ चुप नहीं बैठी हैं। 'लैट्स स्टडी' जैसे अभियानों के जरिए उन्होंने शिक्षा के हक़ के लिए आवाज़ उठाई है।

ऐसी कोशिशें उनकी मज़बूती और एकता को दर्शाती हैं। पर वैश्विक समर्थन के बिना इनका प्रभाव सीमित है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को तालिबान पर दबाव बढ़ाने और मानवीय सहायता को मजबूत करने के लिए आगे आना चाहिए। कुल मिलाकर, अफगानिस्तान में तालिबानी शासन के चार वर्षों ने महिलाओं के अधिकारों को नष्ट करने की एक व्यवस्थित प्रक्रिया को उजागर किया है। यह न केवल अफगानिस्तान, बल्कि समूचे विश्व के लिए चेतावनी है कि लैंगिक भेदभाव और दमन को सामान्य नहीं होने दिया जा सकता। यानी, तालिबान को जवाबदेह ठहराने और अफगान महिलाओं की आवाज को बुलंद करने के लिए ठोस कदम उठाने का समय आ गया है। लेकिन सवाल वही है कि, बिल्ली के गले में घंटी बाँधेगा कौन?

# आज़ादी के हामी और मुक्ति दाता हैं कृष्णा !

डॉ घनश्याम बादल

द्वापर युग में भाद्रपद की कृष्णपक्ष की अष्टमी की रात आकाश में घनघोर गरजते बादलों, बिजली की चमक और मूसलाधार बारिश के बीच बरसों से बंदिनी मां देवकी और पिता वसुदेव को मुक्त करने के लिए कृष्ण जन्म लेते हैं। अपनी सात संतानों को कंस के हाथों मृत्यु लोक पहुंचते देखने वाली मां देवकी को कोई उम्मीद नहीं बची थी, उम्मीद थी तो बस एक चमत्कार की और और इस चमत्कार के रूप में पैदा हुए कृष्ण ।एक साथ कई चमत्कार हुए, पहरेदार सो गए, जेल के दरवाजे खुल गए, वसुदेव प्रलय मचाती यमुना पार कर गोकुल पंहुचे, वहां से यशोदा की सद्य जन्मी कन्या को लेकर वापस भी आ गए कृष्ण के साथ देवकी और वसुदेव भी सुरक्षित रहे ।

कृष्ण नें जन्मते ही अपना संबंध मुक्ति से जोड़ लिया ।मां बाप भयमुक्त हुए तो आज़ादी की मुहिम शुरु हो गई ।गोकुल में अपनी लीलाओं से दूध, दही, मक्खन, घी को कंस के जबरदस्ती छीन लेने से मुक्त कराया ।गोकुल को इंद्र के भय से मुक्ति दिलाई ।कंस के भेजे पूतना समेत कितने ही असुरों को जन्म व मृत्यु के बंधन से मुक्त कर निज धाम भेजा ।गोपियों को मथुरा जाकर अपने मोह से मुक्त किया तो महज चौदह बरस की उम्र में कंस को भी मार कर प्रजा व उसे दोनों को ही मुक्त किया । यानि कृष्ण हर तरह से मुक्ति के देव ठहरते हैं ।

जब कंस का वध किया तो मथुरा की सत्ता व सिंहासन कंस के पिता उग्रसेन को ही सौंपा और समय आने पर अपने दम पर तीन लोक से न्यारी मथुरा का मोह छोड़ द्वारिका का निर्माण किया और छलिया ,लीलाधारी गोपीनंदन , यशोदा के कान्हा जल्द ही गीता के उपदेशक और महाभारत के कुशल कूटनीतिज्ञ व योद्धा के साथ साथ मुक्तिदाता कृष्ण रूप में भी प्रतिष्ठित हो गए । कृष्ण को मिथकीय चरित्र कह कर नकारना एक आदर्श एवं व्यवहारिक सत्य को निकालना है।

इस बार कृष्ण जन्माष्टमी पर धर्म एवं स्वाधीनता का खास संयोग बन रहा है और वह संयोग है भारत के स्वाधीनता दिवस पर ही 11:49 बजे से जन्माष्टमी का योग शुरू हो जाएगा। यानी मुक्तिदाता कृष्णा और मुक्ति पाए भारत दोनों का जन्मदिन है आज।

यदि कृष्ण के व्यक्त्तिव व कृतित्व पर नज़र डालें तो वें अपने आप में मुक्ति के देवता ठहरते हैं । भले ही उनकी छवि एक चंचल नटखट खिलंदड़ किस्म के युवा होने, गोपियों के साथ हर तरह के रास



रचाने वाले नायक की ज़्यादा हो पर जब वें एक शासक या राजा और गीता के उपदेशक व महाभारत के रणनीतिकार के रूप में सामने आते हैं तो वें दमितों, दलितों , शोषितों व पीड़ितो के उद्धारक के रूप में अपनी पहचान दर्ज कराते हैं ।

कृष्ण जन्म से चमत्कार का दूसरा नाम है, वह दिव्य तरीके से अवतार लेते हैं और बावजूद देवकी के गर्भ से पैदा होने के भगवान मान लिए जाते हैं । ऐसा लगता है कि वह धरती पर आए ही मुक्ति का लक्ष्य लेकर थे इसीलिए आते ही देवकी को व वसुदेव को भयमुक्त किया,आने से पहले ही सात वसुओं को शापमुक्त किया। गोकुल पंहुच वहां के गोप गोपियों को हर हाल में दूध दही केवल कंस को ही बेचने या देने से मुक्त करने का अभियान छेड़ा । गोकुल वासियों को इंद्र के जलीय आतंक से मुक्ति दिलाई । कंस के भेजे गए पूतना समेत कितने ही दैत्यों को जन्म मारन के बंधन से मुक्त किया ।

कृष्ण घी, मक्खन को व्यापारिक बंदिशों से मुक्ति दिलाते हैं तो मथुरा पंहुच नई लीला करने के लिए गोपियों को उद्धव के माध्यम से मोहमुक्त करना भी नहीं भूलते। जब उन्हे आभास होता है कि रुक्मणि के रूप नारी बंधन में है तो वे अपने प्राणों को संकट में डालकर भी उनका अपहरण नारी को स्वैच्छिक विवाह हेतु बंधन मुक्त करते हैं।

जब महाभारत अपरिहार्य हो जाता है तो वह सताए गए पांडवों के साथ खड़े होते हैं बिना इस बात की चिंता किए कि हस्तिनापुर का शक्तिशाली राज्य उनके ख़िलाफ़ है ।वह अपने चातुर्य और मार्गदर्शन से पांडवों को संकटों से मुक्ति दिलाने के लिए हर उपक्रम करते हैं ।द्रौपदी को भरी सभा में नग्न होने के अपमान से मुक्ति दिलाने के कृष्ण के चमत्कार को तो आज तक सब नमन करते हैं ।

महाभारत का युद्ध रोकने को कृष्ण हर तरह से पूरा प्रयास करते हैं पर जब अहंकारी दुर्योधन मानता ही नहीं तो वें न्याय के साथ खड़े हो जाते हैं और उसे जिताकर ही दम लेते हैं ।जब भाई बंधुओं को सामने देख अर्जुन मोह के दास बन जाते हैं तब श्रीमद् भागवत गीता का उपदेश देकर मोहपाश से स्वतंत्र कर महाभारत का आगाज़ करवाते हैं जो अंततः न्याय व अन्याय के बीच का युद्ध बनकर सामने आता है। इतना ही नहीं वें न्याय व सत्य की जीत होने तकडटे रहते हैं ।

एक प्रजारंजक राजा के रूप में कृष्ण अपनी प्रजा का हर तरह से ख्याल रखते हैं उसके सुखों व सुविधाओं का इंतजाम करते हैं, बंजर भमि को उपजाऊ बनाने के लिए स्वयं भी हल चलाते हैं ।जब कृष्ण शासक हो जाते हैं तब उनके चरित्र व कार्यों में चंचलता नहीं गांभीर्य दिखता है तब वें बांसुरी बजैया नहीं वरन एक प्रबुद्ध व जिम्मेदार शासक का आदर्श स्थापित करते हैं और अपनी प्रजा को हर कष्ट मुसीबत और दुख से मुक्ति दिलवाते हैं ।

अस्तु, कृष्ण आजाद्दी के हामी हैं और लोक कल्याण से संपृक्त सत्ता के दर्शन कराते हैं ।अटैक कह सकते हैं कि कृष्णा मुक्ति दाता हैं जो अपने भक्तों को हर प्रकार के पाप-ताप शाप और संताप से मुक्ति दिलाते हैं।

## खबरें फटाफट

### जिलाधिकारी ने की अपील, जनपदवासी तिरंगे के साथ सेल्फी




कानपुर देहात, नवागंतुक जिलाधिकारी कपिल सिंह के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन0 के मार्गदर्शन में हर घर तिरंगा अभियान अन्तर्गत देशभक्ति पर आधारित विभिन्न कार्यक्रमों, तिरंगा रैली का उत्साहपूर्वक आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में विद्यालयों, महाविद्यालयों, शासकीय एवं गैर-शासकीय संस्थानों, बाजारों और ग्राम पंचायतों में जनसहभागिता सुनिश्चित की जा रही है, जिससे राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति की भावना जन-जन तक पहुंच सके। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं, अपने घरों, प्रतिष्ठानों एवं कार्यालयों पर तिरंगा ध्वज अवश्य फहराएं तथा राष्ट्रध्वज के सम्मान को सर्वोपरि रखें। उन्होंने कहा कि नागरिक तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर harghartiranga.com पोर्टल पर अपलोड करें, ताकि यह अभियान जनपद कानपुर देहात से एक प्रेरणादायक संदेश पूरे देश में प्रसारित कर सके। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए महान बलिदानों को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलें,देश की एकता,अखंडता और स्वच्छता बनाए रखें तथा राष्ट्र के विकास में अपना योगदान दें।

### जन्माष्टमी का पर्व हमें प्रेम,त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है : शिल्पा मिश्रा

कानपुर,बिठूर स्थित रॉयल लिटिल स्टार स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन रोहित मिश्रा एवं डायरेक्टर शिल्पा मिश्रा द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर किया गया। वही नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन जीत लिया। कोई राधा के रूप में तो कोई श्रीकृष्ण के वेश में सुसज्जित होकर आया था। इस अवसर पर अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और कृष्ण स्वरूप बच्चों का पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया। चेयरमैन रोहित मिश्रा ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन हमारे बच्चों में संस्कार और संस्कृति के प्रति प्रेम जागृत करते हैं। डायरेक्टर शिल्पा मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि जन्माष्टमी का पर्व हमें प्रेम,त्याग और कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है,जिसे बच्चों को जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर निखिल बाजपेयी,दीक्षा,शुभांगी,दिशा सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहा।

# तिरंगा रैली में भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के नारे लगाए गए

**नेशनल एक्सप्रेस डी के सिंह**



कानपुर देहात,उत्तर प्रदेश शासन एवं संस्कृति मंत्रालय के निर्देशों के क्रम में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आज जनपद कानपुर देहात में देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता के भाव से ओत-प्रोत एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ अकबरपुर डिग्री कॉलेज, अकबरपुर से हुआ, जो ओवर ब्रिज, अकबरपुर होते हुए पुनः अकबरपुर डिग्री कॉलेज, अकबरपुर में आकर उत्साह एवं उल्लास के साथ संपन्न हुई। तिरंगा रैली का नेतृत्व नवागन्तुक जिलाधिकारी कपिल सिंह, पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र एवं मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन ने किया। जनपद स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकगण, व्यापारी वर्ग, स्थानीय नागरिक, छात्र-छात्राएं एवं पुलिस के जवान बड़ी संख्या में शामिल हुए। हाथों में तिरंगा लिए प्रतिभागी "भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के नारों के साथ मार्ग पर बढ़ते हुए देशभक्ति का संदेश दिए। रैली में निकाला गया लंबा तिरंगा झंडा विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसने उपस्थित जनमानस में उत्साह और गर्व की भावना को और अधिक प्रबल किया।रैली के मार्ग में स्थानीय नागरिकों ने प्रतिभागियों स्वागत किया। पूरे रास्ते पर वातावरण राष्ट्रभक्ति के गीतों, नारों और जयघोषों से गूंजता रहा। समापन स्थल पर जिलाधिकारी कपिल सिंह ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान का प्रतीक है। यह केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता संग्राम के दौरान दिए गए अनगिनत बलिदानों और त्याग का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह राष्ट्रध्वज का सम्मान करे और देश की अखंडता एवं एकता को बनाए रखने में अपना योगदान दे।जिलाधिकारी ने जनपदवासियों को आगामी स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और आह्वान किया कि हर घर तिरंगा अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं,अपने घरों, प्रतिष्ठानों और संस्थानों पर तिरंगा फहराएं,स्वच्छता को प्राथमिकता दें और अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखें,अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए समाज और देश के विकास में योगदान दें,स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों और उनके बलिदानों को स्मरण करते हुए उनके दिखाए आदर्शों पर चलें।

## विधायक अमिताभ ने विधानसभा सत्र में कानपुर के अहम मुद्दे उठाए



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर,विधानसभा सत्र में आर्यनगर विधायक अमिताभ बाजपेई ने कानपुर से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया और सरकार को इन पर कार्रवाई करने के लिए आगाह किया। उन्होंने विशेष रूप से सफाईकर्मी भर्ती,नगर निगम की लापरवाही, सरकारी स्कूलों का मर्जर, स्मार्ट सिटी के नाम पर भ्रष्टाचार, ठेला- पटरी, रेहड़ी दुकानदार की मदद, नाला सफाई,शहर का जाम, कानून व्यवस्था और सरकारी अस्पतालों में भ्रष्टाचार, आयुष्मान कार्ड के नाम पर धोखा,बिजली समस्या,बिजली रेड टीम की लूट,पुलिस की लूट, गंगा सफाई,टेनरी उधोग जैसे विषयों पर बेबाक तरीके से सवाल उठाए। विधायक अमिताभ बाजपेई की सक्रियता और साहसिक भूमिका को लेकर सदन में मौजूद अन्य सदस्यों सहित आम जनता ने उनकी सराहना की और धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कानपुर की समस्याओं को विधानसभा में उजागर करना और समय पर समाधान सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है।

## जेल की सलाखों के पीछे मिली आत्मनिर्भरता की राह




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर,स्वतंत्रता दिवस के 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिला कारागार में कुछ ऐसा नजारा देखने को मिला जिसने साबित कर दिया कि सलाखों के पीछे भी उम्मीद की किरणें जगाई जा सकती हैं। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने महिला बंदियों के बीच पहुंचकर न केवल आज़ादी का पर्व साझा किया, बल्कि उनके भविष्य को नई दिशा देने की ठोस पहल भी की। जिलाधिकारी की कोशिशों से अचिन्त्य चैरिटेबल फाउंडेशन ने महिला बंदियों के लिए चार सिलाई मशीनें उपलब्ध कराईं। इन्हीं मशीनों पर महिला बंदियों ने 120 शूट तैयार किए, जिन्हें उनके बीच वितरित किया गया। इस मेहनत का उन्हें 36 हजार रुपये का सम्मानजनक मेहनताना भी मिला। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जेल केवल सजा काटने का स्थान नहीं है, बल्कि सुधार और पुनर्वास का अवसर है। अब आरसेटी भी महिला बंदियों की स्किल डेवलपमेंट की जिम्मेदारी उठाएगा। ब्यूटी पार्लर, सिलाई और अन्य हुनर की ट्रेनिंग देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने की राह दिखाई जाएगी। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद प्रमाणपत्र भी मिलेगा, जिससे बाहर आने पर बैंक से ऋण लेने में आसानी होगी और नए जीवन की शुरुआत की जा सकेगी। जिलाधिकारी ने बैरक में बने ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण स्थल का उद्घाटन भी किया।

अचिन्त्य चैरिटेबल फाउंडेशन की अध्यक्ष दिशा अरोड़ा ने कहा कि जिलाधिकारी की पहल से महिला बंदियों के हित में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। पार्लर एवं मेकअप ट्रेनिंग 25 अगस्त से प्रारंभ होगी। पार्लर व मेकअप के सभी उपकरण, सामान तथा पार्लर चेयर आज उपलब्ध कराई गई। कारागार अधीक्षक डॉ. बी.डी. पाण्डेय ने बताया कि महिला बंदियों के स्वरोजगार से जुड़ी गतिविधियों को व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाया जाएगा।

## केडीएमए इंटरनेशनल, बीएनएसडी इंटर कॉलेज, डीपीएस आज़ाद नगर और एसएआर जयपुरिया स्कूल की शानदार जीत

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



कानपुर,टीएसएच पालिका ग्राउंड पर जारी स्व. आत्माराम अग्रवाल मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट-2025 में बुधवार और मंगलवार को खेले गए मुकाबलों में केडीएमए इंटरनेशनल, बीएनएसडी इंटर कॉलेज,डीपीएस आज़ाद नगर और एसएआर जयपुरिया स्कूल ने जीत दर्ज की। बुधवार को खेले गए पहले मैच में केडीएमए इंटरनेशनल ने प्रताप इंटरनेशनल स्कूल को 74 रनों से पराजित किया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केडीएमए ने 20 ओवर में 134 रन बनाए, जिसमें आसित ने 28 और विवेकानंद ने 21 रन जोड़े। जवाब में प्रताप की टीम 11.3 ओवर में मात्र 60 रन पर सिमट गई। सूर्यांश सिंह ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 2 रन देकर 3 विकेट झटके, जबकि सक्षम शर्मा और आयु दीक्षित ने 2-2 तथा हार्दिक ने 2 विकेट लिए। दूसरे मैच में बीएनएसडी इंटर कॉलेज ने स्कॉलर मिशन स्कूल को 9 विकेट से मात दी। स्कॉलर मिशन स्कूल 15.4 ओवर में 59 रन पर ऑलआउट हुआ, जिसमें कप्तान अच्युत ने 19 रन बनाए। बीएनएसडी के विकास प्रजापति ने 4 ओवर में 11 रन देकर 4 विकेट, मनयक ने 3 और ताहिर ने 2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए बीएनएसडी ने 7.1 ओवर में 1 विकेट पर 63 रन बनाकर जीत पक्की की। अनुराग कश्यप 23 और मोहम्मद रुमान 21 रन बनाकर नाबाद रहे। तीसरे मैच में डीपीएस आज़ाद नगर ने डॉ. वीएसईसी अवधपुरी को 120 रनों से हराया।डीपीएस ने 20 ओवर में 203/2 रन बनाए। विशाल आग्नेहोत्री ने 79 और कप्तान अभाष कुशवाहा ने 51 की तूफानी पारी खेली। जवाब में अवधपुरी की टीम 18.2 ओवर में 83 रन पर सिमट गई। वाईस रज़ा खान ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 2 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि अभाष कुशवाहा और उत्कर्ष तिवारी ने 2-2 विकेट झटके।

प्रकाश छाबड़ा ने भी 3 विकेट लेकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। वहीं पहले दिन मंगलवार को खेले गए तीसरे मैच में एसएआर जयपुरिया स्कूल ने स्कॉलर मिशन स्कूल को 38 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसएआर जयपुरिया 11.3 ओवर में 64 रन पर ऑलआउट हुआ, जिसमें कप्तान माहिन ने 28 रन बनाए।

### इनर व्हील क्लब आफ कानपुर ईस्ट का अधिष्ठापन समारोह मनाया

कानपुर,इनर व्हील क्लब आफ कानपुर ईस्ट का अधिष्ठापन समारोह लिटिल सेफ में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया आपको बता दें कि अध्यक्ष शशि गुप्ता को पूर्व अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने कॉलर पहनाकर आगे का कार्यभार सौंपा नई कार्यकारिणी मेंअध्यक्ष शशि गुप्ता सेक्रेटरी सोनू शुक्ला टेजरार ऋतु जैन ने कार्यभार संभाला। अध्यक्ष शशि गुप्ता ने मुख अतिथि डिसट्रिक्ट चेयरमैन सुरुचि सक्सेना को माला व दुपट्टा पहना कर स्वागत किया मुख्य अतिथि ने कहा की इनर व्हील क्लब का मुख्य आदर्श वाक्य मैत्री और सेवा है इनर व्हील सदस्य सच्ची दोस्ती को बढ़ावा देने और सामाजिक सेवा के माध्यम से अपने समुदायों की मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है इनर व्हील एक अंतरराष्ट्रीय महिला संगठन है जिसके माध्यम से हमें समाज सेवा करने को मिलती है।

## सीएम डैशबोर्ड पर जनपद के प्रदर्शन और एक करोड़ से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक




**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

कानपुर,जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार देर सायं सरसैयाघाट स्थित नवीन सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर जनपद के प्रदर्शन और एक करोड़ से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी विभाग की लापरवाही से जिले की रैंकिंग पर असर पड़ा तो जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देश दिया कि तीन ऐसी परियोजनाएं चिह्नित की जाएं जो समय सीमा से काफी पीछे हैं और जिनकी देरी कार्यदायी संस्था की लापरवाही से हुई है। इन परियोजनाओं के संबंध में मुख्य सचिव को पत्र भेजकर जिम्मेदारी तय कराई जाएगी और कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही अन्य सभी विलंबित परियोजनाओं पर भी कार्यदायी संस्थाओं की जवाबदेही तय करने के लिए शासन को पत्र भेजने के निर्देश दिए। सीएम डैशबोर्ड पर कमजोर प्रदर्शन वाले विभागों में डी श्रेणी में आए जिला मत्स्य अधिकारी और सी श्रेणी में आए जिला पंचायत राज अधिकारी, डीसी एनआरएलएम और अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण – हर घर नल से जल योजना को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए गए।

लाभार्थी परक योजना को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपने लाभार्थियों की फैमिली आईडी बनवाना सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायतों में लंबित सत्यापन मामलों की ब्लॉक स्तर पर समीक्षा कर निस्तारण तेज किया जाए। जयपुरिया रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में हो रही देरी पर जिलाधिकारी ने प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़ी फटकार लगाई।

## आज का राशिफल





ज्योतिर्विद

डॉ. श्याम सुंदर पाठक 'अनन्त'

Mob:-9760800271

मेष : लेन-देन में स्पष्टता बनाये रखें। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। पदोन्नति की संभावना है।

वृष : आज की सुविधा कल नहीं मिल पायेगी, लाभ उठाएं। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

मिथुन : अपना कार्य दूसरों के सहयोग से बना लेंगे। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी के क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेगी। प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें।

कर्क : अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। कारोबारी यात्रा सफल होगी। बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा। व्यापार में वृद्घि व लाभ मिलेगा।

सिंह : अपने काम को प्राथमिकता से करें। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वभाव में सौम्यता आपकी मदद करेगी।

कन्या : समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। दिमाग में निर्मूल तर्क पैदा होंगे। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है।

तुला : जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें। मायूस न हो समय चक्र है। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

वृश्चिक : परिवार में मांगलिक कार्यों का आयोजन होगा। वैवाहिक जीवन में प्रेम-प्रीति बढ़ेगी। जीवन साथी से संबंधों में मिठास बढ़ेगी। राजकीय सम्मान प्राप्त होने के योग हैं। शांतिपूर्वक कार्य करें, जान है तो जहान है अतः वाहन आदि चलाने में सावधानी बरतें।

धनु : स्वयं पर विश्वास कार्यों की सिद्घि है। मेल-मिलाप भविष्य में लाभदायक सिद्घ होगा। घर तथा व्यावसाय को एक-दूसरे से दूर ही रखें। व्यापारिक संबंधों में प्रगति के योग हैं। कार्य स्थल पर नियमपूर्वक व्यवहार लाभकारी होगा।

मकर : धन के लेन-देन में सतर्क रहें। बातचीत में संयम बरतें। मन में चंचलता बढ़ेगी। भावुकतावश निर्णय न लें। कर्ज देने से बचें। मानसिक व्यथा व संतान के कारण परेशानी होगी। कला क्षेत्र के जातकों को मेहनत के बाद सफलता मिलेगी।

कुम्भ : सरकारी पक्ष से पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आर्थिक मजबूती हेतु मन केन्द्रित होगा। मिल रहे अवसरों का लाभ उठाएं। आर्थिक योजनाएं फलित होंगी। स्त्री, संतान, मित्र के साथ मनोविनोद बढ़ेगे।

मीन : उत्साह में वृद्घि होगी। आलस्य का त्याग करें। नये आय के स्त्रोत बनेंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। लम्बे प्रवास व चुनौती पूर्ण कार्यों का सामना हो सकता हैं।

# पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 की 10 प्राथमिकताओं से आच्छादित विषय

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



कानपुरः वीडियो कान्फ्रेंसिंग में आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा साइबर क्रिमिनल की हिस्ट्रीशीट/गैंग डोजियर बनाये जाने का सुझाव दिया गया। आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा जनपद कन्नौज भ्रमण दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय कन्नौज में पुलिस कार्यालय भवन का विस्तारीकरण/सौन्दर्यीकरण का उद्घाटन किया गया तत्पश्चात पुलिस लाइन जनपद कन्नौज स्थित सभागार कक्ष में समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी के साथ साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु त्वरित प्रभावी कार्यवाही करनें, साइबर सेल, साइबर थाना में साइट्रेन पोर्टल के माध्यम से बेसिक रिस्पांडर और इन्वेस्टीगेशन की प्रशिक्षण प्रदान कर पुलिस कर्मियों को अधिक से अधिक प्रशिक्षण प्रदान करनें व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान श्री हरीश चन्दर, पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर, विनोद कुमार, पुलिस अधीक्षक जनपद कन्नौज व अन्य पुलिसजन उपस्थित रहे। आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन कानपुर द्वारा जनपद फतेहगढ़ भ्रमण दौरान रिजर्व पुलिस लाइन जनपद फतेहगढ़ स्थित सभागार कक्ष में समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारी के साथ राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस, आगामी पर्व, कानून-व्यवस्था, अपराध समीक्षा, साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु त्वरित प्रभावी कार्यवाही करनें, साइबर सेल, साइबर थाना में साइट्रेन पोर्टल के माध्यम से बेसिक रिस्पांडर और इन्वेस्टीगेशन की प्रशिक्षण प्रदान कर पुलिस कर्मियों को अधिक से अधिक प्रशिक्षण प्रदान करनें व अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी कर दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान श्री हरीश चन्दर, पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर, श्रीमती आरती सिंह, पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहगढ़ व अन्य पुलिसजन उपस्थित रहे।

## चोरी की घटनाओं की समीक्षा हेतु थाना चौबेपुर में बैठक



**नेशनल एक्सप्रेस**

कानपुर,पुलिस उपायुक्त पश्चिम दिनेश त्रिपाठी द्वारा थाना शिवराजपुर एवं थाना चौबेपुर क्षेत्रान्तर्गत हाल ही में चोरी की घटनाओं में हो रही वृद्धि के दृष्टिगत एक समीक्षा बैठक का आयोजन थाना चौबेपुर परिसर में किया गया। पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने चोरी की घटनाओं की रोकथाम हेतु गश्त व्यवस्था को सुदृढ़ करने,बीट पुलिसिंग को सक्रिय बनाए रखने, असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही,पुराने अपराधियों की कुंडली खंगालने एवं स्थानीय स्तर पर खुफिया तंत्र को और मजबूत करने की बात कही। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनता के साथ संवाद बनाए रखें और पीड़ितों की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# समाज कल्याण विभाग अधिकारी पर दुबारा जांच हुई तो तिलमिला उठी

**नेशनल एक्सप्रेस उत्कर्ष सिंह**



कानपुर,समाज कल्याण अधिकारी शिल्पी सिंह पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह द्वारा दुबारा जांच करने के आदेश जारी हुआ तो समाज कल्याण विभाग अधिकारी का क्रोध उजागर हुआ। बताया जाता है कि तीन छात्रों की छात्रवृत्ति में गड़बड़ी किया था।समाजकल्याण अधिकारी शिल्पी सिंह ने सहयोगी बाबू व कंप्यूटर आपरेटर को दोषी करार दे दिया था।जिस पर दोनों के खिलाफ कार्रवाई की फाइल जिलाधिकारी को भेज दी। तो वहीं इसी मामले में गलत जांच रिपोर्ट के खिलाफ दोनों कर्मचारी बीते शुक्रवार को जनता दर्शन में हाजिर हो गए और बताया कि उन्हें झूठा फंसाया जा रहा है। इससे नाराज जिलाधिकारी ने समाजकल्याण अधिकारी को मौके पर बुलाकर फटकारा भी था। तो वहीं तत्काल मामले की ठीक से जांच के लिए एसीएम तीन की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की और दो सप्ताह में जांच कर रिपोर्ट भी मांगी गई थी। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने 15 दिन पहले सीएम डैश बोर्ड समीक्षा के दौरान समाजकल्याण विभाग की लापरवाही से 697 छात्रों की छात्रवृत्ति अटकने का मामला पकड़ा था। तो वहीं तीनों छात्रों की छात्रवृत्ति अटकने में समाजकल्याण अधिकारी की ओर से गलत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी। दोषी बनाए गए कर्मियों ने अपनी बात रखी है। वहीं जांच रिपोर्ट संदिग्ध लगने पर जिलाधिकारी ने दोबारा कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए हैं। उसके बाद दोषियों पर कार्रवाई होगी। वहीं इसी मामले में जब समाज कल्याण विभाग की अधिकारी शिल्पी सिंह और एक पटल बाबू दोषी पाए गए। तो वहीं दोषी पाए जाने पर और अपने ऊपर होने वाली कार्यवाही पर समाज कल्याण विभाग अधिकारी ने अपना आक्रोश जताते हुए कहा कि जांच गलत की गई है इस जांच में जांचकर्ताओं ने अपने ही ढंग से रिपोर्ट लगा दिया और आरोपी साबित किया है।

शिल्पी सिंह का कहना है कि मुझसे दुबारा इसी विषय पर पूछना चाहिए था तो मैं उस पर ज़वाब देती लेकिन मुझसे पूछा नहीं गया, एकतरफा कार्यवाही की गई। बल्कि समाज कल्याण विभाग अधिकारी शिल्पी सिंह ने तीनों जांच कर्ताओं पर ही आरोप गढ़ दिए और उन पर ही कार्यवाही करने के लिए कह दिया। मानहानि का दावा और पैसा मांगने का आरोप लगाने की बात कह दी जिससे कि भविष्य में कार्यवाही अपने मन माफिक न कर सके।

# सोहना मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन की हत्या में पांच दोषियों को उम्र कैद

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता





**चमन ने पुलिस पूछताछ में कहा था कि सुखबीर खटाना ने वर्ष 2008 में उसकी बहन पुष्पा से लव मैरिज की थी।**

गुरुग्राम,। गुरुग्राम के सिविल लाइन क्षेत्र में सोहना मार्केट कमेटी के पूर्व चेयरमैन सुखबीर खटाना उर्फ सुक्खी की हत्या में यहां की अदालत ने पांच आरोपियों को दोषियों ठहराते हुए बुधवार को उम्र कैद की सजा सुनाई है। चेयरमैन की हत्या में उनका साला भी शामिल रहा। वह चेयरमैन से इसलिए रंजिश रखता था, क्योंकि उसने उसकी बहन से लव मैरिज की थी। बता दें कि सुखबीर खटाना की लव मैरिज से नाराज उनके साले (पत्नी का भाई) चमन ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक सितंबर 2022 को उस समय गोलियां मारकर हत्या कर दी थी, जब वे गुरुग्राम के सिविल लाइन स्थित एक कपड़े के शोरूम के भीतर कपड़े खरीद रहे थे। हमलावर उसकी रेकी कर रहे थे। उन्होंने सिर्फ सुखबीर खटाना को ही निशाना बनाया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के करीबियों में शामिल रहे सुखबीर खटाना का काफी रुतबा था। जिला परिषद का चुनाव लडऩे की वह पूरी तैयारी में थे। सुखबीर खटाना की हत्या के आरोपी चमन ने पुलिस पूछताछ में कहा था कि सुखबीर खटाना ने वर्ष 2008 में उसकी बहन पुष्पा से लव मैरिज की थी। वह इसके खिलाफ था। यही उसकी सुखबीर से रंजिश का कारण था। सुखबीर को खत्म करना उसके जीवन का मकसद बन गया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी चमन में इस बात को स्वीकार किया था कि वे सुखबीर खटाना की हत्या के लिए करीब एक दर्जन बार रेकी कराई थी। हर बार किसी न किसी कारण से वह हत्या करने से चूका। एक सितंबर 2022 की दोपहर को सुखबीर खटाना की रेकी करवाई जा रही थी। जब सुखबीर खटाना गुरुग्राम के सिविल लाइन स्थित रेमंड शोरूम में कपड़े खरीदने पहुंचे तो कई बदमाशों ने शोरूम के भीतर घुसकर उस पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई, जिसमें सुखबीर खटाना की मौत हो गई। करीब तीन साल तक अदालती कार्रवाई के बाद आखिर सुखबीर खटाना की हत्या के आरोपियों को पुलिस सजा दिलाने में कामयाब रही। कोर्ट ने पांच आरोपियों को सजा सुनाई है। उनमें मुख्य आरोपी खटाना की पत्नी का भाई चमन उर्फ पवन है। वह बादशाहपुर का रहने वाला है। उसके अलावा गांव कादरपुर के अंकुल, लक्ष्मण गढ़ (अलवर) के राहुल, धानियावास (रेवाड़ी) के निवासी दीपक उर्फ दीपू और गाजियाबाद के निवासी अनुज को दोषी ठहराया है।

# हरियाणा में प्रजापति समाज को मिली नई पहचान व कानूनी मजबूती

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रजापति समाज से आह्वान किया कि वे अपनी पारंपरिक कला को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए उसे और सशक्त बनाएं। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ उठाते हुए नई तकनीकों को अपनाकर एवं अपने उत्पादों की गुणवत्ता एवं आकर्षण बढ़ाकर बाजार की मांग के अनुरूप कार्य करते हुए आगे बढ़ें।

मुख्यमंत्री बुधवार को कुरुक्षेत्र में प्रजापति समाज के परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरण हेतु आयोजित एक राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे। यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी 22 जिलों में एक साथ आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 1,00,000 परिवारों को भूमि पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। योजना के तहत लगभग 1,700 गांवों में प्रजापति समाज को मिट्टी खुदाई का सामूहिक अधिकार देने हेतु पात्रता प्रमाण पत्र जारी किए गए। यह प्रमाण पत्र ग्राम शामलात भूमि नियमावली 1964 के अंतर्गत प्रदान किए गए हैं। यह न केवल भूमि के उपयोग का अधिकार देते हैं, बल्कि प्रजापति समाज के लोगों को अपने कार्य को निर्बाध रूप से संचालित करने की कानूनी शक्ति भी प्रदान करते हैं। इन प्रमाण पत्रों के माध्यम से प्रजापति समाज के लोगों को अपनी कला को नई दिशा देने का अवसर मिलेगा, उनके सपनों को नए पंख लगेंगे और अब उन्हें अपने उत्पाद निर्माण के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि गत 13 जुलाई को भिवानी में आयोजित दक्ष प्रजापति जयंती समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रजापति समाज को भूमि पात्रता प्रमाण पत्र प्रदान करने का संकल्प लिया था, जिसे मात्र एक माह के भीतर पूरा किया गया है। यह राज्य सरकार की कार्यशैली का प्रमाण है, जिसमें कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है।

# नागरिक अस्पताल में लोगों को मिली अल्ट्रासाउंड की सुविधा

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



जींद। नागरिक अस्पताल में बुधवार से अल्ट्रासाउंड की सुविधा शुरू हो गई है। इस मशीन नई बिल्डिंग के प्रथम तल पर रखवाया गया है और गर्भवती महिलाओं के लिए ही सुविधा उपलब्ध होगी। बाद में इसे सभी जरूरतमंदों के लिए शुरू किया जाएगा। बुधवार को नागरिक अस्पताल की सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि रेडियोलॉजिस्ट डेपुटेशन पर मिला है और बुधवार से यह अल्ट्रासाउंड शुरू कर दिए गए हैं। गौरतलब है कि नागरिक अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट न होने के चलते अल्ट्रासाउंड मशीन पिछले दस साल से बंद है। इसका कारण है कि नागरिक अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट नही होना रहा। जिसके चलते मरीजों को परेशानी होती थी। लोगों को बाहर निजी रेडियोलॉजिस्ट से महंगे दामों पर अल्ट्रासाउंड करवाना पड़ रहा है। इस पद को भरने के लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार उच्च अधिकारियों से रेडियोलॉजिस्ट के लिए पत्राचार कर रहा था लेकिन ऐसा संभव नही हो पा रहा था। 14 लाख की आबादी के जिले में किसी भी सरकारी अस्पताल में 10 साल से मरीजों के अल्ट्रासाउंड करने की सुविधा नही है। वर्ष 2016 में यहां से रेडियोलॉजी विशेषज्ञ का पद खाली पड़ा है। इससे पहले रेडियोलाजिस्ट डा. मजुला डिप्टी सिविल सर्जन के पद पर कार्यरत थी लेकिन प्रशासनिक कार्य होने के चलते वह अल्ट्रासाउंड करने के लिए समय नहीं दे पाती थी। जिलेभर के सरकारी अस्पतालों में कही भी अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध नही है। रेडियोलॉजिस्टों के अभाव में जिले के सभी सरकारी अस्पतालों का यही हाल है। जिसके चलते अस्पतालों में लाखों रुपये की कीमत की मशीनें धूल फांक रही हैं।

# शहीदों की शहादत की बदौलत ले रहे खुली हवा में सांसः नायब सैनी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से उन शहीदों को नमन करने का दिन है, जिनके बलिदान की बदोलत हम सब खुली हवा में सांस ले रहे हैं। ऐसे मौके पर क्रांतिकारी वीरों और उन शहीदों को याद करें और साथ ही उनके परिवारों की चिंता करें।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को कुरुक्षेत्र मे निकाली गई तिरंगा यात्रा की अगवाई की। भारी संख्या में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने तिरंगा यात्रा में भाग लिया। हाथों में तिरंगा झंडा लिए यात्रा में शामिल लोगों ने भारत माता की जय के जयकारे लगाए। तिरंगा यात्रा अनाज मंडी पिपली से शुरू होकर नेशनल हाईवे को क्रॉस करते हुए कुरुक्षेत्र के पूजा मॉडल स्कूल तक निकाली गई।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज का यह दिन केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति के जज्बे और बलिदान की भावना को सच्ची श्रद्धांजलि देने का अवसर है। हम यहां तिरंगा यात्रा के माध्यम से उन महान सपूतों को नमन करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने देश की रक्षा की और उन्हीं की बदौलत आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज उपस्थित सभी लोग इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से संकल्प लें कि वे देश की एकता और अखंडता के लिए हमेशा एकजुट खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की वीर भूमि से लाखों जवान भारत माता की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं।

## 19 वर्ग की 100 मीटर प्रतियोगिता में अतुल ने किया हासिल पहला स्थान

झज्जर। बहादुरगढ़ में बुधवार को जिला स्कूल तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 19 वर्ग के बीच मुकाबले हुए। प्रतियोगिता के संयोजक डीपीई संदीप कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता की अंडर 19 आयु वर्ग की 100 मीटर ब्रैस्टस्ट्रॉक स्पर्धा में अतुल धनखड़ ने पहला और नितिन काजला ने दूसरा स्थान हासिल किया। अंडर 17 आयु वर्ग के 50 मीटर ब्रैस्टस्ट्रॉक में जयवर्धन राव ने पहला और नीतेश खत्री ने दूसरा स्थान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि अंडर 14 आयु वर्ग के 100 मीटर बटरफ्लाई इवेंट में सिद्धांत ने पहला और लक्ष्य।

## खबरें फटाफट

### फर्जी वोटरों पर श्वेत पत्र लाए चुनाव आयोग: दुष्यंत चौटाला

सिरसा । हरियाणा के पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने चुनाव आयोग से फर्जी वोटरों के मुद्दे पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की है। दुष्यंत चौटाला ने चुनाव आयोग पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिहार में हाल ही में शुरू की गई वोटर लिस्ट की सफाई की प्रक्रिया पहले क्यों नहीं की गई। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने बिहार चुनाव को टारगेट करके वोटर लिस्ट से फर्जी वोट हटाने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन यह काम लोकसभा चुनाव से पहले क्यों नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि फर्जी वोटरों की समस्या सिर्फ एक राज्य तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में इसका असर दिखेगा। दुष्यंत चौटाला बुधवार को सिरसा में कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि एक ही वोटर आईडी नंबर पर दो या तीन जगह वोटर कार्ड पाए जाने की घटनाएं गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के पास पूरा डेटाबेस होने के बावजूद ऐसी गड़बडिय़ां क्यों हो रही हैं। यह एक बड़ा सवाल है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जेजेपी मांग करती है कि चुनाव आयोग इस मुद्दे पर जनता के सामने श्वेत पत्र जारी करे और फर्जी वोटरों के मामले की पूरी पारदर्शिता के साथ जांच करे।

### रेवाड़ी में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने प्रजापति समुदाय को वितरित किए प्रमाण पत्र'

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार जनता की सेवा के लिए समर्पित है और सभी वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाएं चला रही है, जिससे आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है।

मिट्टी से बर्तन और मूर्तियां बनाने की कला हमारी अमूल्य धरोहर है, इसे नियमित रूप से भविष्य में भी बनाये रखने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं से जुड़े हुए लाभान्वित किया जा रहा है। यह बात राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने बुधवार को बाल भवन सभागार में आयोजित समारोह में प्रजापति समुदाय के पात्र लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कही।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से राज्य स्तरीय समारोह में प्रजापति समाज के लाभार्थियों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरित किए वहीं जिला स्तरीय समारोह में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने जिला रेवाड़ी में 67 गांवों के 2801 लाभार्थियों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरित कर प्रोत्साहित किया।

# हरियाणा में दस सीटों पर कांग्रेस की जीत का अंतर एक हजार से कम

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में 10 ऐसी सीटें हैं, जहां 100 वोटों से लेकर 1000 वोटों तक के अंतर से कांग्रेस चुनाव जीती है। अगर ईवीएम कोई गड़बड़ी होती तो कांग्रेस ये सीटें नहीं जीत पाती। इस बात को लेकर जनता को गुमराह नहीं करना चाहिए। कांग्रेसी अपने नेता राहुल गांधी को समझाएं और उनका इलाज करवाएं, नहीं तो झूठ का कोई इलाज नहीं है। मुख्यमंत्री बुधवार को कुरुक्षेत्र में तिरंगा यात्रा के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर भी मौजूद रहे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि जब भी देश या प्रदेश में चुनाव का परिणाम आता, तभी कांग्रेस ईवीएम को दोषी ठहराती रही। यही नहीं, इस बार के चुनावों में तो कांग्रेस नेता कहते रहे कि यदि तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तो संविधान को खतरा हो जाएगा। राहुल गांधी और इंडी गठबंधन के नेता तो संविधान को साथ लेकर प्रचार करते रहे, परंतु देश की जनता ने इनकी झूठी बातों पर विश्वास नहीं किया और तीसरी बार हरियाणा में भी भाजपा की सरकार बनी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास अब कोई मुद्दा नहीं है, कांग्रेस बौखला चुकी है।

# सीएमओ ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण

नेशनल एक्सप्रेस

पलवल। जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. सतिंदर वशिष्ठ ने बुधवार को जिले के विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नांगल जाट, उटावड़ और हथीन स्वास्थ्य केंद्रों का दौरा किया। निरीक्षण में हथीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सफाई व्यवस्था बेहद खराब पाई गई, जिस पर सीएमओ ने सफाई कर्मचारियों को तुरंत सफाई करने के निर्देश दिए। साथ ही ब्लड बैंक में रक्त की कमी मिलने पर चिंता जताई। सीएमओ ने मौके पर मौजूद डॉक्टरों से पूछा कि इमरजेंसी की स्थिति में मरीजों को खून कैसे उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने रक्त की कमी को तुरंत पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि हथीन स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर मनीष गर्ग लंबे समय से अवकाश पर हैं। इस पर सीएमओ ने कार्रवाई का आश्वासन दिया और डॉ. देवेंद्र कुमार को छायसां स्वास्थ्य केंद्र भेजने का निर्णय लिया। सीएमओ डॉ. वशिष्ठ ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य विभाग जीरो टॉलरेंस नीति पर काम कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अवैध वसूली या ड्यूटी में लापरवाही करने वाले किसी भी कर्मचारी, डॉक्टर या अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। नांगल जाट और कोट-उटावड़ स्वास्थ्य केंद्रों में पाई गई कमियों को भी जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए।

# अपहरण व हत्या के आरोप में पांच काबू



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

जींद। सदर थाना पुलिस ने गांव अनूपगढ़ से युवक का अपहरण करके हत्या कर हिसार गंदे नाले में फैंकने के पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की पहचान गांव गोबिंदपुरा निवासी सुरेश, दीपक, अजय, दीपक, उकलाना मंडी निवासी धीरज के रुप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि परमेंद्र पड़ोस के एक गांव की लड़की का पीछा करता था और इस बात को लेकर गोबिंदपुरा गांव के लोगों ने उसे पहले कई बार समझाया भी था लेकिन इसके बावजूद परमेंद्र ने लड़की का पीछा करना बंद नहीं किया। पुलिस का कहना है कि इसी रंजिश में गांव गोबिंदपुरा निवासी सुरेश, दीपक, अजय, दीपक ने रक्षाबंधन के दिन उसका अपहरण कर उसके साथ मारपीट की। इस मारपीट में परमेंदर की मौत हो गई। परमेंदर की मौत के बाद आरोपितों ने उसे हिसार में बालसमंद रोड पर माइनर में डाल दिया। बुधवार को सदर थाना प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 अगस्त को चौकी सीएसआरयू में शिकायत प्राप्त हुई कि परमिंदर वासी अनूपगढ़ 9 अगस्त को सुबह अपने मोटरसाइकिल पर घर से दुकान पर काम करने के लिए गया था लेकिन वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा रिश्तेदारी और आसपास के क्षेत्रों में तलाश करने के बावजूद परमिंदर का कोई सुराग नही मिला। जिस पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई। 12 अगस्त को अनुसंधान अधिकारी सहायक उप निरीक्षक रीना को सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक की लाश बालसमंद रोड आर्य नगर ड्रेन के पास मिली है। जिस पर पुलिस पर मृतक परिजन मौके पर पहुंचे। जहां पर परिजनों ने लाश को पहचान कर शिनाख्त की।

# हिसार के राजाराम गार्डन कॉलोनी में बंद मकान से शव बरामद, हत्या की आशंका

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज भेज दिया और मामले की जांच शुरू**

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



हिसार। शहर के कैमरी रोड स्थित राजाराम गार्डन कॉलोनी में एक बंद मकान से बुधवार सुबह 23 वर्षीय अभिषेक का शव गली-सड़ी अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पड़ोसी कृष्ण कुमार ने बताया कि सुबह से ही पड़ोस के मकान में बदबू आ रही थी। इसके बाद आसपास के लोगों ने घर के तरफ जाकर देखा तो और तेज बदबू आने लगी। हमने मकान मालिक अमन को फोन कर बताया। अमन ने आकर देखा तो घर में लड़का मरा हुआ पड़ा था। युवक की लाश उलटी पड़ी थी। इसके बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पड़ोसी ने बताया कि पुलिस के अनुसार युवक को मरे चार दिन हो चुके हैं। रक्षाबंधन के बाद से अभिषेक दिखा नहीं था। उन्होंने बताया कि यह मकान दो कमरों का बना हुआ है। मकान के साथ एक स्टोर है और आगे पूरी जमीन खाली पड़ी है। पड़ोसी ने बताया कि यह मकान अकसर बंद ही रहता था। इसलिए कभी नोटिस नहीं किया कि यहां कोई रहता भी होगा। घटना के बाद पुलिस ने मकान को पूरी तरह सील कर दिया है।

# आनन्दशाला में शिक्षा नेतृत्व और प्रशासन पर मंथन, भारतीय जीवन मूल्यों के समावेश पर जोर

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



पलवल। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षण मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को आयोजित एक दिवसीय आनन्दशाला में देशभर से आए कुलगुरु, शिक्षाविद और अकादमिक विद्वानों ने 'शैक्षणिक नेतृत्व और प्रशासन की पुनर्कल्पना के संबंध में भारतीयता से प्रेरित व्यावहारिक दृष्टिकोण' विषय पर विचार-विमर्श किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में युवा सशक्तिकरण एवं उद्यमिता राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि आनन्दशाला से निकले निष्कर्षों और संस्तुतियों पर राज्य और केंद्र सरकारें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के साथ समन्वय कर विचार करेंगी। उन्होंने कहा कि बदलती दुनिया में ज्ञान ही युवाओं को चुनौतियों से पार पाने में सहायक होगा और कौशल व चरित्र के बल पर युवा देश का गौरव बढ़ाएंगे। मुख्य वक्ता भारतीय शिक्षण मंडल के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी. आर. शंकरानन्द ने कहा कि भारत में विश्व को जोड़ने की क्षमता है, लेकिन शिक्षा क्षेत्र को मजबूत किए बिना यह संभव नहीं है। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा और मूल्यों को जीवन में उतारने की आवश्यकता बताई। विशिष्ट अतिथि नैक के चेयरमैन प्रो. अनिल डी. सहस्रबुद्धे ने शिक्षा में भारतीय जीवन मूल्यों के समावेश को आवश्यक बताते हुए मैकाले मॉडल को समाप्त कर भारतीय ज्ञान पद्धति अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि शिक्षा और प्रशासनिक नेतृत्व में भारतीयता का समावेश समय की मांग है। उन्होंने कहा कि आनन्दशाला की संस्तुतियां विश्वविद्यालयों के वातावरण में सकारात्मक बदलाव लाएंगी। प्रख्यात वक्ता मुख्यमंत्री के विशेष कर्तव्य अधिकारी डॉ. राज नेहरू ने नेतृत्व में सर्वधर्म की समझ को सबसे बड़ा गुण बताया।

## एसपी, डीसी ने पीस कमेटी के साथ बैठक कर की शांति बनाए रखने की अपील




नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

**नूंह। फिरोजुर झिरका के गांव मुंडाका में मंगलवार को हुई हिंसक झड़प जिला प्रशासन और पुलिस अलर्ट है। क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए एसडीएम और डीएसपी लगातार नजर बनाए हुए हैं। बुधवार को फिरोजपुर झिरका में पीस कमेटी की बैठक हुई, जिसमें सभी समुदायों के लोगों को शामिल कर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है। नूंह जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने भी क्षेत्र में स्थिति सामान्य होने का दावा किया है। जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समय रहते स्थिति सामान्य कर दी गई थी। इस घटना के बाद से क्षेत्र में पूर्ण रूप से शांति का माहौल है। उपायुक्त ने लोगों से अफवाहों पर भरोसा ना करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह दो युवकों के बीच का झगड़ा था इसे सामुदायिक दंगे के रूप में ना देखा जाए। विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि फिरोजपुर झिरका के गांव मुंडाका में 2 युवकों के बीच मामूली कहासुनी का जो मामला हुआ था, वहां समय रहते स्थिति सामान्य कर दी गई थी।**




# जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड व जनशिकायतों की समीक्षा की, लापरवाही पर लगाईं फटकार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




- जनशिकायतों की समीक्षा के दौरान डिफाल्टर श्रेणी वाले विभागों के अधिकारियों का वेतन रोकने के दिये निर्देश
- 3 से 5 साल पुराने वादों का बराबर सुनवाई करके प्राथमिकता पर करें निस्तारण- जिलाधिकारी

गोण्डा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित राजस्व से संबंधित विभागों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को शत-प्रतिशत कार्य सुनिश्चित करने एवं उनकी रैंकिंग में सुधार लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित कार्यों की रैंकिंग शासन स्तर पर सीधे निगरानी में रहती है, ऐसे में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित समयसीमा के भीतर लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करें और विभागीय कार्यों की सतत निगरानी करते हुए आवश्यक फीडिंग पोर्टल पर अपलोड करें।बैठक के दौरान जनशिकायत निस्तारण प्रणाली (IGRS) की भी विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त लंबित एवं डिफॉल्टर श्रेणी में चिन्हित शिकायतों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता जनसुनवाई एवं जनसमस्याओं का त्वरित निस्तारण है, लेकिन कुछ विभागों द्वारा इसमें गंभीरता नहीं बरती जा रही है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जो भी विभाग जनशिकायतों के निस्तारण में डिफॉल्टर की श्रेणी में हैं, उनके संबंधित अधिकारियों की वेतन रोकने की कार्यवाही की जाय। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि आगामी समीक्षा बैठक में भी कोई प्रगति नहीं दिखाई गई तो कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी एवं समस्त तहसीलदार व नायब तहसीलदारों को कड़े निर्देश दिए हैं कि सभी लोग अपने-अपने कोर्ट पर बराबर बैठकर 3 से 5 साल पुराने वादों की बराबर सुनवाई करते हुए नियमानुसार प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें।बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करते हुए शासन की प्राथमिकताओं को धरातल पर उतारने का प्रयास करें, ताकि जनविश्वास में वृद्धि हो और जिले की कार्य प्रणाली में सकारात्मक सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी महेश प्रकाश, उपजिलाधिकारी गोंडा सदर अशोक कुमार गुप्ता, कर्नलगंज यशवंत राव, तरबगंज विश्वामित्र तथा मनकापुर अवनीश त्रिपाठी, अपर उपजिलाधिकारी विशाल कुमार, जितेंद्र कुमार गौतम, सुश्री नेहा मिश्रा, तहसीलदार सदर गोंडा मनीष कुमार तरबगंज आशुतोष शुक्ला सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जैनस इनीशिएटिव्य संस्था द्वारा स्वच्छता पर बच्चों को दिया संदेश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



गोंडा। जैनस इनीशिएटिव्य के संस्थापक वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज कुमार श्रीवास्तव द्वारा बाल स्वच्छता दिवस सप्ताह के रूप में श्याम बिहारी मेमोरियल स्कूल मुंडेरवा कला बहराइच रोड में बच्चों में स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी देते दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. पीयूष रंजन ने स्वच्छ रहने के गुण बताकर हाइजीन किट का वितरण किया। उन्होंने बच्चों को समझाया कि व्यक्तिगत साफ-सफाई और आसपास के वातावरण की स्वच्छता बनाए रखने से कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है।डॉ. पीयूषरंजन ने कहा कि नियमित हाथ धोना, समय-समय पर नाखून काटना, साफ पानी पीना, कचरा निर्धारित स्थान पर फेंकना और भोजन से पहले हाथ धोने जैसी आदतें हमें स्वस्थ रखती हैं। उन्होंने बच्चों को यह भी बताया कि खुले में कूड़ा-कचरा फैलाने से मक्खियां और मच्छर पनपते हैं, जो गंभीर बीमारियों का कारण बनते हैं। वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज श्रीवास्तव का मानना है कि समाज की असली सेवा तब होती है जब आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ और जागरूक बनाते हैं और बच्चों में स्वच्छता की नींव बचपन में ही डालनी चाहिए जिससे वह जीवन भर स्वच्छ एवं स्वस्थ रह सके।

कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वच्छता से जुड़ी प्रतिज्ञा ली कि वे स्वयं भी साफ रहेंगे और अपने आस-पास के वातावरण को भी स्वच्छ रखने में सहयोग करेंगे। स्कूल प्रबंधक दिनेश श्रीवास्तव ने कहा की बीमारियों से बचने के लिए अपने घर एवं परिवार में स्वच्छता का वातावरण बनाना बहुत आवश्यक है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जैनस इनीशिएटिव्य कोऑर्डिनेटर पंकज सिन्हा, प्रधानाध्यापक अंजू श्रीवास्तव शिक्षिका रूबी गौतम पी ए एन अवस्थी ,रूपम गुप्ता शिवनाथ शुक्ला, अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# जनपद गोंडा में 4000 मीट्रिक टन यूरिया की उपलब्ध, जरूरत के अनुसार ही करें खरीद

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



गोण्डा। आगामी पांच दिनों के भीतर जनपद गोंडा को 4000 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त होने की सूचना जिला कृषि अधिकारी की ओर से सभी किसानों को दी गई है। यह यूरिया यारा फर्टिलाइजर्स, एच0 क्यू0 आर0 एल0 एवं आई0 पी0 एल0 कंपनी से उपलब्ध कराई जायेगी।

जिले के सभी सहकारी एवं निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों पर इसका समान रूप से आवंटन कर किसानों को वितरित किया जाएगा।

जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी आवश्यकता के अनुसार ही यूरिया खरीदें और इसके लिए अपने नजदीकी विक्रय केंद्र पर खतौनी और आधार कार्ड लेकर जाएं।

उन्होंने चेतावनी दी कि धान व गन्ना जैसी फसलों में यूरिया का अत्यधिक प्रयोग करने से बाद में कीट व रोग फैलने की संभावना बढ़ जाती है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में यूरिया की कोई कमी नहीं है, इसलिए किसान किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें।

यदि किसी किसान को उर्वरक से संबंधित कोई समस्या होती है, तो वे जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 05262-796594 या मोबाइल नंबर 7839882235 पर संपर्क कर सकते हैं।

जिला कृषि अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग की सलाह देते हुए कहा कि इससे फसल उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ मिट्टी की सेहत भी बनी रहती है।

# ग्रेटर नोएडा में एक वाहन ने राहगीर व मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, एक व्यक्ति गंभीर घायल

नोएडा (उत्तर प्रदेश), (भाषा) ग्रेटर नोएडा में बुधवार सुबह एक वाहन ने राहगीर और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि घटना बीटा- दो थाना क्षेत्र की है और घायल व्यक्ति की पहचान रामप्रताप नीरज के रूप में हुई है जो सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य हैं। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि आज सुबह रामप्रताप जब बीटा- दो में अपने घर से किसी काम के लिए पैदल जा रहे थे तभी एक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और इसके बाद भागने की कोशिश में वाहन चालक ने एक मोटरसाइकिल को भी टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि रामप्रताप को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत बेहद गंभीर बनी हुई है।

# 'हर घर तिरंगा' यात्रा साइकिल रैली को डीएम और सीडीओ ने झण्डी दिखाकर किया रवाना

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो






गोंडा।''आजादी का अमृत महोत्सव'' के अंतर्गत मनाए जा रहे ''हर घर तिरंगा'' अभियान के अंतर्गत आज एनसीसी बटालियन गोंडा द्वारा 21 किलोमीटर लंबी तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य जनमानस में राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान, देशभक्ति की भावना का संचार तथा हर नागरिक को अपने घर पर तिरंगा फहराने के लिए प्रेरित करना रहा।इस साइकिल रैली को जिलाधिकारी गोंडा प्रियंका निरंजन एवं मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन द्वारा संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनसीसी कैडेट्स की देशभक्ति गीतों और नारों के साथ हुई, जिससे वातावरण देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया।रैली में जिले की विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के एनसीसी कैडेट्स, स्कूली छात्र-छात्राएँ तथा अधिकारीगण सम्मिलित हुए। रैली का मार्ग जिला मुख्यालय से प्रारंभ होकर विभिन्न मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः प्रारंभिक बिंदु पर समाप्त हुआ। पूरे रास्ते में रैली में शामिल प्रतिभागी हाथों में तिरंगा लिए हुए भारत माता की जय, वंदे मातरम्‌ आदि नारों से जनमानस को जागरूक करते रहे।इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि ''हर घर तिरंगा'' अभियान न केवल राष्ट्रध्वज के सम्मान का प्रतीक है, बल्कि यह देश की एकता और अखंडता का संदेश भी देता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजनों से समाज में राष्ट्रप्रेम की भावना और अधिक प्रबल होती है। उन्होंने एनसीसी बटालियन के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं।

प्रशासन एवं एनसीसी के समन्वित प्रयास से यह कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा।

कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत, नगर मजिस्ट्रेट पंकज वर्मा सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दिव्यांग पेंशन योजना के लिए यूडीआईडी कार्ड बनवाना अनिवार्य



- अन्यथा योजनाओं से वंचित रह सकते हैं

गोंडा। जिले में निवासरत ऐसे सभी दिव्यांगजन, जिनके पास मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र है, उन्हें अब जल्द से जल्द यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड बनवाना होगा। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने जानकारी दी कि लाभार्थी

www.swavlambancard.gov.in पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें और आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, गोंडा में जमा करना सुनिश्चित करें।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन दिव्यांगजन के पास यूडीआईडी कार्ड नहीं है, वे दिव्यांग पेंशन योजना समेत किसी भी विभागीय योजना का लाभ नहीं उठा पाएंगे। इतना ही नहीं, भविष्य में उन्हें किसी भी सरकारी योजना से वंचित होना पड़ सकता है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बताया कि सभी दिव्यांगजनों से अपील की है कि जिनका यूडीआईडी कार्ड अभी तक नहीं बना है, वे दिन सोमवार को मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से संपर्क कर शीघ्र कार्ड बनवाएं, ताकि वे सभी सरकारी योजनाओं का लाभ निरंतर प्राप्त कर सकें।

# कब्जा दिलाने संबंधी मामले में आयुक्त ने दिये जांच के निर्देश 10 दिन में उपलब्ध करायें रिपोर्ट



गोण्डा। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील द्वारा गोंडा जनपद के तहसील तरबगंज अंतर्गत ग्राम बनगांव मजरा रामगढ़ में वन भूमि आवंटन संबंधी मामले की जांच के निर्देश जारी किए गए हैं। शिकायतकर्ता बृजलाल पुत्र राम समुझ निवासी बनगांव तरबगंज ने आयुक्त को एक शिकायती पत्र देकर बताया कि उसे 27 मार्च 1994 में कृषि आवंटन हुआ था उसका पट्टा सूची के क्रमांक 28 पर नाम भी दर्ज है। हल्का लेखपाल से कई बार निवेदन करने पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।अतः शिकायतकर्ता ने आयुक्त से कब्जा दिलाने की मांग की है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आयुक्त ने बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी को निर्देशित किया है कि वे वर्णित तथ्यों की स्थलीय निरीक्षण कर वांछित तथ्यों का अवलोकन करें और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए 10 दिनों के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

इसके साथ ही जिलाधिकारी/ जिला संचालक चकबन्दी को भी निर्देश दिए कि वे इस मामले में चकबन्दी प्रक्रिया लागू होने से पूर्व आवंटी को कब्जा न मिलने का कारण एवं औचित्य ज्ञात कर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई करके रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। यह कार्रवाई शासन के नियमों के अंतर्गत पारदर्शिता एवं न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है।

# दिव्यांगजन खातों में अनुदान धनराशि के बंटवारे की शिकायत, जांच के आदेश



गोण्डा। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बलरामपुर जिले में दिव्यांगजन खातों में अनुदान धनराशि के वितरण में गड़बड़ी की शिकायत पर जांच के आदेश दिए हैं। यह कार्रवाई जिले के ग्राम अकली सरकहवा निवासी मोहनलाल पुत्र सुखीदास द्वारा भेजे गए प्रार्थना पत्र के आधार पर की गई है। प्राप्त शिकायत में आरोप लगाया गया है कि जिला दिव्यांगजन अधिकारी बलरामपुर और कर्मचारियों की मिलीभगत से पात्र लाभार्थियों के खातों में भेजी गई अनुदान राशि का बंदरबांट किया गया। इस पर आयुक्त ने मामले की जांच और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी, बलरामपुर को दिए हैं।

आयुक्त ने निर्देश दिया है कि मामले में वर्णित तथ्यों की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए और पूरी रिपोर्ट सात दिनों के भीतर उपलब्ध कराई जाए। इस आदेश के साथ मंडल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दिव्यांगजन कल्याण योजनाओं में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पति के निधन के बाद पारिवारिक पेंशन स्वीकृति के लिए आयुक्त ने दिए त्वरित जांच के आदेश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




*गोंडा। देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने गोंडा जिले के शिक्षा विभाग से जुड़े एक मामले में त्वरित जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

मामला राखी देवी, अनुचर, पत्नी स्व0 हरिकांत बक्स पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोनवा, शिक्षा क्षेत्र हलधरमऊ से संबंधित है, जिन्होंने अपने पति के निधन के बाद पारिवारिक पेंशन स्वीकृत किए जाने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

प्राप्त पत्र के अनुसार, राखी देवी के पति का निधन 6 वर्ष पूर्व हो चुका है, लेकिन अब तक उन्हें पारिवारिक पेंशन का लाभ नहीं मिल पाया है। इस पर आयुक्त ने मुख्य विकास अधिकारी, गोंडा को निर्देश दिए हैं कि मामले में वर्णित तथ्यों का अवलोकन करते हुए पात्रता की जांच की जाए और नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए।

आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने यह भी स्पष्ट किया है कि पात्र व्यक्तियों को पेंशन लाभ दिलाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस मामले में शीघ्र निर्णय लेकर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

# विदेश राज्य मंत्री समेत पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया गया

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



गोंडा (उप्र), (भाषा) गोंडा जिले की एक अदालत ने कथित भूमि विवाद से जुड़े एक मामले में केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह, उनके प्रतिनिधि राजेश सिंह सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश पुलिस को दिया है।

सांसद-विधायक अदालत की विशेष न्यायाधीश अपेक्षा सिंह ने सोमवार को भिटौरा निवासी अजय सिंह की उस याचिका पर यह आदेश दिया जिसमें उसने उपरोक्त के खिलाफ मामला दर्ज करने के निर्देश देने का अनुरोध किया था।

याचिकाकर्ता अजय सिंह के अनुसार उनकी पत्नी मनीषा सिंह के नाम भूमि वाली जमीन को विक्रेता बिट्टन देवी को प्रलोभन और प्रभाव में लेकर तीन साल पुराने स्टांप पेपर का उपयोग करते हुए पिछली तारीख में मिथलेश रस्तोगी और कांती सिंह के नाम करवा लिया गया।

उन्होंने दावा किया कि इसकी शिकायत करने पर पुलिस अधीक्षक ने मामले की जांच कराई और आरोप सही पाए गए जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 2024 में विक्रेता व क्रेताओं के खिलाफ स्थानीय थाने पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया, लेकिन बाद में मामले को बंद करते हुए अंतिम रिपोर्ट दाखिल कर दी।

अजय सिंह ने बताया कि अदालत ने मार्च 2025 में अंतिम रिपोर्ट को निरस्त करते हुए मामले की अग्रिम विवेचना का आदेश दिया, जो जारी है।

अधिकारियों ने बताया कि इस बीच, विदेश राज्यमंत्री के प्रतिनिधि ने राजेश सिंह ने 2024 में स्थानीय पुलिस थाने में अजय सिंह और उनकी पत्नी के खिलाफ कथित तौर पर एक झूठा मामला दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि अदालत के अग्रिम जांच के आदेश के बाद, राजेश सिंह ने कथित तौर पर अपने राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करके दंपति को परेशान किया।

उन्होंने बताया कि राजेश सिंह ने परेशान करने तथा दर्ज मुकदमे में सुलह कराने के उद्देश्य से अपने चालक रिंकू सिंह के जरिए दंपति के खिलाफ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता की अन्य धाराओं के तहत एक और मामला दर्ज करवाया।

सिंह का आरोप है कि इसके बाद से ही आरोपियों की ओर से भूमि विवाद में पैरवी करना बंद करने और सुलह करने के लिए धमकी दी जा रही है।

अजय सिंह ने कहा कि पुलिस से शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई न होने पर उन्होंने अदालत का दरवाजा खटखटाया और अभियोग दर्ज करने का अनुरोध किया।

सांसद-विधायक अदालत ने सुनवाई के बाद कीर्तिवर्धन सिंह, उनके प्रतिनिधि राजेश सिंह, पिंकू सिंह, सहदेव यादव और कांती सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश मनकापुर थाने की पुलिस को दिया है।

इस मामले में केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री के प्रतिनिधि राजेश सिंह ने कहा कि मामला मीडिया के माध्यम से संज्ञान में आया है और अदालत के आदेश की प्रति मिलने के बाद ही इस पर कोई टिप्पणी की जा सकेगी।

# घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी के आरोप में उत्तर प्रदेश के रियल्टी समूह के खिलाफ ईडी ने छापे मारे

लखनऊ, (भाषा) प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने निवेशकों से 248 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में धनशोधन की जांच के तहत उत्तर प्रदेश स्थित एक रियल्टी समूह के खिलाफ बुधवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि 'रोहतास प्रोजेक्ट्स लिमिटेड' के खिलाफ मामले में लखनऊ में कम से कम आठ और दिल्ली में दो परिसरों पर छापे मारे जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की जा रही है। धन शोधन का यह मामला 2021 से घर/व्यावसायिक स्थान खरीदने वालों द्वारा दर्ज कराई गई 87 प्राथमिकियों से जुड़ा है।

इन प्राथमिकियों में आरोप लगाया गया है कि खरीदारों के साथ धोखाधड़ी की गई और उन्हें उनकी संपत्तियां नहीं दी गईं।

# सपा, कांग्रेस ने दिव्यांग महिला से बलात्कार मामले में उत्तर प्रदेश सरकार पर साधा निशाना



लखनऊ, (भाषा) विपक्षी दलों ने बलरामपुर ज़िले में मानसिक रूप से कमजोर 21 वर्षीय मूक-बधिर महिला के कथित बलात्कार को लेकर बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा और कहा कि यह घटना राज्य में कानून-व्यवस्था की गंभीर स्थिति को दर्शाती है।

विपक्षी दलों का सरकार पर हमला ऐसे समय में हुआ है जब बलरामपुर पुलिस ने कथित बलात्कार की घटना के दो दिन बाद तड़के एक मुठभेड़ के बाद दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया।

समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस अपराध को ''बेहद जघन्य'' बताया और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के सरकार के दावों पर सवाल उठाए।

उन्होंने पूछा, "बलरामपुर में एक दिव्यांग के साथ दुष्कर्म की गंभीर घटना सामने आई है। कानून-व्यवस्था का दावा करनेवाले इस मामले में जनता से आंख मिलाकर कुछ कहना चाहेंगे?"

उन्होंने कहा कि पीड़िता को हर संभव राहत-सहायता और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए। सपा प्रमुख ने सरकार से अपराधियों को सख़्त से सख़्त सजा दिलाने तथा 'एनकाउंटर' का 'दिखावा' न करने के लिए भी कहा।

कांग्रेस की प्रदेश इकाई ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि आरोपियों ने सामूहिक बलात्कार के बाद पीड़िता को बेहोशी की हालत में पुलिस चौकी से बमुश्किल 20 मीटर की दूरी पर छोड़ दिया।

इसमें दावा किया गया, ''एसपी आवास के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि पीड़िता खुद को बचाने के लिए भाग रही थी, जबकि बाइक सवार 5-6 लोग उसका पीछा कर रहे थे।''

आम आदमी पार्टी (आप) ने भी राज्य सरकार की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि यह घटना दर्शाती है कि ''योगी आदित्यनाथ के शासन में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं।''

पार्टी ने कहा कि पीड़िता आरोपियों से भागते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) आवास के पास से गुज़री, लेकिन उसे कोई मदद नहीं मिली। आप ने आरोप लगाया, ''उत्तर प्रदेश और भाजपा शासित अन्य राज्यों में हर दिन माताओं और बहनों की इज्जत को तार-तार किया जा रहा है, लेकिन न तो सरकार और न ही पुलिस को इसकी परवाह है।''

# ट्रैक्टर किराए पर लेकर चोरी कर बेचने के चार आरोपी गिरफ्तार

● पुलिस ने किए 12 ट्रैक्टर बरामद

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**





फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस ने किसानों के साथ धोखाधड़ी व चोरी किये गये 12 ट्रैक्टर सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरामद किये गए बारह ट्रैक्टर की कीमत लगभग 01 करोड़ रुपए है।

थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत अभियोंगों में किसानो के साथ धोखाधड़ी कर चोरी किये गये ट्रैक्टरो की बरामदगी के लिए 04 टीम निरंतर कार्य कर रही थी।

पुलिस की ठोस सुरागरसी व पतारसी के आधार पर 12 ट्रैक्टर (कीमत लगभग 01 करोड़ रुपए) के साथ भूदेव शर्मा पुत्र जगदीश शर्मा नि0 गाँव खानपुर थाना छाता जनपद मथुरा, रामू यादव पुत्र केदार सिंह निवासी नगला अतिया थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद, विजेन्द्र पुत्र मुंशी निवासी पुल के पास, बरसाना रोड, छाता मथुरा और देवकी नन्दन सैनी पुत्र तिरमोली निवासी भदावल थाना छाता गिरफ्तार किये गये। विवेचना के क्रम में तथ्य प्रकाश में आये कि टीटू यादव, डब्बू उर्फ समीर ने शिकोहाबाद में कुछ अन्य साथियों के साथ एक ऑफिस खोलकर क्षेत्र के किसानों से उनके ट्रैक्टरों को प्रतिमाह 25000 रुपए मे किराये पर लेने के बहाने ट्रैक्टरों को छल से चोरी करके फर्जी एवं कूटरचित दस्तावेज तैयार कर मथुरा छाता क्षेत्र के रहने वाले मुकेश पण्डित, भूदेव शर्मा आदि लोगों के साथ एक संगठित गिरोह बनाकर ट्रैक्टरों को उत्तरप्रदेश के अलग अलग जनपदों बाराबंकी, बुलन्दशहर, हाथरस, अलीगढ़, मुरादाबाद, अमरोहा, सम्भल, गोरखपुर आदि स्थानों पर बेचकर अवैध धन अर्जित किया जा रहा था। अभी तक की कार्यवाही में इस गिरोह के लगभग ढेड़ दर्जन सदस्य प्रकाश में आये हैं ।

# आईएसए-संस्था स्टूडेंट्स रिलीफ सोसाइटी ने निकाली तिरंगा यात्रा



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । बुधवार को आई.एस.ए-संस्था स्टूडेंट्स रिलीफ सोसाइटी जयपुर के द्वारा जनपद फिरोजाबाद के विकासखंड अरॉव की ग्राम पंचायत माडई में आई.एस.ए. संस्था स्टूडेंट्स रिलीफ सोसाइटी की टीम ग्राम प्रधान रामब्रेश कुमार यादव, सहायक अभियंता सुनील कुमार, डी.पी.म.यू. से जिला समन्वयक मयंक, एस आर सोसाइटी से जिला समन्वयक शिवराज सिंह ,अध्यापकों, एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं के सहयोग से ₹हर घर स्वच्छता, हर घर तिरंगा यात्रा₹ का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने उन्होंने तिरंगा यात्रा निकालकर लोगों को जागृत किया ।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक ने फाँसी लगाकर की आत्महत्या

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूंडला। थाना क्षेत्र में एक युवक ने फाँसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। लोगों के अनुसार ग्रहक्लेश के चलते युवक ने फाँसी लगाई है। पुलिस ने मौके पर पहुचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। पुलिस के अनुसार घटना की जाँच की जा रही है। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पूरा मामला थाना क्षेत्र टूंडला के गांव कुतुबपुर जारखी का है। यहां 22 वर्षीय अतुल कुमार पुत्र हम्मीर सिंह ने अपने घर में पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।युवक अहमदाबाद में काम करता था। युवक की शादी कुछ महीने पहले मोहम्मदाबाद गांव में हुई थी। पुलिस के मुताबिक मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। परिजनों से घटना को लेकर पूछताछ की गई है। गांव के ही कुछ लोगों के अनुसार युवक ने ग्रह क्लेश के कारण आत्महत्या की है।

### जसराना रामलीला मंचन की तैयारियाँ तेज

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर । जसराना । कस्बा के मोहल्ला कोठीपुरा स्थित सनातन धर्म रामलीला के संरक्षक ओमप्रकाश गुप्ता के आवास पर सोमवार को उनकी अध्यक्षता में सनातन धर्म श्री रामलीला कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी रामलीला मंचन की तैयारियों पर चर्चा की गई और अध्यक्ष पद के चुनाव का प्रस्ताव रखा गया। गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में पाँच सदस्यीय कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। इसमें नवीन शिवहरे अध्यक्ष, व्यापार मंडल, सचिन पवार, वरुण गुप्ता, अमित मोहन लोधी एवं ललित गुप्ता ह्यलकीह्न को चयनित किया गया। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उपस्थित जनों ने बधाई दी और रामलीला मंचन को भव्य व सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ओम ?प्रकाश गुप्ता, प्रमोद शिवहरे, अशोक गुप्ता, संजीव गुप्ता, धीरेन्द्र यादव, अमित गुप्ता, हिमांश बघेल, अमलेन्द्र कुमार, संजय गुप्ता, विकास ठाकुर, जीतू गुप्ता, मोहित गुप्ता, मुलायम सिंह, रामौतार गुप्ता, आकाश महेश्वरी, दीपक गुप्ता, श्रीराम गुप्ता सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फैक्ट्री में हुई मजदूर की मौत



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। फिरोजाबाद ।बुधवार की शाम जनपद के थाना लाइनपार क्षेत्र स्थित फारूखी गिलास फैक्ट्री में एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना रामगढ़ क्षेत्र के गांव कुतकपुर चनौरा निवासी 50 वर्षीय साहब सिंह के रूप में हुई है। जानकारी करने पर बताया गया कि साहब सिंह पिछले 15 वर्षों से फारूखी गिलास में कार्यरत थे। बुधवार शाम को उनकी अचानक मौत की खबर मिली। मौत की सूचना मिलते ही फैक्ट्री के अन्य मजदूरों ने काम बंद कर दिया और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मृतक के भतीजे रामपाल के अनुसार, मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना के बाद फैक्ट्री मालिक और ठेकेदार मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। थाना लाइनपार के इंस्पेक्टर राजेश कुमार पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मामले की जांच जारी है। पुलिस मृतक के परिजनों और प्रदर्शन कर रहे मजदूरों से बातचीत कर रही है।

### टूण्डला में भाजपा की भव्य तिरंगा यात्रा



नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूण्डला। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा नगर में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा दीपा चौराहे से प्रारंभ होकर एटा रोड स्थित जिलाध्यक्ष कार्यालय पर संपन्न हुई। इस दौरान जिलाध्यक्ष सहित पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे। हाथों में तिरंगा लिए कार्यकताओं ने देशभक्ति के नारों के साथ वातावरण को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। यात्रा के समापन पर जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर चेयरमैन भंवर सिंह, हनुमंत बघेल, सचिन जैन, प्रदीप जैन, युवा जिलाध्यक्ष आकाश शर्मा, नीलम दिवाकर, हरीश चौधरी, रोहित चौधरी, मनप्रीत सिंह, अजीत चौधरी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### दौड़ प्रतियोगिता 15 को

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो। टूंडला ।युवा शक्ति संगठन द्वारा 15 अगस्त को किसान इंटर कॉलेज ऐलई में दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, दौड़ में विजेताओ को प्रथम पुरस्कार वाशिंग मशीन, द्वितीय पुरस्कार वाटर कूलर, व तृतीय मिक्सी प्रेस दी जाएगी। यह जानकारी प्रदीप कुमार निषाद ने दी है।

## स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में निकाली तिरंगा यात्रा



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । बुधवार को 79 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में विकासखंड फिरोजाबाद में ब्लॉक प्रमुख डॉ लक्ष्मी नारायण यादव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया । इस दौरान देश की आजादी में बलिदान देने वाले भारत मां के वीर अमर शहीदों को याद किया गया । वीर शहीदों के देशभक्ति नारे भी लगाए । तिरंगा यात्रा के दौरान प्रभारी खंड विकास अधिकारी जितेंद्र यादव मुनीर अहमद रचना दीक्षित रितेश शर्मा रॉबिन यादव सुरेश चंद्र कृष्णपाल श्याम पांडे अजय करती गौरव यादव अजय पाल सिंह मनोज यादव तृप्ति पांडे जितेंद्र गौतम सौरभ बघेल रामसेवक उमेश बघेल रिंकू राजेश कुमार आदि के साथ ब्लॉक के सचिव तथा कर्मचारी मौजूद रहे ।

# करंट लगने से एक युवक की मौत





**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

टूंडला। सबमर्सिबल के स्टार्टर में हाई टेंशन करंट आने से किसान गंभीर रूप से झूलस गया। परिजन उपचार के लिए आगरा अस्पताल ले गए जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

कोमल सिंह (30) वर्षीय पुत्र लटूरी सिंह निवासी नगला केसो सुबह साढ़े नौ बजे नहाने के लिए सबमर्सिबल चला रहा था। इस बीच ट्रांसफार्मर में खराबी के कारण हाई टेंशन करंट स्टार्टर में प्रवाहित हो गया। जैसे ही कोमल सिंह ने स्टार्टर दवाया वह करेंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झूलस कर जमीन पर गिर पड़ा।

आनन -फानन में परिजन उपचार के लिए आगरा अस्पताल में ले गए। जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।हादसा की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया।

## छात्राओं की तिरंगा थीम पर आधारित हुई रंगोली प्रतियोगिता



**नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर ।**

शिकोहाबाद । बी0डी0एम0 म्यू0 डिग्री कॉलेज में प्राचार्या प्रो0 गीता यादवेन्दु के संरक्षण में बुधवार को हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत एनएसएस की योजना अधिकारी डॉ0 नम्रता प्रसाद के संयोजन से महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता का आयोजन ह्य तिरंगा थीम ह्य पर आधारित था । इस प्रतियोगिता में विभिन्न स्वयंसेविकाओ ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में देशभक्ति की भावना को जागृत एवं प्रचारित प्रसारित करना था। आयोजित इस रंगोली प्रतियोगिता में 12 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। छात्राऐं चार टीमों में विभाजित की गयी, जिसमें रानी लक्ष्मीबाई टीम, सरोजनी नायडू टीम, बेगम हजरत महल टीम एवं सावित्रीबाई फुले टीम।

निर्णायक मंडल में समाजाास्त्र की असि0प्रो0 डॉ0 पिंकी एवं ड्राइंग एण्ड पेटिंग की प्रवक्ता डॉ0 आशी रहीं। इस प्रतियोगिता में सावित्रीबाई फुले टीम ने प्रथम स्थान, रानी लक्ष्मीबाई टीम ने द्वितीय स्थान और बेगम हजरत महल व सरोजनी नायडू टीम ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में उपप्राचार्या प्रो0 शशि प्रभा तोमर, डॉ0 सीमारानी, डॉ0 नीलम, श्रीमती पूजा राजपूत, डॉ0 पल्लवी, कु0 बगिता आदि उपस्थित रहीं।

## छात्राओं ने निकाली पैदल तिरंगा रैली



**नेशनल एक्सप्रेस /तहसील रिपोर्टर।**

सिरसागंज। राजकीय महिला महाविद्यालय में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत एक पैदल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया` रैली की शुरूआत महाविद्यालय परिसर से हुई, जहाँ छात्राओं ने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर देशभक्ति के नारों के साथ नगर की प्रमुख सड़कों पर जनजागरूकता फैलाई। मार्ग में वंदे मातरम् , भारत माता की जय और हर घर तिरंगा - घर-घर तिरंगा जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए प्राचार्य डॉ. कांति शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा हम न केवल अपने गौरवशाली अतीत को सम्मान देते हैं बल्कि वर्तमान पीढ़ी को यह संदेश भी देते हैं कि आजादी की रक्षा करना हम सबकी जिम्मेदारी है। यह रैली केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक चेतना है–जो हर घर तक पहुँचनी चाहिए।

## माँ की डाँट से नाराज होकर घर से गया किशोर, पुलिस ने ढूँढकर किया परिजनों के सुपुर्द

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**



फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश में ऑपरेशन मुस्कान एक पुलिस-नेतृत्व वाली पहल है, जो लापता बच्चों को बचाने और पुनर्वास पर केंद्रित है। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य लापता बच्चों की पहचान करना, उन्हें बचाना और उनके परिवारों से मिलाना है, साथ ही बाल श्रम और तस्करी जैसे मुद्दों पर भी ध्यान देना है। इसी से संबंधित एक मामला थाना रामगढ़ में भी देखने को मिला कि आवेदिका बेबी पत्नी मोहम्मद शफीक निवासी मक्का कॉलोनी थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद रोते-घबराते हुए थाना रामगढ़ पर आई और आकर सूचना दी कि मैंने अपने बेटे अली उम्र 11 वर्ष को पढ़ाई करने को लेकर डांट दिया था। जिस कारण वह नाराज होकर कहीं चला गया है। हमने उसको अपनी रिश्तेदारी और आस-पड़ोस में काफी तलाश कर लिया लेकिन वह अभी तक नहीं मिला है। मैं बहुत परेशान हूं मेरा बच्चा ना जाने किस हालत में होगा। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए एसएसपी के निर्देशन में थाना प्रभारी संजीव दुबे ने टीम गठित कर आवेदिका बेबी के पुत्र अली को थाना रामगढ़ पुलिस के द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के तहत सकुशल बरामद कर उसके माता-पिता को सुपुर्द किया गया। परिजनों के द्वारा पुलिस की प्रशंसा की गई।

# फिरोजाबाद में मजार तोड़कर स्थापित की हनुमान जी की मूर्ति, गांव छावनी में तब्दील

**आरोपियों की तलाश में जुटी फिरोजाबाद पुलिस**



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा रातों रात पुरानी मजार को क्षतिग्रस्त कर वहां पर हनुमान जी की मूर्ति स्थापित कर दी। इस मामले की सूचना मिलते ही गांव मलखानपुर को छावनी में तब्दील कर गया दिया गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक यह पीर बाबा की मजार वर्षों पुरानी है। गांव में कभी भी इस मजार को लेकर कोई विरोध सामने नहीं आया। लेकिन देर रात यहां मजार पर किसी ने तोड़फोड़ कर दी है और मजार के ऊपर हनुमान जी की मूर्ति स्थापित कर दी है।

> अपर पुलिस अधीक्षक त्रिगुण बेसिन ने बताया कि ग्रामीणों से वार्ता की गई है क्षतिग्रस्त मजार को ठीक कराया जा रहा है इस कृत्य को अंजाम देने वाले लोगों की तलाश के लिए पुलिस ने दो टीमों का गठन किया है जल्द ही इन शरारती तत्वों को गिरफ्तार किया जाएगा।

ग्रामीणों के मुताबिक इस मामले की जानकारी गांव में किसी को नहीं है यह कब हुआ। जब लोग सुबह उठे और मजार की सफाई करने वाले लोग जब मजार की सफाई करने पहुंचे हैं तब जाकर उन्हें यहां हनुमान जी की मूर्ति रखी मिली। इसके बाद यहां भीड़ जुटना शुरू हो गई। इस शरारत की सूचना स्थानीय पुलिस को भी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत हनुमान जी की मूर्ति को मजार से हटाकर, क्षत्रिग्रस्त मजार को ठीक करने का काम शुरू किया है। वहीं गांव में पुलिस बल तैनात करते हुए यह कृत्य करने वालों की तलाश शुरू कर दी गई है।

# गैंगस्टर अमित कुमार उर्फ सीटू की अचल संपत्ति कुर्क

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत अमित कुमार उर्फ सीटू यादव की कुल मूल्य 57 लाख 14 हजार 04 सौ चौरासी जिसकी बाजारू कीमत करीब 01 करोड़ 25 लाख रुपए है की अचल सम्पत्ती को कुर्क कर जब्त किया। गैंगस्टर अमित कुमार उर्फ सीटू यादव द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर लगातार गम्भीर अपराध करके चल व अचल सम्पत्ती अर्जित की गयी है।

आरोपी पर आधा दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है। आरोपी अमित कुमार थाना नसीरपुर जनपद फिरोजाबाद का गेंगेस्टर आरोपी है।

आदतन एवं संगठित होकर गम्भीर अपराधों को अंजाम देने वाले गैंगस्टर अभियुक्तों पर कार्यवाही के क्रम में क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस ने राजस्व टीम के साथ गैंगस्टर के आरोपी अमित कुमार उर्फ सीटू यादव निवासी मौहल्ला गडरियान कस्बा व थाना सिरसागंज की अचल सम्पत्ती जिसमें तीन मंजिला मकान मौहल्ला गडरियान कस्बा व थाना सिरसागंज, मकान करहल रोड़ दीनानाथपुरम के पास मौहल्ला श्यामनगर, पाँच बीघा कृषि भूमि गाटा संख्या 1016 ग्राम रुधैनी, एक प्लॉट 111.52 वर्ग मीटर गाटा संख्या 1417 करहल रोड़ स्थित दीनानाथपुरम मौहल्ला श्यामनगर, एक प्लॉट 92.93 वर्ग मीटर गाटा संख्या 1330 अर्जुनपुरा सोथरा रोड़ के पास ग्राम सिरसाखास थाना सिरसागंज जिनकी कुल अनुमानित कीमत 57,14,484.80 रुपए और बाजारू कीमत करीब 01 करोड़ 25 लाख रुपए को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है।

## धनगर समाज ने मनाई अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

टूंडला। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की 229वी टूंडला विधानसभा के गांव हजरतपुर में पुण्यतिथि मनाई गई।

इस दौरान धनगर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भंवर सिंह धनगर एडवोकेट ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर धनगर समाज से ताल्लुक रखती थी उनका जन्म 31 मई 1725 में हुआ था। भारत के इतिहास में कुशल शासक में से एक थी उनकी शादी 8 वर्ष की आयु में हो गई थी।

सन 1767 में शासन की बागडोर संभाली इंदौर शहर को अब अहिल्या नगरी से जाना जाता है। अहिल्याबाई होल्कर ने कई हिंदू मंदिरों धर्मशाला का निर्माण कराया।

**खोया-पाया**

मेरी यूपी बोर्ड हाईस्कूल की अंक तालिका वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0129720 , एमजीडी बघेल इण्टर कालेज गोटपुर मैनपुरी की मूल प्रति वास्तव में कहीं खो गयी है ।

-- श्याम सिंह पुत्र संजय सिंह
निवासी-ग्राम-कौरारी,पोस्ट-कौरारी खेड़ा ,तहसील-सिरसागंज,जिला-फिरोजाबाद

# भारत और पाकिस्तान दोनों के साथ हमारे संबंध 'अच्छे' हैं: अमेरिका



**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, (भाषा)** अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अमेरिका के भारत एवं पाकिस्तान दोनों के साथ संबंध ''अच्छे'' हैं और राजनयिक ''दोनों देशों को लेकर प्रतिबद्ध'' हैं। विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका का दोनों देशों के साथ मिलकर काम करना क्षेत्र और विश्व के लिए अच्छी बात है तथा इससे लाभकारी भविष्य को बढ़ावा मिलेगा।

ब्रूस ने कहा, ''दोनों देशों के साथ हमारे रिश्ते जैसे पहले थे, वैसे ही बने हुए हैं जो अच्छी बात है और यही एक ऐसे राष्ट्रपति होने का फायदा है जो सबको जानते हैं, सबसे बात करते हैं...। इसलिए यह स्पष्ट है कि यहां के राजनयिक दोनों देशों के प्रति प्रतिबद्ध हैं।''उन्होंने पाकिस्तानी सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की ट्रंप के साथ बैठक के बाद हथियारों की बिक्री के मामले में पाकिस्तान के लिए अमेरिकी सहायता में वृद्धि की संभावना के बारे में पूछे गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए यह टिप्पणी की। उनसे यह भी सवाल किया गया था कि क्या यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ट्रंप के संबंधों की कीमत पर हो रहा है।

ब्रूस ने भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए सैन्य संघर्ष का उल्लेख करते हुए कहा, ''हमें पाकिस्तान और भारत के बीच उस संघर्ष का स्पष्ट रूप से अनुभव है जो काफी भयावह हो सकता था।'' अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप, उपराष्ट्रपति जे डी वेंस और विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने जो कुछ घटित हो रहा था, उससे निपटने के लिए ''तत्काल चिंता जताई और तत्काल कार्रवाई की... हमने फोन कॉल के बारे में जानकारी दी, हमलों को रोकने के लिए हमारे द्वारा किए गए कार्य और फिर पक्षों को साथ लाने के बारे में बताया ताकि हम कुछ ऐसा कर सकें जो स्थायी हो।''अमेरिका के शीर्ष नेता ''उस संभावित तबाही को रोकने'' के प्रयासों में शामिल थे। पाकिस्तान और उसकी सैन्य कार्रवाइयां अमेरिका की किसी मध्यस्थता के बिना तथा दोनों पड़ोसी देशों की सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद रोकी गई थीं।

## कुत्ते पढ़ सकते हैं आपका दिमाग और चेहरा

**लंदन, (द कन्वरसेशन)** जब आप रोते हैं तो आपका कुत्ता अपना सिर झुका लेता है, जब आप तनाव में होते हैं तो इधर-उधर टहलता है, और आपके सबसे बुरे पलों में किसी न किसी तरह आपके पास होता है। यह महज संयोग तो नहीं हो सकता। हजारों सालों के सह-विकास ने कुत्तों को हमारी आवाजों, चेहरों और यहां तक कि मस्तिष्क के रसायन विज्ञान को समझने के खास तरीके दिए हैं। हमारी बातचीत को समझने वाले मस्तिष्क के क्षेत्रों से लेकर हमारी नजरें मिलाने पर बढ़ने वाले 'लव हार्मोन' या ऑक्सीटोसिन तक, आपके कुत्ते का दिमाग आपकी भावनाओं को समझने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस असाधारण भावनात्मक बुद्धिमत्ता का प्रमाण मस्तिष्क में ही शुरू होता है। कुत्तों के मस्तिष्क में आवाज के प्रति संवेदनशील क्षेत्र होते हैं।

## अमेरिका, पाकिस्तान आतंकवादी संगठनों से निपटने के लिए द्विपक्षीय सहयोग मजबूत करने पर सहमत



**इस्लामाबाद, (भाषा)** पाकिस्तान और अमेरिका ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए), इस्लामिक स्टेट-खुरासान और तालिबान सहित प्रमुख आतंकवादी संगठनों से निपटने के लिए द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करने पर सहमति व्यक्त की है।

अमेरिका द्वारा पाकिस्तान स्थित बीएलए को एक विदेशी आतंकवादी संगठन घोषित किए जाने के एक दिन बाद मंगलवार को इस्लामाबाद में हुई द्विपक्षीय आतंकवाद-रोधी वार्ता के दौरान यह सहमति व्यक्त की गयी।

इस बैठक की सह-अध्यक्षता पाकिस्तान के संयुक्त राष्ट्र मामलों के विशेष सचिव नबील मुनीर और अमेरिका के विदेश मंत्रालय में आतंकवाद-रोधी कार्यवाहक समन्वयक ग्रेगरी डी. लोर्जेफो ने की।

संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों पक्षों ने ''आतंकवाद के सभी रूपों'' से लड़ने की अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। बयान में कहा गया है, ''दोनों प्रतिनिधिमंडलों ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी, आईएस-खुरासान और तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान से उत्पन्न खतरों सहित आतंकी खतरों से निपटने के लिए प्रभावी रणनीतियां बनाने के महत्व पर जोर दिया।''

पाकिस्तान और अमेरिका के बीच ''लंबे समय से चली आ रही साझेदारी'' को दोहराते हुए, दोनों पक्षों ने कहा कि आतंकवाद से निपटने और शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए ''लगातार संवाद'' बेहद जरूरी है।अमेरिका ने पाकिस्तान की ''उन आतंकवादी संगठनों पर काबू पाने में लगातार सफलताओं की सराहना की, जो क्षेत्र और दुनिया की शांति व सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करते हैं।''

## लॉस एंजिलिस में बुजुर्ग सिख व्यक्ति पर बेरहमी से हमला



**न्यूयॉर्क, (भाषा)** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में एक बुजुर्ग सिख व्यक्ति पर हमला करने के आरोप में एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में पीड़ित की खोपड़ी की हड्डी टूट गई और उसे संभवतः मस्तिष्काघात हुआ है। लॉस एंजिलिस के एक गुरुद्वारे के पास चार अगस्त को 70 वर्षीय हरपाल सिंह पर एक ''बेघर'' व्यक्ति बो रिचर्ड विटाग्लियानो ने उस समय हमला कर दिया था जब वह सैर कर रहे थे।

लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि 44 वर्षीय विटाग्लियानो को सिंह पर ''क्रूर हमला करने'' के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार किया गया।

विटाग्लियानो पर घातक हथियार से हमला करने का मामला दर्ज किया गया है और उसकी जमानत के लिए 11 लाख अमेरिकी डॉलर की राशि तय की गई है।पैरोकार समूह 'द सिख कोलिशन' ने कहा कि सिंह पर हुए क्रूर हमले के आरोप में संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है, लेकिन पुलिस इस मामले की घृणा अपराध के तौर पर जांच नहीं कर रही।

'द सिख कोलिशन' ने कहा कि हमले के कारण सिंह को बहुत गंभीर चोट आई है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने कहा कि चार अगस्त को कानून प्रवर्तन अधिकारियों को ''घातक हथियार से हमले की जांच'' के बारे में रेडियो कॉल पर सूचना मिली थी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि सिंह और विटाग्लियानो के बीच मारपीट हुई थी। विटाग्लियानो ''बेघर'' व्यक्ति है। पुलिस के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि वे यह नहीं देख पाए कि झगड़ा कैसे शुरू हुआ, लेकिन उन्होंने बहुत तेज शोर सुना।

## बच्चों को खाना खिलाना एक बड़ी समस्या

**एडिलेड, (द कन्वरसेशन)** कई परिवारों के लिए बच्चों को भोजन कराना रोजाना एक चुनौती होती है। कोई बच्चा अचानक अपना पसंदीदा खाना खाने से मना कर देता है, कोई दिन भर कुछ न कुछ खिलाए जाने के कारण चिड़चिड़ा हो जाता है, भाई-बहन खाने की मेज पर झगड़ने लगते हैं। लेकिन अगर माता-पिता और बच्चों की देखभाल करने वाले लोग इस बारे में सलाह के लिए सोशल मीडिया का रुख करते हैं, तो इससे फायदे से ज्यादा नुकसान हो सकता है। क्योंकि सोशल मीडिया पर बच्चों को खाना खिलाना बिल्कुल आसान लगता है।

हमारे नए शोध में पता चला है कि इंस्टाग्राम पर ऐसे कंटेंट की भरमार है, जिसमें भोजन के समय के अवास्तविक मानकों के बारे में बताया जाता है। इससे बच्चों की देखभाल करने वालों की समस्याएं और बढ़ सकती हैं। हम जानते हैं कि जब बच्चों को खाना खिलाने की बात आती है तो माता-पिता को कई दबावों का सामना करना पड़ता है, लेकिन उन्हें इस बारे में बहुत कम जानकारी होती है कि सोशल मीडिया किस प्रकार इन दबावों को बढ़ाने में योगदान दे रहा है।


## दक्षिण-पश्चिम पाकिस्तान में चार दिवसीय सुरक्षा अभियान में 50 आतंकवादी मारे गए



**इस्लामाबाद, (भाषा)** पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अशांत बलूचिस्तान प्रांत के सीमावर्ती क्षेत्र में चार दिवसीय अभियान के दौरान 50 आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना ने यह जानकारी दी। सेना ने मंगलवार रात जारी एक बयान में कहा कि सात से 11 अगस्त के बीच अफगानिस्तान की सीमा से लगे झोब जिले के संबाजा इलाके में अलग-अलग मौकों पर आतंकवादियों को निशाना बनाया गया। उसने बताया कि सात से नौ अगस्त के बीच सुरक्षा बलों द्वारा की गई सफल मुठभेड़ों के बाद ''47 ख्वारिज को जहन्नुम भेज दिया गया।'' पाकिस्तानी सेना प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान के लिए 'ख्वारिज' शब्द का इस्तेमाल करती है।

सेना ने बताया कि इसके बाद, 10 और 11 अगस्त की रात को पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर स्थित संबाजा के आसपास के इलाकों में तलाश अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान तीन और आतंकवादियों को ''सफलतापूर्वक मार गिराया गया'' और मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए गए। सरकारी 'एसोसिएटेड प्रेस ऑफ पाकिस्तान' की खबर के अनुसार, पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस सफल अभियान के लिए सुरक्षा बलों की मंगलवार को सराहना की। इस बीच 'डॉन' अखबार ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि सोमवार रात को ईरान की सीमा से लगे बलूचिस्तान के दक्षिणी वाशुक जिले में सुरक्षा बलों के काफिले पर घात लगाकर किए गए हमले में एक अधिकारी समेत नौ सुरक्षाकर्मी मारे गए।

## दौड़ने से नशे की लत से छुटकारा पाने में मिल सकती है मदद



**ओटावा, (द कन्वरसेशन)** नशे की लत एक व्यापक स्वास्थ्य समस्या है, जो हर पांच में से एक कनाडाई को उनके जीवनकाल में प्रभावित करेगी। उदाहरण के लिए नशीले पदार्थों की लत ने कई शहरों में उनके अत्यधिक सेवन का संकट खड़ा कर दिया है।

लत का इलाज चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि अलग-अलग लोगों पर अलग-अलग तरीके काम करते हैं। कुछ प्रांत जबरन इलाज पर विचार कर रहे हैं, और ऐसे तरीकों को और बढ़ावा दे रहे हैं जिनकी सफलता अब तक सीमित ही रही है।

नशा और खेल पर शोध करने वाले सामाजिक कार्य शोधकर्ताओं के रूप में, हमारा मानना है कि अब वैकल्पिक तरीकों पर विचार करने का समय आ गया है। ऊपरी तौर पर देखें तो नशे से छुटकारा पाना बस किसी पदार्थ को पीना या सूंघना छोड़ने का निर्णय लेने जितना आसान लग सकता है। हालांकि, यह उससे कहीं अधिक जटिल है।

लत किसी पदार्थ के साथ एक रिश्ते जैसी होती है। इस दृष्टि से देखें तो, लत से उबरने को उस रिश्ते से आगे बढ़ने की प्रक्रिया के रूप में समझा जा सकता है, जिसमें उसके बिना अलग तरह से जीना सीखना पड़ता है। शोध से पता चलता है कि व्यायाम लत से छुटकारा पाने में मदद कर सकता है। यह एक नशामुक्त आनंद है, जो मूड को बेहतर कर सकता है, लालसा (क्रेविंग्स) और मानसिक स्वास्थ्य के लक्षणों को कम कर सकता है, जिससे दोबारा नशे में लौटने से बचाव हो सकता है।

हालांकि, अमेरिका में विशेष रूप से नशे से छुटकारा पाने के लिए दौड़ने वाले लोगों के समूह मौजूद हैं, लेकिन अधिकतर शोध नशा-उपचार के दौरान क्लीनिक में ट्रेडमिल पर किए गए हैं। इससे कई सवाल अनुत्तरित रह जाते हैं जैसे लोग समय के साथ लत से उबरने की अपनी प्रक्रिया में दौड़ का उपयोग कैसे करते हैं, इससे किसे लाभ होता है और क्यों।

हम यह समझना चाहते थे कि दौड़ने से लोगों को नशीले पदार्थ या शराब के इस्तेमाल से नशामुक्त जीवन की ओर बढ़ने में कैसे मदद मिलती है। समय के साथ दौड़ने के अनुभव कैसे बढ़े और उन्होंने नशीली दवाओं या शराब की जगह कैसे ले ली? व्यक्ति द्वारा अनुभव की गई संवेदनाएं (दिल की धड़कन, सांस लेना) और पर्यावरण (शहर का शोर, प्रकृति की आवाज़ें) ने दौड़ने और शरीर के साथ उसके रिश्ते को कैसे आकार दिया?



### संक्षिप्त खबरें

## जमील के लिए अफसोस है, वह मुश्किल हालात में जिम्मेदारी संभाल रहे हैं: भूटिया

**नयी दिल्ली, (भाषा)** पूर्व भारतीय कप्तान बाईचुंग भूटिया को खालिद जमील के प्रति अफसोस है जिन्होंने ऐसे समय में राष्ट्रीय फुटबाल टीम की कमान संभाली है जब देश में यह खेल मुश्किल दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने जमील को इसलिए प्राथमिकता दी क्योंकि वह बहुत अधिक मांग नहीं करेंगे। स्पेन के मनोलो मार्केज़ की जगह लेने वाले जमील 13 वर्षों में सीनियर राष्ट्रीय टीम के मुख्य कोच नियुक्त होने वाले पहले भारतीय बन गए। भूटिया ने फिदेल कास्त्रो शताब्दी फुटबॉल कप के प्रदर्शनी मैच के बाद पीटीआई वीडियो से कहा, ''हमारे पास दो विश्व स्तरीय कोच थे। हमारे पास इगोर स्टिमक थे जिन्होंने क्रोएशियाई टीम को कोचिंग दी थी। हमारे पास मनोलो मार्केज़ थे जो सर्वश्रेष्ठ कोचों में से एक हैं।''उन्होंने कहा, ''अगर ये दोनों कोच महासंघ के साथ काम नहीं कर सकते, तो आप ऐसे लोगों को लाएंगे जो महासंघ की बात सुनेंगे और वही करेंगे जो महासंघ कहता है तथा महासंघ के सामने अपनी मांगें नहीं रखेंगे।''भूटिया ने कहा, ''मुझे लगता है कि जमील घरेलू कोच हैं और वह टीम के लिए नए हैं। उनके लिए मुझे अफसोस है क्योंकि वह ऐसे समय में टीम की कमान संभाल रहे हैं जब टीम काफी मुश्किल स्थिति में है।''

## किरण पोवार दलीप ट्रॉफी में पश्चिम क्षेत्र के कोच होंगे

**मुंबई, (भाषा)** मुंबई के पूर्व बल्लेबाज किरण पोवार को बुधवार को दलीप ट्रॉफी के लिए पश्चिम क्षेत्र की टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया जो 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू हो रही है। यह टूर्नामेंट इस सत्र में फिर क्षेत्रीय प्रारूप में खेला जाएगा जिसका आयोजन बेंगलुरु के बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' मैदानों में किया जाएगा। दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में उत्तर क्षेत्र का सामना पूर्व क्षेत्र से होगा। गुजरात के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पल्लव वोरा को सहायक कोच नियुक्त किया गया है। मुंबई क्रिकेट संघ द्वारा की गई अन्य नियुक्तियों में डॉ जयदेव पंड्या को फिजियो, महेश पाटिल को 'स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग' कोच, प्रदीपसिंह चंपावत को टीम का विश्लेषक और आकाश चौधरी को मालिशिया नियुक्त किया गया। दत्ता मिठबावकर टीम मैनेजर होंगे। प्रतियोगिता के 2023-24 में पिछले क्षेत्रीय चरण के फाइनल में पहुंची पश्चिम क्षेत्र और दक्षिण क्षेत्र की टीमें सेमीफाइनल चरण में अपना अभियान शुरू करेंगी जबकि अन्य चार टीमें क्वार्टर फाइनल से शुरुआत करेंगी।

## यास्तिका और राधा चमकी, भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को तीन विकेट से हराया

**ब्रिस्बेन, (भाषा)** यास्तिका भाटिया के अर्धशतक और कप्तान राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारत ए ने बुधवार को यहां पहले महिला एकदिवसीय क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलियाई टीम को 48 गेंद शेष रहते हुए तीन विकेट से हरा दिया। इस जीत से भारत अब तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे हो गया है। बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 45 रन देकर तीन विकेट लिए, जिससे भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया ए को 47.5 ओवर में 214 रन पर समेट दिया। भारतीय टीम ने इसके बाद भाटिया (70 गेंदों पर 59 रन) की अगुवाई में बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन से 42 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। भाटिया ने शेफाली वर्मा के साथ अच्छी शुरुआत की और पहले विकेट के लिए केवल 10.4 ओवर में 77 रन जोड़े। शेफाली के सियाना जिंजर की गेंद पर आउट होने के बाद भाटिया ने धारा गुज्जर (53 गेंदों पर 31 रन) के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 63 रन जोड़े जिससे भारत ने 23.3 ओवर में एक विकेट पर 140 रन बना लिए।

### रोहित के 756 अंक हैं और वह भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल (784) से पीछे हैं

# रोहित शर्मा आईसीसी एकदिवसीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे



**दुबई, (भाषा)** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने भविष्य को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच भारत के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

आईपीएल 2025 के बाद से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेलने वाले 38 साल के रोहित ने एक स्थान के फायदे से पाकिस्तान के बाबर आजम को पछाड़ा जो कैरेबिया में वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल में संपन्न एकदिवसीय श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बाद तीसरे स्थान पर खिसक गए। रोहित के 756 अंक हैं और वह भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल (784) से पीछे हैं जो पहले नंबर पर बने हुए हैं।

पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली 736 अंक के साथ चौथे स्थान पर बरकरार हैं। रोहित और कोहली दोनों ने भारतीय टीम के इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट प्रारूप से संन्यास की घोषणा कर दी थी लेकिन उन्होंने 50 ओवर के प्रारूप में खेलना जारी रखने की इच्छा व्यक्त की है। दोनों स्टार बल्लेबाज अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला खेल सकते हैं और उन्होंने लय में वापसी के लिए ट्रेनिंग शुरू कर दी है। मौजूदा रैंकिंग में भारत के पांच बल्लेबाज शीर्ष 15 में हैं जिसमें श्रेयस अय्यर आठवें और लोकेश राहुल 15वें स्थान पर हैं। इस बीच नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों को फायदा हुआ है। टिम डेविड ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के शुरुआती दो मैच में सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और दाएं हाथ का यह आक्रामक बल्लेबाज छह स्थान के सुधार से 10वें पायदान पर है। डेविड के टीम के साथी कैमरन ग्रीन भी छह स्थान के फायदे से 17वें स्थान पर हैं। डार्विन में दूसरे टी20 में 125 रन की रिकॉर्ड शतकीय पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस लंबी छलांग लगाते हुए 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पिछली रैंकिंग में वह शीर्ष 100 से बाहर थे। उनकी पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने श्रृंखला में 1-1 से बराबरी हासिल की। बल्लेबाजों की सूची में दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स (12 स्थान के फायदे से 27वें स्थान पर) जबकि गेंदबाजों की सूची में जोश हेजलवुड (तीन स्थान के फायदे से 20वें स्थान पर), कागिसो रबादा (15 स्थान के फायदे से 44वें स्थान पर) और लुंगी एनगिडी (14 स्थान के फायदे से 50वें स्थान पर) को फायदा हुआ है।

जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 2-0 के क्लीनस्वीप के दौरान अच्छे प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों की रैंकिंग में सुधार हुआ है।



## सभी देशों को टेस्ट खेलने की जरूरत नहीं है: ग्रीनबर्ग

**मेलबर्न, (भाषा)** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉड ग्रीनबर्ग का मानना है कि सभी देशों को टेस्ट खेलने की जरूरत नहीं है क्योंकि इससे वित्तीय रूप से कुछ कमजोर बोर्ड पर बोझ पड़ता है। उन्होंने कहा कि हालांकि टेस्ट खेलने वाले देशों की कोई निश्चित संख्या नहीं है लेकिन 'टेस्ट क्रिकेट की कमी हमारे लिए नुकसानदायक नहीं बल्कि फायदेमंद है'। ऑस्ट्रेलिया ने 2024-25 सत्र में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की मेजबानी की थी और अब वह इस साल के अंत में एशेज ट्रॉफी के लिए इंग्लैंड का स्वागत करने के लिए तैयार है। इस महीने के शुरु में भारत और इंग्लैंड ने पांच टेस्ट मैचों की प्रतिस्पर्धी श्रृंखला खत्म की जबकि ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड ने जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में एकतरफा जीत दर्ज की। इन नतीजों ने लाल गेंद क्रिकेट की वैश्विक संरचना पर फिर से बहस छेड़ दी है। ग्रीनबर्ग ने पत्रकारों से कहा, ''मुझे नहीं लगता कि टेस्ट खेलने वाले देशों की कोई निश्चित संख्या है। लेकिन मुझे लगता है कि भविष्य में टेस्ट क्रिकेट की कमी हमारे लिए नुकसानदायक नहीं बल्कि फायदेमंद होगी।'' उन्होंने कहा, ''मेरे कहने का मतलब है कि मुझे नहीं लगता कि विश्व क्रिकेट में हर किसी देश को टेस्ट क्रिकेट खेलने की इच्छा रखने की जरूरत है। इससे कोई परेशानी नहीं है।''ग्रीनबर्ग ने कहा, ''बहुत से परंपरावादी शायद इसे पसंद नहीं करें।

## अहलावत स्कॉटलैंड में संयुक्त 25वें स्थान पर रहे

**एबेरडीन (स्कॉटलैंड) (भाषा)** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत नेक्सो चैंपियनशिप के आखिरी दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद यहां 'ट्रंप इंटरनेशनल गोल्फ लिंक्स' में संयुक्त रूप से 25वें स्थान पर रहे। अहलावत का कुल स्कोर तीन ओवर का रहा। पिछले साल पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में शीर्ष पर रहने के कारण डीपी वर्ल्ड टूर में खेल रहे अहलावत ने चौथे और आखिरी दौर में तीन बर्डी के मुकाबले दो बोगी लगाये।

मौजूदा सत्र में डीपी वर्ल्ड टूर में यह सिर्फ तीसरा मौका है जब अहलावत शीर्ष 25 में रहे हैं। वह हीरो इंडियन ओपन में संयुक्त 17वें और ऑस्ट्रियन अल्पाइन ओपन में संयुक्त 13वें स्थान पर रहे थे। स्कॉटलैंड के ग्रांट फॉरेस्ट ने चार शॉट की बड़ी बढ़त के साथ डीपी वर्ल्ड टूर का अपना दूसरा खिताब जीता।

### इंग्लैंड दौरा काफी सहज रहा जहां एक कोच ने खुद से ज्यादा उन पर विश्वास किया

# गौतम भाई हमेशा मुझसे कहते हैं, 'तुम्हें अपनी प्रतिभा का अहसास नहीं है': गेंदबाज आकाशदीप



**नयी दिल्ली, (भाषा)** भारतीय तेज गेंदबाज आकाशदीप ने कहा कि उनका पहला इंग्लैंड दौरा काफी सहज रहा जहां एक कोच ने खुद से ज्यादा उन पर विश्वास किया, एक कप्तान ने मुश्किल समय में साथ दिया और माहौल घर जैसा था, जबकि परिस्थितियां विदेशी मैदान से ज्यादा घरेलू मैदान जैसी थी।

आकाशदीप ने एक मैच में 10 विकेट और दूसरे में अर्धशतक लगाकर भारत की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे वह रातों-रात स्टार बन गए लेकिन वह यह नहीं भूल सकते कि मुख्य कोच गौतम गंभीर ने ओवल में 66 रन बनाने के बाद उनसे क्या कहा था।

इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने पीटीआई से कहा, ''गौतम भाई ने मुझसे कहा, तुमको खुद पता नहीं तुम क्या कर सकते हो। देखो, मैं तुमसे कह रहा था कि तुम यह कर सकते हो। तुम्हें हमेशा इसी समर्पण के साथ खेलना होगा।''उन्होंने कहा, ''गौतम भाई बहुत ही जुनूनी कोच हैं। वह हमेशा हमें प्रेरित करते हैं। वह मेरी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों पर मुझसे भी ज्यादा विश्वास करते हैं।''रोहित शर्मा के नेतृत्व में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने और अब शुभमन गिल के नेतृत्व में खेलने के बाद बंगाल के इस तेज गेंदबाज के लिए सामंजस्य बिठाना आसान रहा है। उन्होंने कहा कि नया कप्तान शांत स्वभाव का है लेकिन मैदान पर उनके पास कई तरह के आईडिया होते हैं।

उन्होंने कहा, ''वह बहुत अच्छे कप्तान हैं। ऐसा नहीं है कि वह नए कप्तान हैं। वह पिछले कुछ वर्षों से आईपीएल में कप्तानी कर रहे हैं, जो एक बड़ा मंच है। यह अनुभव काफी मायने रखता है। जब एक कप्तान आपका समर्थन करता है और चीज़ों को अच्छी तरह समझता है तो इससे बहुत फ़र्क़ पड़ता है।''

आकाश दीप ने कहा, ''मैंने पिछले साल उनकी कप्तानी में दलीप ट्रॉफी खेली थी। वह एक शांत प्रकृति के खिलाड़ी हैं और उनके पास ढेर सारे आइडिया होते हैं।

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर





सभी कर्मचारियों को एवियन इंफ्लुएंजा के लक्षण, संक्रमण के तरीके और उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी जाए, साथ ही उन्हें पीपीई किट सहित सभी सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं, जिससे वे सुरक्षित रहकर अपने दायित्व का निर्वहन कर सकें।

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



दयाशंकर सिंह गोमती होटल लखनऊ में मंत्री जयवीर सिंह द्वारा आयोजित सामूहिक भोज में विधानसभा एवं विधान परिषद के सदस्यों के साथ सम्मिलित हुए।






# वकील ने राहुल की सहमति के बिना अदालत में की जान के खतरे की बात, आज वक्तव्य वापस लेंगे



पुणे/नयी दिल्ली, (भाषा) कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के वकील ने मानहानि मामले में सुनवाई कर रही पुणे की एक अदालत में एक आवेदन में बुधवार को दावा किया कि उनके मुवक्किल को विनायक दामोदर सावरकर और नाथूराम गोडसे की विचारधारा के लोगों से खतरे की आशंका है, हालांकि बाद में उन्होंने बृहस्पतिवार को यह लिखित वक्तव्य वापस लेने की बात कही।

राहुल गांधी के वकील मिलिंद पवार ने अदालत में आवेदन दायर करने के कुछ घंटे बाद एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उन्होंने अपने अपने मुवक्किल (राहुल) की सहमति के बिना यह आवेदन दायर कर दिया था। पवार ने कहा, ''मेरे मुवक्किल ने यह लिखित वक्तव्य दायर करने पर कड़ी आपत्ति जताई और आवेदन में की गई बातों को लेकर असहमति जताई। वकील ने कहा, ''मैं कल एक औपचारिक आवेदन दायर करूंगा और अदालत के समक्ष बुधवार को दायर लिखित वक्तव्य को वापस लूंगा।''

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने वकील की विज्ञप्ति को साझा करते हुए 'एक्स' पर पोस्ट किया कि राहुल गांधी के वकील बृहस्पतिवार को अपना लिखित वक्तव्य वापस लेंगे।

खेड़ा ने कहा, ''राहुल गांधी के वकील ने बिना उनकी सहमति के अदालत में उनकी जान को खतरे की बात रखी। राहुल गांधी को इस बात से घोर आपत्ति है और कल उनके वकील अदालत में अपना यह वक्तव्य वापस लेंगे।''

राहुल गांधी, विनायक दामोदर सावरकर के पौत्र सत्यकी सावरकर द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे का सामना कर रहे हैं। उनके वकील ने पुणे में सांसदों और विधायकों के खिलाफ मामलों की विशेष अदालत के समक्ष एक आवेदन में यह दावा किया था। इस मामले में मुकदमा अभी शुरू होना है। यह गांधी द्वारा स्वतंत्रता सेनानी एवं हिंदुत्व विचारक वी डी सावरकर के खिलाफ की गईं कथित टिप्पणियों से संबंधित है।

राहुल गांधी के वकील मिलिंद पवार द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) अमोल शिंदे के समक्ष दायर किए गए आवेदन में कहा गया था कि शिकायतकर्ता सत्यकी सावरकर ने स्वीकार किया था कि वह मातृवंश के माध्यम से नाथूराम गोडसे और गोपाल गोडसे के भी प्रत्यक्ष वंशज हैं।

नाथूराम और गोपाल गोडसे महात्मा गांधी की हत्या के मामले में प्रमुख आरोपी थे।

आवेदन में कहा गया कि गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता हैं और उन्होंने हाल में नयी दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर देश के सामने निर्वाचन आयोग द्वारा कथित चुनाव धोखाधड़ी किए जाने के सबूत रखे थे। इसमें कहा गया था कि उन्होंने संसद परिसर में भी विरोध प्रदर्शन किया और ''वोट चोर सरकार'' जैसे नारे लगाए तथा हिंदुत्व विषय पर संसदीय बहस के दौरान प्रधानमंत्री और नेता विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई, जो कि जनता को अच्छी तरह से ज्ञात है। आवेदन में कहा गया था, ''इसके मद्देनजर, इसमें कोई संदेह नहीं है कि शिकायतकर्ता, विनायक सावरकर की विचारधारा से जुड़े लोग और सावरकर के कुछ अनुयायी जो वर्तमान में सत्ता में हैं, गांधी के प्रति शत्रुता या नाराजगी रखते होंगे।''

इसमें कहा गया था, ''शिकायतकर्ता के वंश से जुड़ी हिंसक और संविधान-विरोधी प्रवृत्तियों के इतिहास और मौजूदा राजनीतिक माहौल को देखते हुए, इस बात की स्पष्ट, उचित और पर्याप्त आशंका है कि राहुल गांधी को नुकसान पहुंचाया जा सकता है या अन्य प्रकार से निशाना बनाया जा सकता है...।''

आवेदन में कहा गया था कि चरमपंथी गुटों से जुड़ी राजनीतिक हिंसा के ऐतिहासिक रिकॉर्ड और शिकायतकर्ता की राजनीतिक-वैचारिक विरासत तथा वर्तमान में बढ़ती शत्रुता के माहौल को देखते हुए, यह आशंका न तो अस्पष्ट है और न ही निराधार है।

इसमें इस बात का भी उल्लेख था कि ऐसी परिस्थितियों में निवारक सुरक्षा न केवल विवेकपूर्ण है, बल्कि सरकार का संवैधानिक दायित्व भी है।

वकील ने कहा था, ''इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि विनायक दामोदर सावरकर की असंवैधानिक विचारधारा और विचारों से प्रेरित तथा नाथूराम और गोपाल गोडसे जैसी खतरनाक मानसिकता रखने वाले कुछ लोग गांधी के जीवन के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं।''

**सनातन चेतना की शाश्वत प्रतीक, नारी शक्ति की अद्वितीय प्रतिमूर्ति देवी अहिल्याबाई होल्कर को पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि**


# देवी अहिल्याबाई होल्कर जी धर्म व न्याय की अडिग प्रहरी: स्वामी चिदानन्द सरस्वती

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

ऋषिकेश, ।सम्पूर्ण भारत का गौरव, मालवा की पुण्यभूमि का प्रकाश, सनातन चेतना की शाश्वत ज्योति और नारी शक्ति की अद्वितीय प्रतिमूर्ति देवी अहिल्याबाई होल्कर जी की पुण्यतिथि पर आज परमार्थ निकेतन से श्रद्धासुमन अर्पित किये। वे एक उत्कृष्ट शासक, धर्म, न्याय, सेवा और राष्ट्रभक्ति का जीवंत आदर्श है, जो आज भी समाज को प्रेरित करती है।

देवी अहिल्याबाई होल्कर जी धर्म व न्याय की अडिग प्रहरी थी। उन्होंने 18वीं शताब्दी में न केवल मालवा का कुशलतापूर्वक शासन किया, बल्कि सम्पूर्ण भारत के आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पुनर्जागरण में भी अपना अनुपम योगदान दिया। वे एक ऐसी शासिका थीं, जिनके लिए सत्ता साधन थी, साध्य नहीं। उनका शासन न्याय, करुणा और पारदर्शिता का प्रतीक था। प्रजा उनके लिए परिवार के समान थी और उनके निर्णय सदैव धर्मसम्मत व जनकल्याणकारी होते थे।

वे सेवा व पुनर्निर्माण का अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने काशी, उज्जैन, सोमनाथ, द्वारका, हरिद्वार, रामेश्वरम्, गंगोत्री, बद्रीनाथ और कई तीर्थस्थलों पर मंदिरों, घाटों और धर्मशालाओं का निर्माण कराया। उनके द्वारा पुनर्निर्मित काशी विश्वनाथ मंदिर आज भी उनकी श्रद्धा और संकल्प का साक्षी है। गंगा, यमुना, नर्मदा सहित कई पवित्र नदियों के किनारे उन्होंने घाटों का निर्माण कर तीर्थयात्रियों के लिए



● सेवा व पुनर्निर्माण का अद्वितीय उदाहरण देवी अहिल्याबाई होल्कर जी

सुविधाएं सुनिश्चित कीं।

वे नारी शक्ति के रूप में एक प्रेरणा है। उन्होंने दिखाया कि नारी केवल परिवार का आधार ही नहीं, बल्कि राष्ट्र व धर्म की भी सशक्त संरक्षिका हो सकती है। उनके जीवन से यह संदेश मिलता है कि कठिन परिस्थितियाँ भी दृढ़ निश्चय और धर्मनिष्ठा के आगे झुक जाती हैं।

स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने विदेश की धरती से अहिल्याबाई होल्कर जी को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुये कहा कि वे राष्ट्रभक्ति और सनातन मूल्यों की संरक्षिका थी। उन्होंने शासन को राजनीतिक दायित्व न मानकर राष्ट्र की सेवा का माध्यम बनाया। उनका जीवन और कार्य संस्कृति, धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए पूर्णतः समर्पित था। उन्होंने भारतीय संस्कृति की आत्मा, सनातन धर्म को न केवल संरक्षित किया बल्कि उसे जन-जन तक पहुँचाने का कार्य भी किया।

आज जब समाज भौतिकता की दौड़ में अपनी जड़ों से दूर होता जा रहा है, अहिल्याबाई का जीवन हमें स्मरण कराता है कि सच्ची प्रगति वही है जो सेवा, धर्म और नैतिकता के पथ पर चले। उनका आदर्श युवाओं के लिए यह प्रेरणा है कि नेतृत्व केवल सत्ता पाने का नहीं, बल्कि जनकल्याण करने का साधन है।देवी अहिल्याबाई होल्कर का जीवन इस सत्य का प्रमाण है कि शक्ति, सेवा और संस्कार जब एक साथ चलते हैं तो इतिहास में अमर हो जाते हैं। उनकी पुण्यतिथि पर हम सब यह संकल्प लें कि जीवन में धर्म, न्याय और सेवा के पथ पर चलकर भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाएँगे।

# योगी आदित्यनाथ ने उप्र में 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत की, इसे राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बताया



लखनऊ, ( (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को 79वें स्वतंत्रता दिवस से पहले राज्य की राजधानी में 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत की और इसे राष्ट्रीय गौरव तथा स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों और सैनिकों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बताया।

स्वतंत्रता दिवस से दो दिन पहले कालिदास मार्ग पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक सहित राज्य के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

जनसमूह को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशभक्ति के संदेश को घर-घर पहुँचाने के आह्वान के अनुरूप आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, ''हमारा देश आज़ादी के 78 वर्ष पूरे कर रहा है और अमृत काल में प्रवेश कर चुका है।

प्रत्येक भारतीय को संविधान, राष्ट्रीय प्रतीकों, महान क्रांतिकारियों और विभूतियों के प्रति सम्मान और समर्पण का भाव रखना चाहिए। पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री के आह्वान पर, राष्ट्रवाद की यह भावना घर-घर पहुंच रही है और हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से हम इसे फलते-फूलते देख रहे हैं।''

# प्रो. रामजीलाल जांगिड की स्मृति में आईआईएमसी में हुआ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन







महेंद्र कुमार

नई दिल्ली भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) के हिंदी पत्रकारिता विभाग के संस्थापक प्रमुख और प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. डॉ. रामजीलाल जांगिड की स्मृति में 12 अगस्त को आईआईएमसी ऑडिटोरियम, दिल्ली में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ।

साध्वी प्रज्ञा भारती जी, संस्थापक, संभव इंटरनेशनल फाउंडेशन, ने इस अवसर पर भजन संध्या के माध्यम से उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। सुर और भाव के इस संगम ने वातावरण को आध्यात्मिक और भावुक बना दिया। उन्होंने आईआईएमसी (भारतीय जन संचार संस्थान) के सभी अभिभावकों के प्रति भी हृदय से आभार प्रकट किया। साध्वी प्रज्ञा भारती जी प्रो जांगिड़ को अपना नाना मानती है उन्होंने कहा कि उनके नाना प्रो रामजीलाल जांगिड़ ने उनको बताया कि उनके इस संसार से जाने के बाद उनका परिवार यानी कि तमाम विद्यार्थियों को जिनको उन्होंने पढ़ाया है जोड़कर रखना है।

इस अवसर पर डॉ प्रज्ञा पालीवाल गौड़ कुलपति आईआईएमसी ने कहा कि प्रो जांगिड़ ने हिंदी पत्रकारिता को लेकर आईआईएमसी में बहुत कार्य किया है। मेरा उनके साथ बहुत पर्सनल कनेक्ट था। हम प्रयास करेंगे के उनके विचारों पर आधारित एक पुस्तक का प्रकाशन किया जा सकें। डॉ बृजेश राजपूत ने इस मौके पर कहा कि IIMC में डॉ जांगिड़ ने हिंदी पत्रकारिता को एक वट वृक्ष के रूप में खड़ा किया। उन्होंने आईआईएमसी में गुरु शिष्य परंपरा को विस्तारित किया। उन्होंने संस्थान के छात्रों को एक शिक्षक और एक पिता के रूप में सबको अपना प्रेम दिया। वरिष्ठ पत्रकार संगीता तिवारी ने कहा कि जांगिड़ सर के साथ उनका औपचारिक रिश्ता नहीं था। उन्होंने अपने छात्रों के मध्य हिंदी भाषा को लेकर गर्व करने की प्रेरणा देने का किया किया। वरिष्ठ पत्रकार राणा यशवंत ने इस अवसर पर कहा कि उन्होंने अपनी शर्तों पर अपना जीवन जिया। उनका शिष्य होना मेरे लिए गर्व की बात है। उनके मार्गदर्शन के कारण ही आज मैं पत्रकारिता क्षेत्र में कार्य कर पा रहा हूं। उनका आदेश हमारे लिए जिम्मेदारी थी। गांव से आए हुए कमज़ोर लड़कों को उनके विचारों ने मजबूत बनाया ताकि वे कभी मार ना खा सकें। प्रो प्रदीप माथुर अंग्रेजी पत्रकारिता विभाग आईआईएमसी पूर्व अध्यक्ष ने इस मौके पर कहा कि उनके साथ मेरा बहुत अच्छा जुड़ाव रहा। वह विद्यार्थियों को रोजगार मिले इसके लिए बहुत प्रयास किया करते थे।

प्रो गोविंद सिंह जी ने इस अवसर पर कहा कि प्रो जांगिड़ ने मुझे पत्रकारिता से शिक्षा की तरफ जोड़ने के लिए प्रेरणा देने के का कार्य किया। वह कभी खाली नहीं बैठा करते थे। उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री राम आसरे सिंह ने कहा कि प्रो जांगिड़ के विचारों को जन मानस तक पहुंचाने के लिए प्रयास करने की जरूरत है ।कार्यक्रम में प्रो जांगिड़ के अनेक शिष्य, सहयोगी और वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे, जिनमें राजश्री जी, अनुपम श्रीवास्तव जी, संगीता जी, बृजेश जी, अनुरंजन जी, सुरेश जी, प्रो. प्रदीप माथुर, राणा जी, मनोज जी सहित कई पूर्व छात्र शामिल थे। प्रो. जांगिड के सभी शिष्यों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए कहा कि उनकी शिक्षाएं, सिद्धांत और भारतीय भाषाओं के प्रति उनका आग्रह सदैव स्मरणीय रहेगा। इस अवसर को आगरा से सांसद एवं केंद्रीय मंत्री प्रो एस पी सिंह बघेल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से सुशोभित किया।

डॉ. सविता रॉय, प्राचार्या, दौलत राम कॉलेज; तथा प्रो. राकेश उपाध्याय जी की विशेष उपस्थिति दर्ज हुई। भारतीय भाषाओं में मीडिया शिक्षा के प्रबल समर्थक रहे प्रो. जांगिड ने अपने जीवनकाल में पत्रकारिता और शिक्षण के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया। उनकी सरल, प्रेरणादायी और दूरदर्शी सोच ने सैकड़ों विद्यार्थियों को मार्गदर्शन और दिशा दी।

# उत्तर प्रदेश के देवरिया में पैसे न देने पर बेटे ने की पिता की चाकू से हत्या

देवरिया (उप्र), (भाषा) देवरिया जिले के लार कस्बे में एक व्यक्ति ने कथित रूप से धन नहीं देने पर अपने पिता की चाकू से हमला करके हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी।

अपर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बुधवार को यहां बताया कि लार कस्बा निवासी चंदन चौहान (45) से उसके बेटे रवि (25) ने मंगलवार की शाम किसी काम के लिये कुछ रुपए मांगे थे लेकिन पिता के धन देने से इनकार करने पर दोनों के बीच झगड़ा हो गया और इसी दौरान रवि ने चौहान के पेट में चाकू घोंप दिया। उन्होंने बताया कि चौहान ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।--

# ग्रुप केन्द्र, सी.आर.पी.एफ., राँची के द्वारा "तिरंगा यात्रा" का आयोजन किया गया








नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सीआरपीएफ जवानों व बच्चों ने निकाली 350 फीट लम्बा तिरंगा यात्रा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गृह मंत्रालय द्वारा चलायी जा रही मुहिम को आगे बढ़ाते हुए आज दिनांक 13 अगस्त को ग्रुप केन्द्र, सी.आर.पी.एफ., राँची के द्वारा "तिरंगा यात्रा" का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ग्रुप केन्द्र, के डी.आई.जी. श्री डी. एन. लाल के नेतृत्व में संयुक्त रुप से ग्रुप केन्द्र एवं ग्रुप केन्द्र कैम्पस के अन्दर अवस्थित रेंज राँची, संयुक्त अस्पताल, 6 वी. सिग्नल, शस्त्र कार्यशाला व वी.आई.पी. सुरक्षा बटालियन के अधिकारियों एवं कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों तथा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के बच्चों द्वारा ग्रुप केन्द्र राँची कैम्पस से बालालौंग चौक तक 350 फीट लम्बा तिरंगा झण्डा की यात्रा निकाली गयी।

यात्रा के दौरान बल के कार्मिकों द्वारा रास्ते में मिलने वाले नागरिकों को तिरंगा झण्डा वितरित किया गया तथा इसके महत्व के बारे में जानकारी दी गयी। सम्पूर्ण वातावरण "भारत माता की जय" और "वन्दे मातरम्" के नारों से गूँज उठा।

ग्रुप केन्द्र के डी.आई.जी. श्री डी. एन. लाल ने अपने सम्बोधन में कहा कि साहस, वीरता, निष्ठा एवं राष्ट्र प्रेम के त्यौहार स्वतंत्रता दिवस के इस अवसर पर प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी हमने भारत सरकार के "हर घर तिरंगा" अभियान को जोर देते हुए ग्रुप केन्द्र के आस-पास के इलाकों के अलावा राँची शहर में भी जाकर तिरंगा साईकिल यात्रा, तिरंगा पद यात्रा, तिरंगा बाईक रैली आदि का आयोजन किया एवं तिरंगा झण्डा वितरित किया।

इसके साथ ही हमने लोगों के अन्दर देश प्रेम की भावना जागृत करते हुए इसके महत्व के बारे में बताया कि ये स्वंतत्रता हमें ऐसे ही नहीं मिली, इसके लिए ना जाने कितनी कुर्बानियाँ हमारे पूर्वजों ने दी है।

इस तिरंगा यात्रा को सफल बनाने में रेंज राँची के डी.आई.जी. श्री सुनील कुमार ने अपने अधिकारियों के साथ विशेष योगदान दिया। साथ ही समस्त अधिकारीगण एवं कार्मिक, महिलाएं व सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्कूल के प्रिंसिपल श्री ललन कुमार के निर्देशन में स्कूली बच्चों ने नागरिकों को जागरुक किया।

# उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में आवारा कुत्तों के झुंड ने महिला को नोच-नोच कर मार डाला

कुशीनगर (उप्र), (भाषा) उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में कथित तौर पर आवारा कुत्तों के झुंड ने मानसिक रूप से विक्षिप्त एक महिला को नोच-नोच कर मार डाला। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि यह घटना मंगलवार रात हाटा थाना क्षेत्र के गांव अर्जुन डुमरी में हुई। हाटा के थाना प्रभारी रामसहाय चौहान ने बताया कि शाम करीब सात बजे उन्हें सूचना मिली कि माधुरी (30) नामक एक महिला का शव ग्राम पंचायत भवन के पास धान के खेत में पड़ा है और आवारा कुत्ते उसे नोच रहे हैं। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे, कुत्तों को भगाया और शव को कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला मानसिक रूप से विक्षिप्त थी और संभवतः मंगलवार को किसी कारणवश पंचायत भवन के पीछे गई होगी, जहां उसकी मौत हो गई।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।